वर्ष 72 ▸ अंक 253 ▸ पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 11 जून, 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


"अज्ञानता से उत्पन्न गलतफहमी भय को जन्म देती है, और भय शांति का सबसे बड़ा दुश्मन होता है।
- मार्टिन लूथर किंग जूनियर

## ऑफ बीट

### दूसरी सबसे कम उम्र की स्कूबा डाइवर बनी श्रेष्ठा



*यह सब एक शाम को शुरू हुआ जब 10 वर्षीय श्रेष्ठा चंद्रा अपने पिता के साथ एक डॉक्यूमेंट्री देख रही थी। स्क्रीन पर गोताखोर कछुओं और शार्क के साथ शांति से तैर रहे थे। उन्हें देखकर उसने कहा, वाह! मैं भी ऐसा करना चाहती हूं। उसके पिता कहा–चलो देखते हैं।*

*उस छोटे से पल ने कुछ बड़ा कर दिखाया। आज, त्रिवेंद्रम की वही लड़की 2025 के लिए दुबई की सबसे कम उम्र की प्रमाणित स्कूबा गोताखोर है। वह अब दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की स्कूबा गोताखोर भी है। श्रेष्ठा को उसकी बड़ी बहन स्लोका ने प्रेरित किया, जिसकी उम्र 13 साल है। स्लोका रोमांच पसंद है। जब वह डाइविंग सेंटर में स्कूबा डाइविंग क्लास में शामिल हुई, तो श्रेष्ठा भी इसका हिस्सा बन गई। श्रेष्ठा कहती है कि पहली बार पानी के अंदर जाना कुछ ऐसा था, जिसे वह कभी नहीं भूल पाएगी।*

## संक्षिप्त खबरें

### लोस के डिप्टी स्पीकर चुनाव कराएं पीएम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को पीएम मोदी को लेटर लिखा है। इसमें लोकसभा के डिप्टी स्पीकर (उपाध्यक्ष)



के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। खड़गे ने लेटर में लिखा–स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए खाली रहा है। 17वीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था। यह चिंताजनक मिसाल मौजूदा 18 लोकसभा में भी जारी है। यह भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं है और संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा–देश में अब तक 14 डिप्टी स्पीकर रह चुके हैं। इतिहास रहा है कि डिप्टी स्पीकर का ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### चैट जीपीटी लगभग सवा तीन घंटे तक रहा डाउन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एआई चैटबॉट चैट जीपीटी मंगलवार दोपहर डाउन हो गया। इसके चलते यूजर्स को समस्याओं का सामना करना पड़ा। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, यह समस्या दोपहर 12 बजे आईएसटी से शुरू हुई और दोपहर 3.15 बजे तक बनी रही। इस तरह सवा तीन घंटे तक चैट जीपी ठप रहा। डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, 88 प्रतिशत समस्याएं चैट जीपीटी के वेब ऐप से संबंधित थीं, जबकि केवल 8 प्रतिशत यूजर्स ने मोबाइल ऐप और 3 प्रतिशत ने एपीआई से संबंधित शिकायतें दर्ज कीं। यानी यह समस्या सभी चैटजीपीटी यूजर्स को प्रभावित नहीं कर सकी। खबर लिखे जाने तक, ओपन एआई की ओर से इस आउटेज के कारणों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया था। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह आउटेज कितना बड़ा है और कितने यूजर्स इससे प्रभावित हुए हैं। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, यह समस्या मुख्य रूप से भारत में केंद्रित है, लेकिन ओपन एआई से इसकी पुष्टि नहीं हो सकी।

## राजा रघुवंशी मर्डर मिस्ट्री: शिलॉन्ग पुलिस का दावा-चैट से हुए कई खुलासे

# शादी के तीन दिन बाद ही रच ली थी सोनम ने राजा की हत्या की साजिश

**शिलॉन्ग, इंदौर, जेएनएन।** राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में सोनम और उसके कथित प्रेमी राज की चैट से एक और बड़ा खुलासा हुआ है। इस चैट से पता चलता है कि सोनम ने पति की हत्या का प्लान शादी के तीसरे दिन ही बना लिया था। यह दावा शिलॉन्ग पुलिस ने किया है। प्लान के मुताबिक ही वह राजा को घर से दूर शिलॉन्ग की दुर्गम पहाड़ियों पर हनीमून के लिए लेकर गई थी। चैट में राज से कहा था कि वह खुश नहीं है और राजा उसके करीब आ रहा है, जो उसे बिल्कुल भी अच्छा नहीं लग रहा। उसने चैट में कहा था कि वह जिस इंसान को बिल्कुल पसंद नहीं करती, वह उसके करीब आने का जब प्रयास करता है, तो मेरी जिंदा रहने की इच्छा खत्म हो जाती है। इसका कुछ करना पड़ेगा। अगर जल्दी ही कुछ नहीं किया गया तो अनर्थ हो जाएगा।

सोनम ने राजा को मारने का प्लान राज के साथ मिलकर ही बनाया था। चैट से यह भी खुलासा हुआ है कि सोनम ने शिलॉन्ग जाने का टिकट तो किया था, लेकिन आने का नहीं किया था। हालांकि, पुलिस ने यह नहीं बताया कि यह चैट सोशल मीडिया के किस प्लेटफॉर्म की है। पुलिस ने एक दावा यह भी किया है कि पति को सोनम ने ही खाई में धक्का दिया था। गौरतलब है कि राजा–सोनम की 11 मई को शादी हुई। 21 मई को राजा–सोनम शिलॉन्ग पहुंचे थे। 23 मई को परिवार से आखिरी बात की। 2 जून को राजा का शव मिला। 17 दिन से गायब सोनम एक दिन पहले 9 जून को गाजीपुर में मिली थी। इसके बाद ही हत्याकांड का खुलासा हुआ।



पटना एयरपोर्ट पर फ्लाइट का इंतजार करती सोनम।

### पटना से कोलकाता के रास्ते शिलॉन्ग ले गई पुलिस

शिलॉन्ग पुलिस सोनम को पटना लेकर गई थी, जहां के फुलवारी शरीफ थाने में सोनम करीब छह घंटे (सुबह 6:15 बजे 11:35 बजे तक) रही। थाने में सोनम को चाय और बिस्किट दिया गया लेकिन उसने नहीं खाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि वह टेबल पर सिर रखकर रोती नजर आई। इसके बाद सोनम को लेकर मेघालय पुलिस पटना एयरपोर्ट पहुंची। सुरक्षा कारणों से सोनम को समय से पहले ही एयरपोर्ट लाया गया था। यहां वह दो सादी वर्दी वाले पुलिसकर्मियों के साथ लाउंज में बैठी दिखी। सोनम को शाम 4 बजे इंडिगो की फ्लाइट से कोलकाता ले जाया गया, वहां से गुवाहाटी होते हुए पुलिस शिलॉन्ग ले गई।

### राजा की हत्या के बाद ट्रेन से इंदौर आई थी सोनम

- पुलिस ने एक और दावा किया है। राजा की हत्या के बाद सोनम 25 मई को शिलॉन्ग से सिलीगुड़ी के रास्ते ट्रेन से इंदौर पहुंची थी।
- शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम ने कहा कि सोनम इंदौर आने के बाद किराए के कमरे में रुकी थी। उसे एक ड्राइवर ने वाराणसी में ड्रॉप किया था, जहां से वह गाजीपुर पहुंची थी।

### इंदौर पुलिस ने जब्त किए आरोपी विशाल के कपड़े

इस बीच, इंदौर में क्राइम ब्रांच और मेघालय पुलिस की टीम आरोपी विशाल को लेकर उसके घर पहुंची और कपड़े जब्त किए। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, राजा पर पहला वार विशाल ने ही किया था। शाम को मेघालय पुलिस चार आरोपियों को लेकर फ्लाइट से कोलकाता पहुंच गई।

### इंदौर में एक आरोपी को एयरपोर्ट पर थप्पड़ मारा

इंदौर एयरपोर्ट पर उस समय अफरातफरी जैसा माहौल बन गया जब पुलिस राजा हत्याकांड के आरोपियों को लेकर पहुंची। दरअसल, एयरपोर्ट पर पहले से ही मौजूद एक शख्स ने एक आरोपी को थप्पड़ मार दिया है। जिस व्यक्ति ने आरोपी को थप्पड़ मारा था, उसे पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है। अब इंदौर पुलिस उससे पूछताछ करेगी कि उसने थप्पड़ क्यों मारा। हालांकि, माना यह जा रहा है कि राजा हत्याकांड के बाद समाज में जो गुस्सा है, आरोपी को थप्पड़ उसी का नतीजा है। इंदौर पुलिस ने इस मामले पर अभी किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।



# ऑस्ट्रिया: हाईस्कूल छात्र ने की गोलीबारी, 11 की मौत

**विएना, जेएनएन।** ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में मंगलवार सुबह एक हाई स्कूल में फायरिंग की घटना हुई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हो गए। संदिग्ध हमलावर का भी शव बरामद किया गया है। घायलों में चार की हालत बेहद गंभीर है। कुछ लोगों के सिर में भी गोली मारी गई है। पुलिस ने इलाके में बड़ा ऑपरेशन शुरू किया और लोगों से कहा कि वे वहां से दूर रहें।

ऑस्ट्रियाई मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेनगैस हाई स्कूल के अंदर गोलियों की आवाजें सुनी गईं। इसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध हमलावर उसी स्कूल का छात्र था और उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। स्कूल के बाथरूम में उसकी बॉडी मिली है। घटना के बाद ऑस्ट्रियाई चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर भी ग्राज पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को घेरकर पुलिस ने लोगों से शांत रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है। ग्राज ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, वहां करीब 3 लाख लोग रहते हैं। यूरोपीय यूनियन के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि गोलीबारी की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। हर बच्चे को स्कूल में सुरक्षित महसूस करना चाहिए और उसे भय और हिंसा से मुक्त होकर सीखने में सक्षम होना चाहिए। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और ऑस्ट्रियाई लोगों के साथ हैं।

### मृतकों की सही संख्या अभी नहीं बताएंगे: गृह मंत्रालय

ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि मृतकों की वास्तविक संख्या अभी नहीं बताई जा सकती है, इसके साथ ही घायलों की संख्या की पुष्टि भी नहीं की जा सकती है। इससे माहौल बिगड़ सकता है। इस बयान के बाद माना जा रहा है कि मृतक बच्चों की संख्या उससे ज्यादा है जो बताई गई है। पुलिस प्रवक्ता सबरी योर्गुन ने बताया कि पुलिस अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वहां क्या हुआ था। फिलहाल स्पेशल फोर्स कोबरा को मौके पर तैनात किया गया है।

## संयुक्त राष्ट्र की ताजा 'विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट'

# भारत की प्रजनन दर घटकर 1.9 पर आई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की जनसंख्या के भीतर एक बड़ा बदलाव आ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा 'विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट 2025' में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। भारत की कुल प्रजनन दर अब 'प्रत्यास्थापन स्तर' से नीचे पहुंच चुकी है। इसका मतलब है कि जितने लोग जा रहे हैं, उतने नए लोग पैदा नहीं हो रहे। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के अंत तक भारत की जनसंख्या 1.46 अरब तक पहुंचने का अनुमान है। मगर कुल प्रजनन दर अब 1.9 पर आ गई है, जबकि स्थायी जनसंख्या के लिए इसे कम से कम 2.1 होना चाहिए। साफ है कि भारत में अब महिलाएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आबादी को स्थिर बनाए रखने के लिए जरूरी बच्चों से कम जन्म दे रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की इस रिपोर्ट में इस स्थिति को 'प्रजनन संकट' बताया गया है। यूएन रिपोर्ट के अनुसार भारत अब मध्यम आय वाले देशों के उस समूह में हैं, जहां जनसंख्या दोगुनी होने में 79 वर्ष लगने का अनुमान है। यह एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि पहले यह समय बहुत कम था। दरअसल, भारत ने पिछले पांच दशकों में प्रजनन दर कम करने में उल्लेखनीय सफलता पाई है। 1970 में जहां एक महिला औसतन 5 बच्चे पैदा कर रही थी, वहीं अब यह आंकड़ा 2 के आसपास आ चुका है। यह शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का नतीजा है।

### भारत की जनसंख्या की वर्तमान स्थिति

| आयुवर्ग | आबादी |
|---|---|
| 0-14 वर्ष | 24 प्रतिशत |
| 15-19 वर्ष | 17 प्रतिशत |
| 20-24 वर्ष | 26 प्रतिशत |
| 25-64 वर्ष | 68 प्रतिशत |



### यह है चिंता

एक तरफ यह गिरती प्रजनन दर भारत में जनसंख्या विस्फोट पर लगाम लगने का संकेत है, दूसरी तरफ इसका एक खतरनाक पहलू भी है कि भविष्य में बुजुर्गों की संख्या बढ़ेगी और कामकाजी उम्र के युवाओं की संख्या घटेगी। अगर यह रुझान जारी रहा, तो अगले एक दशकों में भारत को बुजुर्गों के लिए नई नीतियां और स्वास्थ्य सेवाएं तैयार करनी होंगी। साथ ही, कम होती युवा जनसंख्या का असर आर्थिक उत्पादकता पर भी पड़ेगा, जिसका तोड़ निकालना होगा।

### सीलबंद लिफाफे में दें जांच की स्टेटस रिपोर्ट

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने मंगलवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 4 जून को हुई भगदड़ की सुनवाई 12 जून तक के लिए स्थगित कर दी। हालांकि कोर्ट ने राज्य सरकार को गुरुवार तक या उससे पहले सीलबंद लिफाफे में जांच की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। 5 जून को हुई इस घटना का हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई स्थगित करते हुए सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। महाधिवक्ता शशिकिरण शेट्टी ने रिपोर्ट पेश करने के लिए एक महीने का समय मांगा और कहा कि सरकार ने एक न्यायिक आयोग का गठन किया है, जिसे रिपोर्ट देने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक बार रिपोर्ट दे दिए ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# हाई कोर्ट का फैसला: आरटीई की राशि का उपयोग एनईपी में नहीं कर सकेंगे राज्य

**चेन्नई, जेएनएन।** मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को दी जाने वाली धनराशि को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के कार्यान्वयन से जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह तमिलनाडु को दी जाने वाली धनराशि को जारी करे।

जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी लक्ष्मीनारायणन की खंडपीठ शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई) के तहत शैक्षणिक वर्ष 2025–2026 के लिए तत्काल प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के लिए राज्य को



निर्देश देने की मांग वाली याचिका का निपटारा कर रही थी। यह याचिका एक सामाजिक कार्यकर्ता ने दायर की थी, जिसमें बताया गया था कि राज्य सरकार एनईपी का कार्यन्वयन नहीं कर रही है, जिससे केंद्र ने आरटीई के लिए मिलने वाला फंड रोक दिया है। कोर्ट में राज्य सरकार ने अदालत को सूचित किया कि राजनीतिक द्वेष ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### भाषा को लेकर चल रहा है टकराव

एनईपी में राजीव गांधी के कार्यकाल में बनाए गए तीन भाषा फार्मूले को शामिल किया गया है। इसके तहत तमिलनाडु से कहा जा रहा है कि वह अपने स्कूलों में हिंदी अनिवार्य करे। तमिलनाडु की डीएमके सरकार इसके खिलाफ है। इसके चलते उसका केंद्र से टकराव चल रहा है। केंद्र ने तमिलनाडु पर दवाब बनाने के लिए शिक्षा के अधिकार के तहत दिए जाने वाले फंड को रोक दिया है। सुनवाई के दौरान यही मामला अदालत में उठा।

## कैबिनेट ने 'मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना' पर लगाई मुहर, 21 हजार 600 करोड़ होंगे खर्च

# आदिवासियों के घरों तक पक्की सड़क बनाएगी सरकार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने तय किया है कि राज्य की दूराचंल पहुंच विहीन बस्तियों तक सड़कों का निर्माण कराया जाएगा, इसमें आदिवासी बस्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए मंगलवार को डॉ. मोहन कैबिनेट ने मुख्यमंत्री मजरा–टोला योजना पर मुहर लगा दी। इसके लिए 21 हजार 600 करोड़ खर्च किए जाएंगे। कैबिनेट ने जिला विकास सलाहकार समिति के गठन को भी मंजूरी दे दी।



दो कैबिनेट बैठकों से नदारद रहने वाले जनजाति कार्य मंत्री विजय शाह आज बैठक में मौजूद रहे। बैठक में राज्य के ऐसे दूरस्थ स्थलों पर स्थित मजरा टोलों में पहुंच मार्ग बनाने के लिए प्रस्ताव लाया गया, जो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना के तहत नहीं आ पाए। यहां अब मुख्यमंत्री मजरा–टोला योजना के तहत सड़क निर्माण कराया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इस योजना के तहत 30 हजार 900 किमी सड़कें बनाई जाएंगी। सीएम ने सभी मंत्रियों से कहा है कि वे अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में मजरा–टोला ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### तुअर की दाल को मंडी टैक्स से छूट

कैबिनेट ने महाराष्ट्र से आने वाली तुअर को मंडी टैक्स से छूट देने का भी निर्णय लिया है। दाल मिल एसोसिएशन ने मांग की थी कि उन्हें तुअर दाल के लिए दोहरा टैक्स देना पड़ता है, क्योंकि प्रदेश में तुअर की पैदावर कम होती है। ज्यादातर दाल महाराष्ट्र से आयात होती है। इस पर मंडी टैक्स लगता है। एमपी से दाल महाराष्ट्र जाती है, उस पर भी टैक्स देना होता है। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए महाराष्ट्र से आने वाली तुअर पर मंडी टैक्स पर छूट देने का फैसला लिया है।

### दूसरी बार बढ़ी तबादला करने की तारीख

कैबिनेट ने दूसरी बार प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों के तबादलों की तारीख बढ़ा दी है। अब विभाग 17 जून तक तबादले कर सकेंगे। विजयवर्गीय ने बताया कि कई मंत्रियों ने तबादलों का समय बढ़ाने का आग्रह किया था। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं इसका विरोध किया था, लेकिन अधिकांश मंत्रियों का आग्रह था कि समय बढ़ाया जाए। विजयवर्गीय ने कहा कि स्कूल शिक्षा का पोर्टल समय पर तैयार नहीं होने के कारण यह निर्णय लेना पड़ा और इसका दूसरे विभागों को लाभ मिल गया।

## पहल | दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाया जाएगा नया कोर्स, ग्रेजुएशन में सभी के लिए अनिवार्य

# युवा पढ़ेंगे प्यार, दोस्ती, धोखा, बेवफाई समझने का पाठ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आज के डिजिटल युग में जब रिश्ते लिव इन से लेकर सिचुएशन शिप तक आ पहुंचे हैं, डिजिटल मीडिया से प्यार पनपने लगा है, रिश्तों की उम्र छोटी होती जा रही है। ऐसे में दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) ने निगोशिएटिंग इंटीमेट रिलेशनशिप, मीडिया साइकोलॉजी, साइकोलॉजी ऑफ एडजेस्टमेंट जैसे कई कोर्सेज शुरू किए हैं। एक्सपर्ट मान रहे हैं कि ये कोर्स आज के दौर की सबसे बड़ी चुनौती यानी रिश्तों की जटिलताओं को समझने और सुलझाने के साथ-साथ वर्कप्लेस से लेकर आम जिंदगी तक को संवारने का एक नया नजरिया युवाओं को देंगे। यह कोर्स 2025-26 शैक्षणिक सत्र से शुरू होगा और मनोविज्ञान विभाग के तहत सभी स्नातक छात्रों के लिए उपलब्ध होगा। यह कोर्स न केवल प्यार और दोस्ती की बारीकियों को पढ़ाएगा, बल्कि रिश्तों में छिपे खतरों (रेड फ्लैग्स) को पहचानने और स्वस्थ रिश्तों को बढ़ावा देने का हुनर भी युवाओं को सिखाएगा। विश्वविद्यालय की इस पहल से छात्रों में उत्साह है।

मनोवैज्ञानिक इस कोर्स को बेहद जरूरी मान रहे हैं। आज के युग में कामकाजी युगलों की तादाद बढ़ गई है। लोग आजादी को समझते हैं लेकिन यह नहीं जानते कि इसकी सीमाएं क्या हैं। असीमित आजादी कई बार दुख और तनाव का सबब बन जाती है। आज सामाजिक संबंध भी बदल रहे हैं। लोग बाहरी चीजों पर ज्यादा ध्यान देते हैं।

इन सभी समस्याओं को समझने के लिए कोर्स तैयार किया गया है। यह कोर्स ग्रेजुएशन के सभी स्ट्रीम के छात्रों को पढ़ना होगा। इसे सप्ताह में तीन लेक्चर के जरिए पढ़ाया जाएगा। ट्यूटोरियल्स में पढ़ाई को मजेदार और प्रैक्टिकल बनाया जाएगा। इस खास कोर्स में छात्र कबीर सिंह जैसी फिल्मों में दिखाए गए हिंसक रिश्तों और टाइटैनिक जैसे रोमांटिक आदर्शों का विश्लेषण करेंगे। डेटिंग ऐप्स और सोशल मीडिया के प्रभाव को समझने के लिए ग्रुप डिबेट्स होंगे और स्टर्नबर्ग के लव स्केल जैसे टूल्स से छात्र अपने अनुभवों का आकलन करेंगे।

### रिश्तों को निभाने की परंपरा हो रही खत्म, प्यार अब अस्थाई भाव



रिश्तों को निभाने की परंपरा धीरे-धीरे खत्म हो रही है। प्यार जैसा रिश्ता भी अब स्थाई नहीं रह गया। तमाम रिश्ते रिश्ते गहरे प्यार के बजाय जुनून पर आधारित हैं, जो अकसर टिकाऊ नहीं होते। युवा पीढ़ी सोशल मीडिया से संचालित हो रही है। टिंडर और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर जो रिश्ते बनते हैं, वैसे ही समाज में भी बनने लगे हैं। समाज में भी रिश्ते बनाना और तोड़ना आसान हो गया है। यह कोर्स इन चुनौतियों को समझने और उनसे निपटने का रास्ता दिखाएगा। इस कोर्स के हेड प्रोफेसर नवीन कुमार ने कहा कि एक तरफ यूथ की आजाद मानसिकता है और दूसरी तरफ पेरेंट्स और समाज का दबाव, ऐसे हालात कई बार सोशल क्राइम को भी जन्म देते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां प्रेम संबंधों के कारण हत्या जैसी वारदातें सामने आ रही हैं। इंदौर में सोनम और राजा रघुवंशी का केस भी इसकी एक नजीर बन सकता है। इससे पहले भी एक मामला आया था, जब प्रेमी ने लिव इन में रह रही प्रेमिका के कई टुकड़े करके लाश फ्रिज में रख दी थी। युवाओं को इन सभी चीजों से सतर्क करने के लिए कोर्स तैयार किया गया है।

# नहीं रही 'मदर ऑफ पन्ना टाइगर रिजर्व' बाघिन टी-2

### 19 की उम्र साल में तोड़ा दम 4 पीढ़ियों में कुल 85 संतानें

**जागरण, पन्ना।** बाघों से पन्ना टाइगर रिजर्व को गुलजार करने वाली बाघिन टी-2 की मौत हो गई। उसकी उम्र 19 साल थी। इसे 'मदर ऑफ पन्ना टाइगर रिजर्व' कहा जाता था। बाघिन का शव 28 मई को उत्तर वन मंडल की अमरझाला बीट में मिला था। हालांकि, तब उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। अब प्रबंधन ने इसकी पहचान कर ली है। फील्ड डायरेक्टर अंजना सुचिता तिर्की ने बताया कि साल 2008 में पन्ना टाइगर रिजर्व से बाघों के विलुप्त होने पर यहां साल 2009 में बाघ पुनर्स्थापना योजना शुरू की गई थी। इसके अंतर्गत प्रथम बाघ के रूप में बाघिन टी-1 बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से 4 मार्च 2009 को लाई गई। 9 मार्च 2009 को बाघिन टी-2 कान्हा टाइगर रिजर्व से एयरफोर्स के



विमान से लाई गई थी। बाघिन को सॉफ्ट रिलीज करने के लिए 2 से 3 दिन बड़गड़ी में स्थित बाघ बाड़े में रखा गया। इसके बाद छोड़ा गया। बाघिन ने पेंच टाइगर रिजर्व से लाए गए नर बाघ टी-3 के साथ प्रजनन कर 21 संतानों को जन्म दिया। बाघिन टी-2 की चार पीढ़ियों से कुल 85 संतानें हैं। अपने पूरे जीवनकाल में बाघिन का मूवमेंट पन्ना टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र हिनौता, गहरीघाट, पन्ना कोर, मड़ला, पन्ना (गंगऊ) अभयारण्य और उत्तर वनमंडल पन्ना के देवेंद्रनगर में रहा। इस बाघिन के शावक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# डगवेल निर्माण में मैहर जनपद फिसड्डी

## अधूरे है 60 डगवेल, जिला पंचायत सीईओ ने लगाई फटकार



**जागरण, सतना।** मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यो की समीक्षा करते हुये जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने डगवेल निर्माण में मैहर को सबसे पीछे पाया। उन्होने तकनीकी अमले को कडी फटकार लगाई है। जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपदवार खेतवार समीक्षा जिला पंचायत सीईओ ने की है। जिसमें सभी उपयंत्री और सहायक यंत्री शामिल थे। एएन आर एम वर्क के कार्यों की संबंधित जनपद पंचायत के सहायक यंत्री व गूगल मीट से जुड़े उपयंत्रियों से की गई जिसमे पेंडिंग वर्क मैहर जनपद पंचायत में डग बेल के पाए गए जिसमें सीईओ जिला पंचायत नाराजगी व्यक्त की गई। वहीं अपूर्ण कार्यों को योजना बना कर जितना समय बचा हुआ है जल गंगा संवर्धन अंतर्गत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश सहायक यंत्रियों को दिए गए तथा अपूर्ण कार्यों को कैसे पूर्ण करना है उसकी भी सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन द्वारा बताया गया ।

### अमृत सरोवर की गूगल सीट में जानकारी भरने की जिम्मेवारी सहायक यंत्री की

अमृत सरोवर के कार्यों हेतु स्थल चिन्हांकन कर गूगल शीट में जानकारी भरने की जिम्मेदारी जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री को दी गई है। आगामी माहों में वृक्षारोपण करने की भी प्लानिंग की गई ।जिसमें सभी तकनीकी अमले को निर्देशित किया गया है है कि सेक्टर अंतर्गत स्थल चिन्हांकन क्षेत्र के राजस्व अमले पटवारी से संपर्क जमीन पता करले और वहां गड्ढे खुदवाना कार्ययोजना बनाकर कराए साथ ही पेड़ जिस नर्सरी से मांगना है वहां की जानकारी व बड़े पेड़ का मांग पत्र अभी से तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि 15 वित्त की राशि में से कितने राशि के टी एसए ए एस जारी कर दिया गया है और अभी कितनी राशि वास्तविक रूप से पंचायत खाते में उपलब्ध है उसकी जानकारी 3दिवस में उपलब्ध कराया जावे ।यह भी कहा गया की एन आर एम वर्क जिनमें 75 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत से अधिक वर्क हो चुका है तत्काल कार्य पूर्ण करावे व बिल फीड पोर्टल में करने के साथ साथ ई एमबी दुरुस्त करे ।साथ ही चेतावनी भी तकनीकी अमले को दी गई कि यदि ग्रेडिंग में मार्क्स कम हुए तो उसके लिए पूर्ण जिम्मेदार तकनीकी आमला होगा ।

## प्रभात फेरी के साथ भंडारे का आयोजन संपन्न

**सतना।** कोटर में स्थित प्रसिद्ध गोमती हनुमान मंदिर विगत वर्षों से हो रही विशाल भंडारे एवं राम धुन का आयोजन में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है हर साल की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से बड़े उत्साह से राम धुन गाकर विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ है गोमती विद्यापीठ के समिति अध्यक्ष राम प्रकाश ए चू चू पांडे ए कोटर नगर के लोग एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बाढ़ आपदा के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश के अनुसार अतिवर्षा एवं बाढ की स्थिति में निपटने की पूर्व तैयारियों संबंधी जिला स्तरीय विभागों की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार बाढ-आपदा स्थिति में आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। सतना में 10 जून 2025 से 24 घण्टे कार्यशील कन्ट्रोल रूम कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल कक्ष क्रमांक एफ-19 में जिला स्तरीय कन्ट्रोम रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07672-223211 है। कन्ट्रोल रूम हेतु अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम के लिए अधीक्षक भू-अभिलेख-भू-प्रबंधन मुन्नालाल तिवारी कन्ट्रोल रूम के सहायक अधिकारी होंगे।

# अतुल मलिकराम की सक्रिय भूमिका से संगठन को मिली नई ऊर्जा





**जागरण, सतना।** मध्य प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मी के बीच एनडीए का सबसे पुराना घटक अपना दल एस तेजी से अपनी पकड़ मजबूत करता नजर आ रहा है। बीते दिनों पार्टी के वरिष्ठ राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के मार्गदर्शन में प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल और राष्ट्रीय महासचिव ;युवा मंचद्ध डॉण् अखिलेश पटेल के साथ मिलकर प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में पार्टी संगठन को सशक्त करने के उद्देश्य से कार्यकर्ता सम्मेलनों और सदस्यता अभियानों की श्रृंखला चलाईए जिसमें बड़ी संख्या नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इंदौरए भोपाल, सागर, छतरपुर, खजुराहो, पन्ना, सतना, देवास, धार व उज्जैन जैसे महत्वपूर्ण जिलों में आयोजित इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता करते हुए डॉ अतुल मलिकराम ने स्पष्ट किया कि अपना दल एस का लक्ष्य सिर्फ उपस्थिति दर्ज कराना नहीं बल्कि सत्ता में सहभागिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव.गांवए घर.घर तक पार्टी की विचारधारा को लेकर जाएं और हर स्तर पर आमजन से जुड़ाव स्थापित करें।

# प्रिया गोयल ने किया रक्तदान



**जागरण, सतना।** सिन्धु विकास समिति द्वारा लगातार चलाए जा रहे रक्तदान अभियान के सहयोगी आकाश बनर्जी की प्रेरणा से प्रेरित होकर समाजसेवीका प्रिया गोयल ने विगत दिवस जिला अस्पताल में भर्ती जरूरतमंद को अपने रक्त की सेवा देकर मानव धर्म निभाया उल्लेखनीय है समिति संस्थाध्यक्ष विनोद गेलानी ने के कुशल मार्गदर्शन में पिछले कई वर्षों से रक्तदान जीवनदान की अलख ज्योति जलाकर इंसानियत का धर्म निभाते हुए मानवता की सेवा कर रही है एवं अभी तक 6623 यूनिट रक्तदान करवाने का एक रिकॉर्ड भी कायम किया है। रक्तदान करवाने मे आकाश बनर्जी का उल्लेखनीय योगदान रहा। प्रिया के रक्तदान करने पर संस्था के संरक्षक गोपी गेलानी श्रीचंद मनवानी मनोहर डिगवानी अध्यक्ष विनोद गेलानी ज्ञान खटवानी इंद्रलाल आडवाणी श्रीचंद शीतलानी घनश्याम मंघरानी संजय वाधवानी महेश रावलानी गंगाराम सचदेव दिलीप सोनी अमित कामरानी रंजीत सेनानी जितेंद्र गावरी गोपीचंद कापड़ी विजय जग्यासी अशोक चांदवानी बसंत खत्री दीपक वाधवानी केशव मखीजा राजेश कोटवानी राजकुमार साधवानी मनीष टेकवानी पंकज आहूजा मनीष सदानी बंटी भोजवानी मनोज सुखदानी सहयोगी आकाश बनर्जी मनमोहन माहेश्वरी विभाग बनर्जी आशीष मोगिया बसंत शर्मा निक्की मनचंदानी विशाल राजपाल संजय आहूजा बंसी नागदेव महिला मंडल से मोना चोपड़ा राखी होतचंदानी डॉरूमनीषा सोई डॉक्टर विद्या पांडे,आर्य खिलवानी मुस्कान चंदानी सिमरन होतचंदानी निशा गोयल आभा सिंह जया जायसवाल रशिम जैन प्रेरणा जादवानी अनामिका सोनी ने गोयल को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

## स्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष उद्योगों में सीखने जाएंगे विद्यार्थी

**रीवा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सरकारी कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक पाठ्यक्रम में अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) शुरू किए गए हैं। इसके तहत दो साल कॉलेज में एकेडमिक पढ़ाई होगी और तीसरे साल में इंडस्ट्री में अप्रेंटिसशिप कराई जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों को अप्रेंटिसशिप के लिए हर माह सात से आठ हजार रुपए स्टाइपंड मिलेगा। इसमें बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन और बीकॉम इन ह्यूमन रिसोर्स ऑपरेशंस, हेल्थ केयर मैनेजमेंट, बीए इन टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी, बीकॉम इन लाजिस्टिक, बीकॉम इन बैंकिंग एंड फाइनेंस जैसे पाठ्यक्रम शामिल होंगे। जिले के महाविद्यालयों में भी यह कोर्स लिए गए हैं व अलग-अलग पाठ्यक्रम शुरु किए गए हैं। सूत्रों की मानें तो इनमें प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 32 आवेदन



**जागरण, सतना।** मंगलवार को नगर निगम में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान विभिन्न समस्याओ को लेकर 32 आवेदन प्राप्त हुये है। जिसमें सर्वाधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास के लिए प्राप्त हुये है। महापौर योगेश ताम्रकार की उपस्थिति में 11 बजे दिन से शुरू जनसुनवाई दोपहर 1 बजे तक चली । सामान्य प्रशासन से संबंधित 01 , अतिक्रमण से संबंधित 04 , जलप्रदाय शाखा से संबंधित 05 , जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 02 , प्रधानमंत्री आवास योजना के 12 , राजस्व किराया शाखा से संबंधित 02 , साफसफाई संबंधित 01 आवेदन एवं विकास कार्य से संबंधित 05 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटनए आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

## कब्बाली का शानदार मुकाबला 20 को

**उचेहरा।** कौमी एकता का मिसाल बना हजरत नौगजा शाहदाता





रहमतुल्ला अलैह की दरगाह। 20 जून को देश के नामचीन कब्बालो द्वारा बाबा की शान में कब्बाली की शानदार प्रस्तुति रात 9 बजे से देर रात तक दी जायेगी देश के वीर सपूतो के जज्बे को किया जायेगा नमन इस मौके पर देश के वीर सपूत कर्नल सोफिया कुरैसी एवम विंग कमांडर वयोमिका सिंह के जज़्बे को भी याद करते एक शाम भारत के वीर जवानों के नाम की बेहतरीन प्रस्तुति इन कब्बलो द्वारा दी जायेगी कमेटी से हासिल जानकारी अनुसार बाबा के दर पर चादर पोशी 19 को बड़ी छिपहटी तकिया से उठकर पूरे शहर में गश्त करते मजार अक्दस में पहुंच कर गुस्ल व चादर पोशी की जायेगी इसके बाद दूसरे दिन इस आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक , पूर्व मंत्री डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह जबकी कार्यक्रम के सरपरस्त पूर्व मंत्री सईद अहमद होंगे इस आयोजन की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह पटेल करेंगी कमेटी द्वारा आयोजन के संरक्षक सतना विधायक सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा बनाये गए है ।

# बीएलओ अब अपने ही मतदान केन्द्र का मतदाता होगा

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुखबीर सिंह ने ली वीडियों कान्फ्रेसिंग

**जागरण, सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 23 मई 2025 को दिल्ली में आयोजित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन में दिये गये निर्देशानुसार किसी भी मतदान केन्द्र में नियुक्त किया जाने वाला बी.एल.ओ. (बूथ लेवल अधिकारी) अब उसी मतदान केन्द्र का मतदाता होना चाहिए। संबंधित विधानसभा क्षेत्र का ई.आर.ओ. (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) किसी मतदान केन्द्र के लिए राज्य सरकार या स्थानीय सरकार के किसी भी समूह के सी श्रेणी और उसके ऊपर के नियमित सेवारत कर्मचारियों में से उस केन्द्र का मतदाता होने पर बीएलओ नियुक्त कर सकेगा। इस आशय की जानकारी मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश सुखबीर सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग बैठक में दी। सतना एनआईसी के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे, ईआरओ सतना राहुल सिलाडिया, जनसम्पर्क अधिकारी राजेश सिंह, इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेन्द्र सिंह, केबी त्रिपाठी, सोशल मीडिया हैण्डलर समयलाल पाण्डेय भी उपस्थित रहे। शेष सभी ईआरओ वर्चुअल रूप से जुडे रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन संबंधी तीन बिंदुओं के एजेण्डे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उस मतदान केन्द्र में नियमित राज्य, स्थानीय सरकारी कर्मचारी नहीं मिलने पर संबंधित ई.आर.ओ. द्वारा हस्ताक्षरित और डीईओ द्वारा प्रति हस्ताक्षरित एक गैर उपलब्धता प्रमाण पत्र (अनुबंध-1) भरवाकर आंगनवाडी कार्यकर्ता, अनुबंध शिक्षकों अथवा केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बीच बीएलओ नियुक्त कर सकेगा। यदि इन दोनों स्थितियों में बीएलओ की पूर्ति नहीं हो रही तब इन कर्मचारियों की अनुपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र का ईआरओ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पूर्व अनुमोदन से उस क्षेत्र में कार्यरत अन्य कर्मचारियों की श्रेणी से बीएलओ नियुक्त कर सकेगा। किसी भी अन्य मामले में सीईओ के माध्यम से आयोग से पूर्व अनुमोदन अनिवार्य होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आयोग के निर्देशानुसार 13 जून तक सभी मतदान केन्द्रों के लिए बीएलओ की मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लेने के निर्देश ईआरओ को दिये हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार अब एक मतदान केन्द्र में अधिकतम 1200 मतदाता ही शामिल रहेंगे। पहले यह मतदाता संख्या 1500 थी। सतना और मैहर जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों के 1950 मतदान केन्द्रों में 1950 बीएलओ नियुक्त है। इनमें 1849 शिक्षक, 16 आंगनवाडी कार्यकर्ता, 9 पटवारी, अमीन लेखापाल, 12 पंचायत सचिव, 40 संविदा शिक्षक, 22 नगर निगम कर संग्रहक, 2 शहरी क्षेत्रों के लिपिकीय स्टाफ शामिल है। सात विधानसभा क्षेत्रों में 216 मतदान केन्द्र ऐसे है। जिनमें मतदाता संख्या 1200 से अधिक है। चयनित बीएलओ में चित्रकूट 61 विधानसभा से बीएलओ राजा भैया सिंगरौल, 62 रैगांव से यादवेन्द्र सिंह, 63 सतना से विनोद कुमार द्विवेदी, 64 नागौद से देवेश गूजर, 65 मैहर से मनोज कुमार अवधिया, 66 अमरपाटन से विनोद कुमार पटेल, 67 रामपुर बघेलान से रत्नराज साकेत का चयन किया गया है।

## आशीष कुमार समाज के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बने



**सतना ।** आशीष कुमार बुनकर को अखिल भारतीय कोली समाज का प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है । यह नियुक्ति समाज के प्रदेश अध्यक्ष बलवंत सिंह शाक्य द्वारा की गई है । प्रदेश संगठन मंत्री बी एल कोरी जिलाध्यक्ष सुखलाल बुनकर युवा जिलाध्यक्ष अमरनाथ बुनकर रघुराजनगर तहसील अध्यक्ष भोला प्रसाद रामपुरबघेलान राजेश बुनकर कोटर राजभान बिरसिंहपुर ललित बुनकर मझगवा बालेश्वर अनुरागी कोठी बिहारीलाल नागोद इंद्रपाल उचेहरा तहसील अध्यक्ष प्रकाश बुनकर आदि लोगो ने अखिल भारतीय कोरी समाज संगठन मध्यप्रदेश में प्रदेश सदस्य बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## दृष्टिदान संकल्प दिवस पर अमर ज्योति ने कराया नेत्रदान



**सतना।** अमर ज्योति ने आज दृष्टिदान संकल्प दिवस पर सिंधी कॉलोनी निवासी चेतनदास मंघनानी की धर्मपत्नी 'श्रीमती रानी देवी मंघनानी के निधन उपरांत अमर ज्योति के सदस्य ज्ञान खटवानी की प्रेरणा से एवं विनोद गेलानीएघनश्याम मँघरानी हरीश खटवानी के सहयोग से परिजनों ने नेत्रदान कराने का निर्णय लिया तत्पश्चात सतगुरु की तकनीकी टीम द्वारा नेत्रदान संपन्न कराया गया। अमर ज्योति के संयोजक मनोहर डिगवानी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इस नेत्रदान से निश्चित दो अंधकारमय जीवन रोशन होंगे नेत्र प्राप्त करने वाले नेत्रहीन आजीवन परिवार को दुवाए देंगे । अमर ज्योति द्वारा कराया गया यह 845 वां नेत्रदान हैं।

# विट्स के छात्रों का एनपीटीईएल में उत्कृष्ट प्रदर्शन




**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कीर्तिमान स्थापित करते रहे हैं। इसी क्रम में विंध्या इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च के अंतर्गत नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नालॉजी एनहांस्ड लर्निंग (एनपीटीईएल) द्वारा आयोजित परीक्षा में जनवरी-जून 2025 सत्र में एमबीए व बीबीए संकाय की दस से अधिक छात्राओं ने मेंटर डॉ स्नेहा सिंह परिहार के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें टैलेंट एक्विजिशन एण्ड मैनेजमेंट में शैफाली अग्रवाल ने इलाइट सिल्वर व अदिति दुब ने इलाइट ब्रॉन्ज केटेगरी अर्जित की। बिजनेस फंडामेंटल्स फॉर एंटरप्रेन्योर्स में आयुषी गुप्ता ने इलाइट सिल्वर केटेगरी अर्जित की। ए आई इन मार्केटिंग में अवनी भट्ट, खुशबू सिंह व ऋतु सिंह ने इलाइट सिल्वर तो वहीं ए आई इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में स्नेहा गुप्ता, साक्षी साहू व स्नेहा गुप्ता ने सफलता हासिल की। इसी क्रम में एडवांस इन स्ट्रेटेजिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में तनु शर्मा ने सफलता हासिल की।

## रोजगार मेला 16 जून को महावीर आईटीआई में

**रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत महावीर आईटीआई रीवा में 16 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

## सिंगरौली सेवा सीख और संवेदना की भूमि-विक्की बाबू

**जागरण, चितरंगी।** सिंगरौली मेरे लिए केवल एक पदस्थापन नहीं था यह एक ऐसी यात्रा थी जहाँ मैंने ज़मीन की धड़कन को महसूस किया और लोगों के साथ मिलकर काम करने का वास्तविक अर्थ समझा। सरकारी कार्यालयों की बैठकों से लेकर समुदायों की गलियों में चलने तकए हर कदम ने मुझे सिखाया कि बदलाव दस्तावेज़ों में नहीं लोगों के जीवन में होना चाहिए। टीकाकरण दिवस के दौरान जब एक माँ ने अपने बच्चे को पहली बार पूरी जानकारी और विश्वास के साथ टीका लगवायाए या जब हेल्थ कैंप में एक बुज़ुर्ग महिला को वर्षों बाद स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिली कृ तब मुझे महसूस हुआ कि नीतियाँ तभी जीवंत होती हैं जब वे लोगों तक पहुंचें। इस दौरान मुझे जिला प्रशासन विशेषकर मुख्य कार्य पालन अधिकारी ऋषिनारायण सिंह से प्रशंसा.पत्र प्राप्त हुआ यह न केवल मेरे काम की सराहना थी बल्कि यह भरोसे की वो नींव भी थी जो किसी भी युवा पेशेवर को अपने मूल्यों पर टिके रहने की ताकत देती है। पर असली संतोष तो उस छात्र की आँखों में दिखा जो अब स्कूल संसद में आत्मविश्वास से बोलता है उस महिला में जो अब रीड.अलॉन्ग ऐप से पढ़ पा रही है और उस पंचायत प्रतिनिधि में जो अब सामूहिक सोच से फैसले ले रहा है। सिंगरौली ने मुझे यह विश्वास दिया कि सिस्टम को संवेदनशील बनाया जा सकता है कि युवाओं की भागीदारी बदलाव की कुंजी है और यह कि असली विकास चाहे वो शिक्षा हो स्वास्थ्य हो या शासन हमेशा ज़मीन से शुरू होता है।

## नवोदय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 मई से प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो। विद्यार्थी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## परिवीक्षा अवधि में शामिल 26 शिक्षक उपस्थित हुए जेडी कार्यालय

**जागरण, रीवा।** लोक शिक्षण संचालनालय संभाग रीवा में संयुक्त संचालक जेडी के रूप में नीरव दीक्षित के पदांकन होने से शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है तथा शिक्षकों के काफी समय से लंबित मामलों में त्वरित निराकरण की आस जगी है। उन्होंने 5 जून को आदेश जारी कर स्पष्ट भी कर दिया कि शिक्षकों के समस्त स्वत्वों का भुगतान समय सीमा में करें और अब तक का भुगतान न करने वाले कर्मचारी का कार्यवाही के लिए नाम प्रस्तुत करें। शासकीय शिक्षक संगठन जिला इकाई अध्यक्ष चन्द्रोदय मिश्रा ने बताया कि संगठन का प्रतिनिधि मंडल नव पदस्थ जेडी से मिलकर विभिन्न लंबित मामलों के निराकरण की मांग कर चुका है, जिसमें एरियर स्वत्वों के निराकरण का आदेश तुरंत जारी कर दिया गया है। जिससे शिक्षकों में उत्साह है, इसके साथ ही संगठन ने उच्च माध्यमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष 2018 एवं प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष 2020 के आधार पर अक्टूबर 2021 से 2013 के बीच नियुक्ति प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक जिनकी परिवीक्षा एक वर्ष पहले ही पूरी हो गई है तथा उनकी परिवीक्षा समाप्ति के आदेश लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 11 दिसंबर 2024 को ही जारी कर दिया गया था परन्तु जिले में उक्त कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी थी। जिसके संबंध में पुनः लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 25 अप्रैल 2025 को खेद व्यक्त करते हुए रिमाइंडर जारी किया गया था कि 30 अप्रैल तक की समय सीमा में यह कार्यवाही पूरी कर प्राथमिक शिक्षक की डीईओ, माध्यमिक शिक्षक की जेडी तथा उच्च माध्यमिक शिक्षक के प्रस्ताव लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल भेजकर परिवीक्षा अवधि समाप्त करते हुए नवनियुक्त प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षकों को सौ फीसदी वेतन भुगतान किया जाए ।

# महिला अतिथि विद्वान के खिलाफ शिकायतों में लीपापोती का आरोप

## संभागायुक्त से शासकीय कॉलेज हनुमना के स्टाफ ने की शिकायत



**जागरण, रीवा।** हनुमना कॉलेज के के एक महिला अतिथि विद्वान की कार्यशैली को लेकर की गई शिकायत और उसकी जांच में लीपापोती का आरोप लगाते हुए हनुमना कालेज के अतिथि विद्वानों ने संभागायुक्त से शिकायत की है। शिकायत में बताया गया है कि शासकीय कॉलेज हनुमना में पदस्थ डॉ.रीना पांडेय (राजनीति शास्त्र) द्वारा महिला होने का फायदा उठाते हुए कॉलेज के प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों व अन्य स्टाफ को धमकाया जाता है। इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को भी दी जा चुकी है, महिला अतिथि विद्वान को नोटिस भी जारी हो चुके हैं। शिकायत में यह भी बताया गया कि शासन का नियम है कि अतिथि विद्वान मप्र का मूल निवासी होना चाहिए लेकिन महिला अतिथि विद्वान लखनऊ उत्तर प्रदेश की मूल निवासी होते हुए भी नौकरी कर रहीं हैं। जिसकी शिकायत हो चुकी है लेकिन प्रभारी एडी डॉ.आरपी सिंह द्वारा कोई जांच नहीं कराई गई, उल्टा मामले को दबाने का प्रयास किया गया। शिकायत करने वाले स्टाफ को ही उल्टा एडी द्वारा वेतन कटौती के लिए धमकाया गया। अतिथि विद्वानों को आरोप है कि जब मामला प्रमाणित है और सच सामने आ गया है तो फिर कार्रवाई अभी तक नहीं क्यों नहीं की गई। संबंधितों का कहना यह भी है कि शिक्षा मंदिर में जिस तरह बियर की बोतलें लहाराई गई वह किसी भी परिस्थिति में क्षम्य नहीं है।

### कई बार हो चुकी शिकायत

बता दें कि शासकीय हनुमना कॉलेज में पदस्थ महिला अतिथि विद्वान डॉ.रीना पांडेय के खिलाफ कॉलेज स्टाफ द्वारा कई शिकयतें संबंधित थाना सहित वरिष्ठ अधिकारियों से की जा चुकी हैं लेकिन कई माह से मामला जस का तस है, अभी तक इस मामले को लेकर कोई भी कार्यवाही सामने नहीं आई है। हालांकि जिसके खिलाफ शिकायत हो रही हैं, उनकी तरफ से कई शिकायतें कॉलेज स्टाफ के खिलाफ की जा चुकी हैं।

### वीडियो मामले में लंबित है जांच

शिकायत में बताया गया कि शासकीय हनुमना कॉलेज में क्लास रूम छात्र का जन्मदिन मनाया गया, जिसमें बीयर की बॉटल लहराई गई, इस पार्टी में महिला अतिथि विद्वान डॉ.रीना पांडेय भी शामिल रहीं। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। इसकी शिकायत उच्च शिक्षा आयुक्त तक पहुंची लेकिन प्रभारी एडी के चलते मामले में कोई जांच अब तक नहीं हुई। अग्रणी प्राचार्य व प्रभारी एडी द्वारा गलत जानकारी दी गई। मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

शासकीय कॉलेज हनुमना में स्टाफ के बीच दो गुट हैं, वह एक दूसरे की शिकायत करते रहते हैं। महिला अतिथि विद्वान की शिकायत के संबंध में तीन बार कॉलेज में जाकर निरीक्षण किया। दोनों पक्षों का बयान लेकर संभागायुक्त को भेजा गया है। निवास प्रमाण पत्र को लेकर शासन से कोई आदेश नहीं आया, इसलिए जांच नहीं की है।

**डॉ.आरपी सिंह, प्रभारी एडी उच्च शिक्षा**


# कलेक्टर ने 11 गांवों की भूमि रजिस्ट्री पर लगाई रोंक

जागरण कार्यवाही

## सोन नदी में बनने वाले बांध के डूब में आएगी भूमि

### 334.823 हेक्टेयर भूमि के अंतरण पर लगी रोंक

जागरण, सीधी




कलेक्टर कार्यालय सीधी द्वारा सोन नदी में बनने वाले बांध के डूब क्षेत्र में आने वाले 11 गांवों के भूमि की रजिस्ट्री पर तत्काल प्रभाव से रोंक लगा दी गई है। कार्यालय कलेक्टर सीधी की ओर से उप पंजीयक सीधी/रामपुर नैकिन को जारी आदेश में कहा गया है कि सीतापुर-हनुमना सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना अंतर्गत प्रभावित 11 गांव जो तहसील सिहावल में स्थित हैं। उनके प्रस्तावित रकवों की रजिस्ट्री में तत्काल प्रभाव से रोंक लगा दी गई है। अपर कलेक्टर सीधी अंशुमन राज ने जारी आदेश में कहा है कि कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना रीवा संभाग के प्रस्ताव क्रमांक 763, 767, 765, 759, 761, 757, 771, 769, 779, 775, 777/2025-26 दिनांक 15 अप्रैल 2025 पर भूमि के अंतरण पर यह रोंक लगाई गई है। पत्र में कहा गया है कि उक्त सिंचाई परियोजना हेतु सीधी जिला अंतर्गत प्रभावित ग्राम गहिरा, ढ़ाबा, तिमसी, खड़बड़ा, हटवा खास, उमरिया, गोड़हा, तितली, खाड़ी, तहिरा, सेहुंडा वीरान तहसील सिहावल का भू अर्जन कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। अतः तत्काल प्रभाव से प्रभावित रकवे का विक्रय विलेख/नामांतरण/बटवारा पर रोंक लगाई जाती है। रजिस्टार को निर्देशित किया गया है कि किसी भी स्थिति में विक्रय विलेख न करें। अन्यथा की स्थिति उद्भूत होने पर उनकी व्यक्तिगत जवाबदेही मानते हुए नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। जानकारों के अनुसार सोन नदी में बनने वाले बांध के लिए अधिग्रहित होने वाली भूमियों की खरीद-फरोख्त एवं आनन-फानन में बटवारा का काम बहुत तेजी से शुरू हो गया था। लोगों को शासकीय भूमियों के अधिग्रहित होने की खबर मिलते ही वह सबसे पहले वहां की भूमि की खरीदी एवं बंटवारा का काम शुरू कर देते हैं। जिससे मुआवजा का लाभ मिल सके।


### इन गांवों में भूमि के अंतरण पर रोंक

| तहसील | ग्राम | भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित रकवा (हे.) |
|---|---|---|
| सिहावल | गहिरा | 11.08 |
| सिहावल | ढ़ाबा | 47.853 |
| सिहावल | खड़बड़ा | 19.566 |
| सिहावल | तिमसी | 30.969 |
| सिहावल | उमरिया | 15.4240 |
| सिहावल | तितली | 66.3890 |
| सिहावल | गोड़हा | 0.4230 |
| सिहावल | हटवा खास | 8.3280 |
| सिहावल | सेहुडा वीरान | 1.6 |
| सिहावल | खाड़ी | 45.243 |
| सिहावल | तहिरा | 87.9480 |
| | **योग** | **334.823** |

### 38 गांवों में होगा भू-अधिग्रहण कार्य

हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना के तहत सीधी जिले में तहसील सिहावल क्षेत्र के 38 गांवों में भू-अधिग्रहण का कार्य किया जाएगा। भू-अर्जन के लिए धारा 11 के प्रकाशन की कार्यवाही भी हो रही है। बांध के लिए 11 गांव डूब क्षेत्र में आएंगे। डूब क्षेत्र में आने वाले गांवों में गहिरा, ढ़ाबा, तिमसी, खड़बड़ा, हटवा खास, उमरिया, गोड़हा, तितली, खाड़ी, तरिहा, सेंहुआ वीरान शामिल हैं। वहीं नहर निर्माण में 38 गांवों में भू-अधिग्रहण का कार्य किया जाएगा। जिनमें बहेरा एसएम 28, बलियार एसएम 24, बलियार एसएम 15, बलियार एसएम 34, बरिगवां एसएम 3, भेलकी खुर्द एसएम 9, भेलकी कला एसएम 5, भितरी एसएम 11, चिलरी कला एसएम 10, डेम्हा एसएम 14, देवघटा एसएम 16, ढ़ाबा एसएम 26, दुअरा एसएम 4, गऊघाट एसएम 18, हटवा एसएम 36, खड़बड़ा एसएम 31, खेतौंही एसएम 27, कोटदर खुर्द एसएम 23, कुर्रवाह एसएम 12, लकोड़ा एसएम 13, मर्सरहा एसएम 32, मोहनिया एसएम 19, पटेहरा सोनतीर एसएम 25, पटपरा एसएम 17, पावा एसएम 6, 7, 8, पिपरोहर एसएम 22, रामडीज एसएम 30, रोजहा एसएम 35, सलैया एसएम 20, सर्रा एसएम 2, तिमसी एसएम 29, तितली एसएम 33, उमरिया एसएम 33, कोटदर कला एसएम 21, तरिहा एसएम 24, कठौतहा एसएम 1 शामिल हैं।

# चलती बस से गिरा मजदूर, पिछले पहिए के नीचे आने से दर्दनाक मौत



## मड़वास थाना के रामपुर ढ़ाबा के समीप हुआ हादसा

जागरण, सीधी

चलती बस से नीचे गिरकर पिछले पहिया के नीचे आने से एक मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह ह्रदयविदारक नजारा देखने वालों के रोंगटे खड़े हो गए। यह दर्दनाक हादसा जिले के मड़वास थाना अंतर्गत रामपुर ढ़ाबा के समीप आज सुबह करीब 9 बजे घटित हुआ। मिली जानकारी के अनुसार हादसे के दौरान मनेन्द्रगढ़ की ओर जा रही जनता एक्सप्रेस बस क्रमांक एमपी 17 जेडए 8607 में मजदूर अमीर धोबी निवासी महखोर सवार था। बस के दरवाजे के समीप अमीर खड़ा था तभी अचानक उसका पैर फिसला और वह चलती बस के पिछले पहिया के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि मजदूर अमीर धोबी बसों में चढ़ने वाले यात्रियों का सामान चढ़ाने और उतारने का कार्य करता था। इसी मजदूरी के सहारे वह अपना जीवन-यापन करता था। आज भी वह इसी काम के लिए बस में सवार था। हादसे की सूचना मिलते ही मड़वास थाना प्रभारी केदार परौहा अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

> रामपुर ढ़ाबा के समीप आज सुबह बस के नीचे आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। वहीं घटना कारित करने वाली बस को जप्त करते हुए उसके चालक को थाना में बैठाकर कार्यवाही की जा रही है।
>
> **केदार परौहा, थाना प्रभारी मड़वास**

# गांधीग्राम में विकसित कृषि संकल्प अभियान संगोष्ठी आयोजित



**जागरण, सीधी।** सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में जिले के ग्राम पंचायत गांधीग्राम में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों ने किसान भाइयों के साथ कृषि के क्षेत्र में नवीन तकनीकी के संबंध में सार्थक चर्चा की। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से देश के कृषि और किसान को सम्पन्न बनाने यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह अभियान निश्चित तौर पर किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। स्थानीय कृषि-जलवायु, मृदा की गुणवत्ता, पोषक तत्वों की स्थिति, बीज चयन, उर्वरक उपयोग और कीट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किसानों को वैज्ञानिक सलाह देते रहे तथा किसानों की समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में कार्य करें। सांसद ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसान खुशहाल होंगे तभी देश की असली तरक्की होगी। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य कृषकों को नवविकसित फसल किस्मों एवं कृषि तकनीकों की जानकारी, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य पत्रक की अनुशंसाओं के आधार पर रसायनिक उर्वरकों के संतुलित तथा वैकल्पिक उपयोग के संबंध में जागरूक करे। इसके साथ ही कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं एवं कृषकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों का संकलन करते हुए अनुसंधान की कार्यनीति का निर्धारण करे। सांसद ने बैगा जनजातीय तथा अन्य जनजातीय परिवारों के विकास के लिए विशेष पहल करने को कहा है। सांसद ने कहा कि इन परिवारों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ दें। उन्हे जैविक कृषि के लिए प्रोत्साहित करें। अरहर, उड़द, दलहन के बीज बैगा परिवारों को प्राथमिकता पर दें। पशुपालन विभाग बैगा परिवारों को पशुपालन सु जुड़ी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता पर दें। इस दौरान ड्रोन तथा नैनो यूरिया ,नैनो डीएपी का जीवंत प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवकुमार सिंह चौहान, उप संचालक कृषि संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए श्रीवास्तव, कृषि विज्ञान केंद्र सीधी, डॉ. अलका सिंह, सहायक संचालक मछली पालन, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग, महिला बल विकास, राजस्व, सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग की शादी, सीडीपीओ की लापरवाही उजागर



**जागरण, सीधी।** जिले के बहरी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत लौआ में दो सगी बहनों की शादी हो रही थी। जिसमें एक बहन नाबालिग थी। शिकायत के बाद पुलिस ने शादी रुकवाने का काम किया। हालांकि इस दौरान परियोजना अधिकारी की लापरवाही सामने आई है। शासन ने महिलाओं और नाबालिकों के खिलाफ अत्याचार रोकने की जिम्मेदारी परियोजना विभाग को सौंपी है, लेकिन सिहावल की परियोजना अधिकारी अनुसुइया बाजपेई पर इस जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का आरोप लगा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वह कार्यालय में बैठकर ही अपनी ड्यूटी निभाती हैं, जबकि इस मामले में उनकी संवेदनहीनता ने एक नाबालिक का भविष्य खतरे में डाल दिया। घटना सिहावल क्षेत्र की है, जहां दो सगी बहनों की शादी की सूचना थी, जिनमें से एक नाबालिक थी। शिकायतकर्ता ने इसकी जानकारी परियोजना कार्यालय को दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परियोजना अधिकारी अनुसुइया बाजपेई ने बताया कि उन्हें रात 2 बजे सूचना मिली थी, जिसके बाद उन्होंने डायल 100 को सूचित किया। पुलिस ने नाबालिक लड़की को थाने भी बुलाया, लेकिन शादी नहीं रुक सकी। सुबह जब वह मौके पर पहुंचीं, तब तक शादी हो चुकी थी। अब मैं इसमें कुछ नहीं कर सकती हूं अगर शादी हो ही गई है तो मैं क्या कार्यवाही करूं। जिसके बाद उन्होंने कहा की अब नियम अनुसार कार्रवाई होगी। वहीं स्थानीय निवासी रामू द्विवेदी ने आरोप लगाया कि परियोजना अधिकारी का मौके पर जाना और थाना प्रभारी या राजस्व अधिकारियों की मदद लेना नियमों का हिस्सा है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दूसरी ओर बहरी थाना प्रभारी राजेश पाण्डेय ने बताया कि डायल 100 को सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल शादी रुकवाने की कोशिश की और हमने रात में नाबालिक लड़की की शादी रुकवा भी दी थी। लेकिन परियोजना अधिकारी या अन्य पक्षों से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर नियमों के तहत कार्रवाई होगी।

# ताला मझौली मे संपन्न हुआ अखंड श्री दुर्गा चलीसा पाठ

**जागरण, मझौली।** भगवती मानव कल्याण संगठन के बैनर तले माता आदिशक्ति जगत जजनी जगदंबा के आशीर्वाद व परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में श्याम मैरिज हाल ताला मझौली मे मंगलवार को 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चलीसा पाठ संपन्न हुआ। यह क्रम सोमवार को प्रारंभ हुआ था जो मंगलवार को भव्यता पूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर चिंतन प्रदान करते हुए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला प्रवक्ता दादू लाल पांडे ने कहा कि संगठन के द्वारा बनाए गए नियमों पालन करें। क्षेत्र मे जन जागरण करवायें। भगवती मानव कल्याण संगठन जिला सीधी की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनुज शुक्ला ने कहा कि आप लोग क्षेत्र में कहीं भी जन जागरण के क्रम हो वहां पर आप लोग अवश्य जाएं। जब आप लोग जाएंगे तभी तो माँ गुरुवर की कृपा आप लोगों को मिलेगी गुरुवर श्री ने अपने शिष्यों, चेतना अंशों के माध्यम से आज समाज में परिवर्तन किया है। जो साफतौर पर नजर आता है। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के युवा मोर्चा जिला प्रवक्ता राजीव सोनी ने कहा कि समाज में जो घटनाएं हो रही है चाहे वह एक्सीडेंट हो चाहे लड़ाई झगड़ा हो चाहे वह बलात्कार की घटनाएं हैं आज छोटी-छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म हो रहा है। इन सब के पीछे का कारण है नशा इसलिए आप लोग लोगों से नशा न करने एवं जन जागरण के माध्यम से प्रत्येक घर के व्यक्ति तक यह संदेश दें की नशा आपके जीवन को तबाह कर रहा है इसे आप लोग छोड़े और मां का गुणगान करें।


भारत सरकार

आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर से राष्ट्र-निर्माण



राष्ट्रीय जलमार्ग 5 से बढ़कर 111 हुए, साल 2024 में रिकॉर्ड 145+ एमएमटी कार्गो की आवाजाही हुई जो साल 2014 का 8 गुना है

सागरमाला परियोजना के तहत ₹1.41+ लाख करोड़ के 272 प्रोजेक्ट हुए पूरे; मजबूत हुआ तटीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और पोर्ट-लेड डेवलपमेंट के विजन को मिला बल


भारत में दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज-चिनाब ब्रिज और 10,000+ फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी हाईवे टनल-अटल टनल



एयरपोर्ट्स हुए दोगुने से अधिक : 2014 में 74 से बढ़कर अब 162

उड़ान योजना के तहत 1.50+ करोड़ लोगों ने की सस्ती हवाई यात्रा

मेट्रो 5 शहरों से बढ़कर 23 शहरों में; मेट्रो नेटवर्क 2014 के 248 किमी से बढ़कर 1000+ किमी हुआ



66+ लाख किलोमीटर की लम्बाई के साथ भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क

नेशनल हाईवे की कुल लंबाई 60% से ज्यादा बढ़ी, 91,000 किमी से बढ़कर 1.46 लाख किमी

99% तक हुआ ग्रामीण रोड कनेक्टिविटी का कवरेज

CBC 37101/13/0008/2526



142 वर्ल्ड-क्लास वंदे भारत ट्रेन सेवाएं बनीं आधुनिक रेलवे की मिसाल; ट्रेन यात्रा हुई तेज और सुविधाजनक

उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक के शुरू हो जाने से कश्मीर से कन्याकुमारी तक सीधे रेल कनेक्टिविटी का सपना हुआ पूरा

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहा 1300+ रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण, स्टेशन बन रहे आधुनिक और सुविधायुक्त

विकसित भारत का अमृत काल

सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल



# एनसीएल में चलाया जा रहा जनजागरुकता अभियान

**जागरण सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 25 के अवसर पर स्थानीय परिक्षेत्र में योग के महत्व को जन.जन पहुंचाने के उद्देश्य से जन.जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष अंतराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर मनाया जाएगा। इसी कड़ी में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में योग एवं इसके महत्व के प्रति जन.जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का जैसे योग जागरूकता रैली निबंध लेखन प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग योगाभ्यास इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। एनसीएल द्वारा 15 से 20 जून तक आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 25,000 लोगों को योग से जोड़ने की कार्य योजना है। गौरतलब है कि हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर योग के शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक महत्व को बढ़ावा देना है।



## विद्युत पोल से तार चोरी होने से अंधेरे में डूबे दर्जनों गांव

**जागरण, सीधी।** जिले के विद्युत वितरण केंद्र रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम आमडांड-44 के 8 विद्युत पोलों में लगे मुख्य तारों को अज्ञात चोरों ने 6 जून की दरम्यानी रात काटकर चोरी कर लिया। इस घटना के बाद से दर्जनों गांव तीन दिनों से अंधेरे में डूबे हुए हैं। तत्संबंध में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में बताया है कि विद्युत पोल से तारों की चोरी होने की जानकारी विद्युत वितरण केंद्र रामपुर नैकिन के कनिष्ट यंत्री को अगले ही दिन दी गई। जिस पर उनका कहना था कि जिला मुख्यालय के वरिष्ट कार्यालय को सूचना भेज दी गई है। वहां से तार एवं विद्युत अमला के आने पर ही विद्युत सप्लाई बहाल हो सकेगी।

SELECTION OF AGENCY FOR ESTABLISHING, OPERATING AND MAINTAINING DISTRICT NODAL CALL CENTRE, DISTRICT Sidhi

**Notice Inviting Tender (NIT)**

**Office of DeGS District Sidhi**
**Department of Public Service Management**
**Pin Code – 486661**

Bid No: -- 1142 /Dccc/2025 Date: 06-06-2025

Request for Proposal (RFP) for "Selection of Agency for Establishing, Operating and MaintainingDISTRICT NODAL CALL CENTRE at Office of DeGS, District Sidhi Online Tenders are invited from reputed Agencies based in India for providing manpower with ITequipment mentioned in this RFP for Establishing, Operating and Maintaining DISTRICT NODAL CALL CENTRE for Office of DeGS, District Sidhi The bids will be received up to the date & time indicated below. The online tenders will be opened in the office of the undersigned as mentioned timeschedule (key date).

| Tender Specification No | Name of the Work/Services | Tender Fees (In INR) | EMD (In INR) | Performance Bank guarantee (PBG) | Due date of opening of tender online from 12:00 Hrs.* |
|---|---|---|---|---|---|
| | Selection of Agency for Establishing, Operating and Maintaining DISTRICT NODAL CALLCENTRE at Office of DeGS, District Sidhi | 500/- | 50,000/- | 03% of the overall contract value | **04-07-2025** |

* For updated / extended due dates for opening of tender please refer to the key dates. The Client reserves the right to reject any or all the tenders or accept any tender in full or part as considered advantageous to the Client, whether it is lowest or not, without assigning any reason whatsoever it may be.

G- 14141/25

**Additional Collector**
**Office of DeGS,District sidhi**
**Department of Public Service Management**
**Pin Code – 488661**

## ग्राम पंचायत गीड़ा का कागजों तक सीमित है विकास कार्य

**जागरण सरई ।** जिले के जनपद पंचायत देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत गीड़ा में कागजों में विकास कार्य चल रहे हैं। सरकार के लाख कोशिश के बाद भी पंचायत पदाधिकारी फर्जीवाड़ा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत गीड़ा में बीते पंचवर्षीय में आवास निर्माण में काफी गड़बड़झाला किया गया है। पिछले सरपंच रजुआ सिंह पति राजवेन्द सिंह के कार्यकाल में जमकर फर्जी वाड़ा हुआ है। गीड़ा का पूर्व महिला सरपंच रजुआ सिंह के पढ़ी.लिखी न होने से तत्कालीन सचिव सह रोजगार सहायक द्वारा अनपढ़ महिला सरपंच का बढ़िया लाभ उठाते हुए कागजों में बहुत सारे निर्माण कार्य हुए हैं जो धरातल पर उपलब्ध नहीं हैं। यह तो केवल एक नमूना हैए हकीकत तो जांच के बाद ही पता चलेगा। यदि ग्राम पंचायत गीड़ा का बीते कार्यकाल का उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

### यह है मामला

**केस.1** रन सिंह पिता लालमन सिंह का प्रधानमंत्री आवास कागज में बनकर तैयार है जबकि स्थल पर उपलब्ध नहीं है।

**केस.2** निरसिया पनिका पति तिलकधारी पनिका का प्रधानमंत्री आवास सरकारी कागज पर बना हुआ है परंतु जमीनी स्थल पर उपलब्ध नहीं है।

## सोन नदी पुल क्षतिग्रस्त होने से वाहनों के आवागमन हुए प्रभावित

**बाणसागर।** बाणसागर परियोजना देवलौद में बना हुआ सोन नदी पुल बीचोंबीच क्षतिग्रस्त हो गया है। पिछले दिनों प्रदेश के मुख्य मंत्री के मुख्य आतिथ्य में ब्यौहारी में बिरसा मुंडा जयन्ती में विशाल सभा आयोजित रही । टूटे पुल की दरार को डस्ट से छुपा कर रखा गया था। ईश्वर मेहरबान था किसी अप्रिय घटनाएं होने से बच गया, आज सुबह कई वाहन पुल में फंस गए, अन्ततः पुल क्षतिग्रस्त होती गई। थाना प्रभारी देवलौद सुभाष दुबे जी को जानकारी होते ही पुल के दोनों ओर पुलिस बल तैनात कर दिए, और वाहनों के आवागमन पर पूर्णतः रोक लगा दिया गया जिससे अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। परन्तु आवागमन के रुकने से भीषण गर्मी में यात्री गण बहुत परेशान हैं, समय समय पर पुल का मेनटेनेंस नहीं होने से सम्बंधित अधिकारियों को कोस रहे थे।

## वन कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष का भव्य स्वागत

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश वन कर्मचारी संघ भोपाल के नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष पंकज पाण्डेय के प्रथम सीधी जिले में आगमन होने पर वन विभाग के सभी अधिकारी,कर्मचारियों के द्वारा भव्य स्वागत वंदन किया गया। वन कर्मचारी संघ सीधी जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा द्वारा इस अवसर पर उत्साह बढ़ाया गया कि प्रांताध्यक्ष पंकज पाण्डेय सीधी जिले के स्व. रामखेलावन पाण्डेय पूर्व विधायक गोपद बनास के पौत्र हैं। वन कर्मचारी संघ भोपाल के चुनाव में 40 वोटो से जीत दर्ज करके प्रांत अध्यक्ष चुने गए। नव निर्वाचित प्रांताध्यक्ष द्वारा वन विभाग ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों से संवाद किया है और सीधी जिले कर्मियों के द्वारा उनका सम्मान कर और अच्छा कार्य करने के लिए उनसे आशा जताई गई है। भव्य स्वागत करने के लिए वन विभाग के सीधी जिले के कर्मचारी काष्ठागार जमोडी में उपस्थित रहे हैं। इस दौरान वन कर्मचारी संघ सीधी के अध्यक्ष पंकज मिश्रा, उप जिलाध्यक्ष भमर सिंह, कुलदीप श्रीवास्तव, शिवेंद्र सिंह, राजेश शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, कृष्ण कुमार पनिका, रामखेलावन पनिका, राधे साकेत, राजेंद्र यादव एवं जिला सीधी के वन कर्मचारी सदस्य, समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## निर्वाचन अधिकारी ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण

**जागरण, सीधी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में भाजपा से अमित प्रधान, सीपीएम से सुंदर सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एनएचआईटी ईस्टर्न प्रोजेक्ट्स (प्रा.) लिमिटेड**
(राष्ट्रीय राजमार्ग इंफ्रा ट्रस्ट की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)

**सार्वजनिक सूचना**

**खेरवसानी टोल प्लाजा पर संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दरे 12.06.2025 के 00:00:00 बजे से लागू।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एनएचएआई के दिनांक 27.03.2025 के पत्र संख्या एनएचएआई/आरओ-एमपी/बीपीएल/पीआईयू-कटनी/टोल संचालन/2025/53597 तथा पत्र संख्या एनएचएआई/पीआईयू/कटनी/इन्विट/2025/2843 दिनांक 09.06.2025 के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग-7 के चार लेन के रीवा – कटनी – जबलपुर खंड कि.मी. 311+000 से कि.मी. 399+692 (कटनी बाईपास सहित) पर स्थित खेरवसानी टोल प्लाजा NH-7 (नया NH-30) के कि.मी. 325+400 पर, मध्य प्रदेश राज्य, पर संग्रहित किये जाने वाला संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क **दिनांक 12-06-2025 समय 00.00 बजे** से निम्न प्रकार लागू होगा।

**खेरवसानी टोल प्लाजा**

| क्र. सं. | वाहन का प्रकार | एक तरफा यात्रा के लिये शुल्क (रुपये में) | बहुयात्राओं (अधिकतम दो एकतरफा) संदाय के समय से 24 घंटे के लिये शुल्क (रुपये में) | 50 एक तरफा यात्राओं के लिये मासिक पास शुल्क (रुपये में) | जिले में पंजीकृत स्थानीय वाणिज्यिक वाहनों के लिये शुल्क (राष्ट्रीय परमिट के तहत चलने वाले वाहनो को छोड़कर) (रुपयें में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार / जीप / वैन या हल्के मोटर वाहन | 170 | 255 | 5620 | 85 |
| 2 | हल्के वाणिज्यिक वाहन / हल्के माल वाहकवाहन / मिनी बस | 270 | 410 | 9075 | 135 |
| 3 | बस या ट्रक (दो धूरी वाले) | 570 | 855 | 19020 | 285 |
| 4 | वाणिज्यिक वाहन (तीन धूरी वाले) | 620 | 935 | 20745 | 310 |
| 5 | भारी निर्माण मशीनरी (भं.सं.म.) या अर्थ मूविंग उपस्कर (अ.मु.उ.) या बहुधुरीय वाहन (ब.धु.व.) (चार से छह धुरी वाले) | 895 | 1340 | 29825 | 445 |
| 6 | विशाल आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 1090 | 1635 | 36305 | 545 |

**नोट:** जिस व्यक्ति का अपना यांत्रिक वाहन, गैर-वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए पंजीकृत हुआ हो और टोल प्लाजा से बीस किलोमीटर तक की दूरी में निवास करता हो, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मासिक पास की दर रूपये 350/- होगी।

**सम्पर्क करने के लिए पता:**
**एनएचआईटी ईस्टर्न इंफ्रा प्रोजेक्ट्स (प्रा.) लिमिटेड,**
**पंजीकृत कार्यालय: जी-5 एवं 6, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075**
**दूरभाष: 011-25076536, फैक्स: 25076536, ईमेल: neppl@nhit.co.in**

**सड़के ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी**

### कार्यालय नगर परिषद त्यौथर, जिला-रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 529/भंडार/निविदा आमंत्रण/2025 त्योथर, दिनांक 09/06/2025

**ई-निविदा आमंत्रण**

समस्त पंजीकृत फर्म/अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 हेतु नीचे कॉलम मे वर्णित सामग्रियों की दरों की आवश्यकता ई-टेण्डरिंग के माध्यम से है, इच्छुक सप्लायर वेबसाइट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (पृथक-पृथक) दिनांक 09.06.2025 को सायं 05.30 बजे से दिनांक 24.06.2025 को सायं 5.30 बजे तक प्राप्त कर सकेंगे। विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | एनआईटी क्र. एवं दिनांक | टेंडर क्र. | नाम सामग्री विवरण | अनुमानित लागत (₹ लाख में) | अमानत राशि (₹ में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 529 / 09.06.2025 | 2025_UAD_429577_1 | टेन्ट सामग्री किराये हेतु वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। | 03.00 | 3000/- | 2000/- |

शर्तें :-

1. निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकारों को डिजिटल सिग्नेचर बनवाना होगा तथा निविदा पोर्टल https://mptenders.gov.in में पंजीयन कराना आवश्यक होगा। डिजिटल सिग्नेचर एवं पोर्टल पंजीयन के बिना निविदा में भाग नहीं लिया जा सकता।
2. सप्लायरों को निविदा में भाग लेने के लिए अमानत राशि तथा निविदा प्रपत्र हेतु ऑन लाइन भुगतान रसीद की कॉपी, ऑर्गनाइजेशन डिटेल (Annexure-C), आधार कार्ड, पैन-कार्ड, GST पंजीयन, दुकान स्थापना प्रमाण-पत्र, सप्लायर प्रमाण पत्र की सत्यापित स्कैन कॉपी ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड करना होगा। साथ ही Annexure-B के अनुसार ₹ 100/- के नॉन ज्यूडीसियल स्टाम्प पर शपथ पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करना होगा। दस्तावेजों के अभाव में निविदा अमान्य कर दी जावेगी।
3. जिन सप्लायरों ने पूर्व में दरें प्रस्तुत कर अनुबंध नहीं किया है, या कि सामग्री नहीं दिया है या कि प्रदाय सामग्री गारंटी में नहीं बदला है, उन्हे निविदा में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा। अगर ऐसे निविदाकारों द्वारा निविदा में भाग लिया जाता है, तो उनकी निविदा अमान्य कर दी जावेगी।
4. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार प्रशासक/मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सुरक्षित होगा, जिसका कारण बताना अनिवार्य नहीं होगा।
5. निविदाकार द्वारा दी गई दरों में GST को छोड़कर अन्य सभी कर समाहित होंगे। GST के अतिरिक्त अन्य किसी भी तरह का कर देय नहीं होगा। नगर परिषद GST के अतिरिक्त अन्य किसी भी कर के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। अगर किसी भी तरह का कोई कर लगता है तो उसकी सम्पूर्ण जबावदारी निविदाकार की होगी। GST का भुगतान शासन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत किया जावेगा।
6. देयकों में नियमानुसार कटौती की जावेगी।
7. न्यूनतम दर स्वीकृत उपरांत सूचना प्राप्ति के पश्चात निर्धारित ई-स्टाम्प पेपर में तीन दिवस के अंदर सप्लायर को अनुबंध करना होगा एवं प्रदाय आदेश जारी होने के सात दिवस के अंदर उत्तम गुणवत्ता युक्त सामग्री प्रदाय करना होगा। अन्यथा की स्थिति में ठेका निरस्त कर अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी, एवं सप्लायर को कालातीत (Blacklisted) किया जावेगा।
8. विद्युत सप्लायर को डीलर सर्टिफिकेट संलग्न करना होगा।

(अजय कुमार पाण्डेय)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद त्योथर
जिला-रीवा (म.प्र.)

## कलेक्टर ने सुनी 171 आवेदकों की समस्याएं

**जागरण, सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 171 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**मकान किराये से देना है**

2BHK फैमिली रूम अटैच किचेन एवं वाथरूम, आनन्द नगर बोदाबाग, केरला पब्लिक के पास किराये से देना है सम्पर्क करें:- मो. 8085307703

RN. GM Sir/12/6

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - **8962086944**

## मंदिर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव तथा एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चुरहट उप निरीक्षक दीपक सिंह बघेल के नेतृत्व में कार्य करते हुए चुरहट पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरुका बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार 6 जून 2025 कोन फरियादी रामजी तिवारी निवासी चुरहट जो कि बूढ़ी माता मंदिरए चुरहट में पुजारी हैंए ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 5-6 जून की रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया एवं देवी प्रतिमा से सोने की आंखें, टिकुली, फुलिया, हाथ का कड़ा एवं पीतल की लड्डू गोपाल की मूर्ति चोरी कर ली गई है। प्रकरण में तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी चुरहट एवं उनकी टीम द्वारा गंभीरता से जांच करते हुए संदिग्ध जितेन्द्र सिंह पिता नरेन्द्र सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी बुढ़नवार थाना गोहपारनए जिला शहडोल को अभिरक्षा में लेकर सघन पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार करते हुए बताया कि उसने रात्रि करीब 2:30 बजे मंदिर का ताला तोड़कर उक्त आभूषण एवं मूर्ति चुराई थी। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया मशरुका बरामद कर लिया गया है। विधिसम्मत कार्रवाई पूर्ण कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**नाम एवं जन्म सुधार सूचना**

मै कि आर्मी नम्बर 15616370N रैंक CHM, AMIT PRASAD URMALIYA S/O SHRI MAHENDRA PRASAD URMALIYA, यूनिट 28 सी.जी. बटालियन एन.सी.सी.रायगढ़ (16 Guards) एवं निवासी ग्राम- करारी, पोस्ट-महमूदपुर, तहसील- मनगवां, जिला- रीवा मध्य प्रदेश, पिन नंबर- 486001 का हूँ, और शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरी माता का सही व वास्तविक नाम GEETA URMALIYA है, व सही व वास्तविक जन्म दिनांक 01/01/1963 है। मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम SARASWATI व जन्म दिनांक 01/07/1965 अंकित है, जो कि गलत नाम व जन्म तिथि है, जबकि मेरी माता का सही नाम GEETA URMALIYA है, व सही व वास्तविक जन्म दिनांक 01/01/1963 है, जो कि आधार कार्ड में दर्ज है, जो कि सही एवं सत्य है। अत: मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम SARASWATI व जन्म दिनांक 01/07/1965 के स्थान पर मेरी माता का सही नाम GEETA URMALIYA है, व सही जन्म दिनांक 01/01/1963 आधार के अनुसार पढ़ा, समझा, मान्य व सुधार किया जाये।

RN-82275

**AMIT PRASAD URMALIYA**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-उमरिया (म.प्र.)

निविदा क्र. 13-18/2025-26/का.यं./लोक.स्वा.यॉ/खण्ड/उमरिया दिनांक 09/06/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं।

**कार्य:-** उमरिया जिला के समस्त विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत पुनिरीक्षित योजनाओं के तहत् 75किली. क्षमता के आर.सी.सी. उच्चस्तरीय पानी की टंकी का निर्माण एवं विभिन्न क्षमता के आर.सी.सी. सम्पवेल का निर्माण, पाईप लाईन विस्तार,वॉल चेम्बर निर्माण,पम्प हाऊस प्रदाय,निर्माण एवं स्थापना,विद्युत लाईन विस्तार,घर-घर नल कनेक्सन एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित समस्त सामाग्री प्रदाय एवं स्थापना संबंधी प्राक्कलन अनुसार समस्त कार्य।

| क्र. | निविदा क्र. | ई-टेण्डर नम्बर | ग्राम (विकासखण्ड) | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | अमानती राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.) | समय अवधि (वर्षाकाल सहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13/25-26 | 2025_PHED_429514_1 | करकेली, बरही, धनवार (करकेली) | 97.08 लाख | 97,080/- | 10,000/- | 02 माह | लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश में पंजीकृत या केन्द्र के निर्माणों में पंजीकृत संस्थाऐं |
| 2 | 14/25-26 | 2025_PHED_429515_1 | सस्तरा, छादाकला, झीमा (करकेली) | 88.73 लाख | 88,730/- | 10,000/- | 02 माह | |
| 3 | 15/25-26 | 2025_PHED_429516_1 | गुरूवाही, ताला, धमोखर (मानपुर) | 71.04 लाख | 71,040/- | 10,000/- | 02 माह | |
| 4 | 16/25-26 | 2025_PHED_429518_1 | कोड़ार, बरतराई, रथेली (मानपुर) | 58.52 लाख | 58,520/- | 10,000/- | 02 माह | |
| 5 | 17/25-26 | 2025_PHED_429600_1 | मालाचुआ, अमिलिहा (पाली) | 64.15 लाख | 64,150/- | 10,000/- | 02 माह | |
| 6 | 18/25-26 | 2025_PHED_429601_1 | बेली, घुनघुटी, बकेली (पाली) | 102.49 लाख | 1,02,490/- | 12,500/- | 06 माह | |

**प्रीबिड मीटिंग की तिथि 10/06/2025 समय 11:00 सुबह**
**निविदा ऑनलाईन क्रय एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23/06/2026 समय 5.30 सायं**
**निविदा ऑनलाईन खोलने की तिथि 25/06/2025 समय 11.00 सुबह**

निविदा शर्तें एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर प्रदर्शित हैं। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा। समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगें।

G- 14156/25

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**जिला उमरिया**

### बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल-462026 (म.प्र.)

क्रमांक : 84/Sociology/2025 दिनांक : 10.06.2025

**विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों में प्रवेश सत्र 2025-2026**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-2026 हेतु प्रवेश BU Online Portal के माध्यम से दिया जावेगा। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय पोर्टल (BU Portal) पर रजिस्टर कर पाठ्यक्रम का विकल्प चुन सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया **दिनांक 24.05.2025** से वेबसाइट पर प्रदर्शित सारणी अनुसार होगी। वेबसाइट लिंक निम्नवत है : **https://www.bubhopal.ac.in**

**PG, UG, Diploma and Certificate Courses**

| P.G. Course | U.G. Course | P.G. Diploma/ Certificate Course |
|---|---|---|
| **M.A.:** Arabic; Sanskrit; Linguistics; English; Hindi; Persian; Urdu; Education; Psychology; Clinical Psychology; Economics; Geography; History; Sociology; Social Work; Political Science; Women Studies; Human Consciousness & Yogic Science; Sport Psychology<br>**M.Com:** Financial Management<br>**M.Sc.:** Bioscience; Biotechnology; Biochemistry; Genetics; Environmental Science; Limnology; Microbiology; Botany; Agronomy; Zoology; Human Consciousness & Yogic Science; Applied Geology; Geoinformatics; Computer Science; Information Technology; Electronics; Physics; Chemistry; Mathematics<br>**M.F.Sc.:** Applied Aquaculture<br>**M.Sc. (Tech.):** Remote Sensing<br>**LL.M. :** Human Right; Criminal Law | **B.A.** (Hons.) Sociology<br>**B.A.LL.B.** (Hons.)<br>**B.Sc.** (Hons.) Zoology<br>**B.Sc.** (Hons.) Agriculture<br>**B.Sc.** (Hons.) Physics<br>**B.Sc.** Aviation<br>**B.Com** (Hons.) Commerce<br>**B.Com** Banking, Financial Services and Insurance (BFSI)<br>**B.B.A.** (Hons.)<br>**B.B.A.** Aviation<br>**B.C.A.**<br>**B.P.E.S.** | **PG Diploma in**<br>• Modern Arabic Language<br>• Yoga Therapy<br>• Stress Management through Yoga<br>• Yogic Science<br>• Guidance and Counselling<br>• AI & Machine Learning<br>**Certificate in**<br>• Modern Arabic Language<br>• Yogic Science<br>• Energy Audit & Management |

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश मेरिट के आधार पर होंगे। अर्हकारी परीक्षा के परिणाम न आने की स्थिति में अभ्यर्थी प्रविधिक प्रवेश हेतु अंतिम उत्तीर्ण परीक्षा के अंक भरें।

**Courses under DTE and Department of Higher Education, M.P. Government**

| P.G. Course | U.G. Course |
|---|---|
| **M.Tech.:** Materials Science; Nano-Technology; Computer Science & Engineering; Digital Communication; Product Design; Information Technology. **MCA, MBA, M. Pharma, M. Pharma in Pharmaceutics, Pharmacognosy, M.P.Ed.** | **B.Tech.:** Civil Engineering; Computer Science & Engineering; Electronics and Communication Engineering; Information Technology; Mechanical Engineering **B. Pharma, B.P.Ed.** |

**Note:** For more information visit University website **www.bubhopal.ac.in.**
The University Reserves the right to withdraw/change intakes in the Advertised Admission Program.

M.P. Madhyam/120559/2025 **REGISTRAR**

# खजुराहो में ट्रेनी एयरक्राफ्ट की इमरजेंसी लैंडिंग

## कैप्टन और ट्रेनी पायलट सुरक्षित लैंडिंग के दौरान एयर क्राफ्ट को हुआ नुकसान






**जागरण, खजुराहो ।** खजुराहो विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं वाले एयरपोर्ट पर 10 जून की दोपहर लगभग 3 बजे उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक ट्रेनी एयर क्राफ्ट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई,प्राप्त जानकारी के अनुसार इंडियन फ्लाइंग अकादमी संस्था का एक एयरक्राफ्ट को ट्रेनिंग फ्लाइंग के दौरान वापिस लैंडिंग के लिए एयरक्राफ्ट के पहिले न खुलने के कारण विमान के कैप्टन ने एयरपोर्ट अथॉरिटी से संपर्क किया,और जानकारी दी,उक्त एयरक्राफ्ट पायलट ने जब दुबारा भी लैंडिंग की कोशिश की लेकिन फिर भी पहिए नहीं खुल पा रहे थे,तो एयरक्राफ्ट को आसामान में जब तक उड़ाया गया जब तक कि उसका फ्यूल खत्म हो जाए,इसके बाद उक्त एयरक्राफ्ट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई इस दौरान लैंडिंग स्थल पर केमिकल,फोम और पानी से तर कर दिया गया,साथ ही सुरक्षा के सभी इंतजाम भी कर लिए गए थे, एयरक्राफ्ट की जब लैंडिंग हुई तो उस पर लगातार पानी ,फोम केमिकल की बौछार की गई,और कैप्टन तथा ट्रेनी पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया,हालांकि विमान क्षतिग्रस्त हो गया,जो जांच का विषय है ।उक्त घटना पर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने मोबाइल रिसीव नहीं करते हुए घटना से बचते हुए मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया,हालांकि इस मामले पर एयरपोर्ट प्रबंधन का कोई भी अधिकारी तथा कर्मचारी कुछ भी कहने से बचते नजर आए। पिछले वर्ष भी रनवे पर एक एयरक्राफ्ट फिसल गया था,जिसे आनन – फानन में फिर से रनवे पर धक्का देकर चढ़ाया गया,उक्त घटना को भी छुपाया गया था, कई बार ट्रेनी एयरक्राफ्ट बहुत नीचे से उड़ते हैं जो चर्चा का विषय बन जाते हैं,लगातार पश्चिमी मंदिर समूह के नो फ्लाइंग जोन पर से उड़ान भरते रहते हैं ट्रेनी एयरक्राफ्ट जिसे रोकने वाला कोई नहीं खजुराहो में फ्लाइंग ओला तथा इंडियन फ्लाइंग अकादमी के पायलट ट्रेनी सेंटर चल रहे हैं,जिनमें देश भर से आए ट्रेनी पायलट ले रहे हैं ट्रेनिंग खजुराहो की घनी बस्ती वाले क्षेत्र में रखा पकड़ा गया था एयरक्राफ्ट का फ्यूल जिससे बड़े खतरे का अंदेशा बना रहता है।

## पति-पत्नी की लड़ाई रोकने गए परिवार के लोगों ने कर दी मारपीट

**छतरपुर ।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के छोटी कुंजरहटी में एक परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दरअसल यहां पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो रहा था, जिसे परिवार के लोग रोकने गए थे लेकिन जब महिला नहीं मानी तो लड़ाई रोकने गए लोगों ने उसे तथा उसकेक बच्चों को पीट दिया। घटना के बाद पीड़ित महिला ने एसपी ऑफिस में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता अफसाना राईन ने बताया कि उसका, उसके पति से विवाद चल रहा था। इसी दौरान परिवार के कुछ लोग बीच-बचाव करने आए। अफसाना ने पति-पत्नी के मामले में हस्तक्षेप न करने की बात कही, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। इसके बाद रसीद, कल्लू, रेशमा, आसमा, चाहत, अजमत, छोटू और आहिल ने मिलकर अफसाना और उसके बच्चों के साथ मारपीट की। मारपीट में अफसाना और उनके बच्चे घायल हो गए। इस घटना का वीडियो पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अफसाना ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई में 171 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**छतरपुर ।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 171 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही कलेक्टर ने दिव्यांगों की समस्याओं को अलग से सुना। कलेक्टर श्री जैसवाल ने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का प्रमुखता के साथ निराकरण करें।

## सीएमएचओ के संरक्षण में चल रहा झोलाछाप फतेपुरिया का क्लिनिक



**जागरण, लवकुश नगर ।** जिले के सीएमएचओ के संरक्षण में नगर में झोलाछाप डॉक्टर फतेपुरिया फिर सक्रिय हो गया है और सीना तान के मरीजों का मनमानी उपचार कर रहा है और गरीब मरीजों का षोशण किये जा रहा है।बगैर डिग्री और संसाधन के ये झोलाछाप डॉक्टर मरीजो को बॉटल चढा रहा है और हर मर्ज की दवा अपने क्लिनिक से मरीजो को मनमाने दाम पर देकर गरीब मरीजों का खून चूस रहा है। एक तरफ मध्यप्रदेश सरकार इन झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश लगाने हर संभव प्रयास कर रही है प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए है कि अपने अपने जिलों में झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश लगाये वहीं कलेक्टर के भी सख्त आदेश हैं कि सीएमएचओ और विकास खंड चिकित्सा अधिकारी अपने अपने क्षेत्रो में झोलाछापों को चिन्हित कर इन पर कार्यवाही करें लेकिन लवकुशनगर में सरकार और कलेक्टर के आदेश को धता बताकर झोलाछाप डॉक्टरों को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है और झोलाछाप दिन रात फलफूल रहे हैं। नगर में फर्जी चिकित्सक ही नहीं फर्जी पैथालॉजी, एक्सरे सेंटर का संचालन हो रहा है जहां न तो मरीजों की सही जांच हो पा रही है और न ही उन्हें उचित उपचार मिल रहा है। सोचने वाली बात है ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के हालात मैदानी स्तर पर क्या होंगे जब नगरीय क्षेत्र में हालात बद से बदतर हैं। जहां उच्च स्तर के अधिकारी बैठते हैं और उनकी नाक के नीचे जब झोलाछाप डॉक्टर, फर्जी पैथालाजी का संचालन में चल रहा है तो मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य की क्या स्थिति होगी, स्वतः स्पष्ट हो जाता है।

# भीषण बस हादसा, एक की मौत, 12 घायल



**जागरण, मंडला ।** निवास से जबलपुर मार्ग पर स्थित ग्राम ग्वारा में सोमवार की शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमें सात घायलों को जबलपुर रैफर किया। शेष घायलों को निवास सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बताया गया कि डिंडोरी जिले के शहपुरा विकासखंड के बिछिया ग्राम से बैगा समाज के लगभग 30 से 40 लोग एक बस में सवार होकर मंडला जिले के बीजाडांडी विकासखंड के उदयपुर ग्राम में चौथ बारात लेकर जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया।बताया गया कि निवास थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास से बरेला मार्ग पर ग्राम ग्वारा के पास सड़क किनारे एक ट्रैक्टर खड़ा था, जिससे कुछ मजदूर ईंटें उतार रहे थे। इसी दौरान बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर खड़े ट्रैक्टर से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टक्कर के बाद बस सड़क से लगभग 100 मीटर दूर खेत में जा घुसी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल बस में सवार लोगों को बाहर निकाला। बताया गया है कि ट्रैक्टर पर ईंटें उतारने का काम कर रहे दिनेश वरकड़े 16 वर्ष, पिता सहजन निवासी ग्राम भलवारा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।इस हादसे की सूचना 100 डायल और 108 एंबुलेंस को दी गई। जानकारी मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को निवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। निवास के चिकित्सकों ने सात गंभीर घायलों हिमांशु मरावी 13 वर्ष पिता गोविंद मरावी, चंदन धुर्वे 16 वर्ष, पिता विपत्त लाल दोनों ग्राम बिछिया के और राम चरण 19 वर्ष, पिता गोविंद ग्राम भलवारा समेत चार ओर घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।हादसे में अन्य घायलों में गीता धुर्वे 16 वर्ष पिता शोभ लाल निवासी ग्राम करौंदी, अंजलि सिंह 16 वर्ष पिता सुख चेन निवासी ग्राम बिछिया, स्वरूपीं बाई 43 वर्ष पति राजेश निवासी बिछिया, संदीप कुमार मार्को 21 वर्ष पिता संतोष कुमार निवासी सकरी और नंदनी बाई 17 वर्ष पिता सुख सैन निवासी बिछिया शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज निवास सीएचसी में जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही निवास नायब तहसीलदार आलोक सोनी, निवास थाना प्रभारी वर्षा पटेल, थाना स्टाफ और भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश पांडे पहुंचकर घायलों का हाल जाना है।

## जनसुनवाई में प्राप्त हुए 70 आवेदन, कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 70 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न ग्रामीणों ने आज जनसुनवाई में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जिले में जनसमस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है। शासकीय हाई स्कूल मडियारास के प्राचार्य ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि विगत दो माह से विद्यालय का विद्युत कनेक्शन खराब है, जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही शैक्षणिक और शासकीय कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने विद्युत मंडल को विद्युत आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पिण्डरूखी के अंतर्गत आने वाले पोषक ग्राम पाखाटोला के ग्रामीणों ने आवेदन कर बताया कि उनके ग्राम तक पहुंचने हेतु कोई भी मार्ग नहीं है, जिससे उन्हें शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## थाना मोतीनाला अंतर्गत प्राप्त अज्ञात महिला की शव की पहचान एवं उसके परिजनों के संबंध में सूचना दें

**मंडला ।** थाना प्रभारी थाना मोतीनाला से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मोतीनाला जिला मंडला (म.प्र.) में 6 जून 2025 को ग्राम मोतीनाला, नटराज होटल से करीबन 3 किमी आगे एनएच-30 मार्ग, किनारे जोगी मंढ़ी के जंगल में एक अज्ञात महिला उम्र करीबन 30-35 वर्ष की शव (करीबन 5-7 दिन पुराना) हरदूल के पेड़ एवं पत्थर के बीच क्षत-विक्षत हालत में मिलने पर थाना मोतीनाला में मर्ग क्रमांक 20/2025 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। मृतक के पहचान के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नही हो सका है। अज्ञात महिला का शव मिलने के संबंध में शव की पहचान एवं उसके परिजनों की तलाश हेतु किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर थाना मोतीनाला, जिला मंडला, थाना प्रभारी मो.नं. 6266658689 एवं जाँचकर्ता 7987907047 को सूचित करें।


NIFTEM KUNDLI
MOFPI MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES GOVERNMENT OF INDIA

National Institute of Food Technology Entrepreneurship and Management, Kundli

(An Institute of National Importance)

ADMISSION NOTICE - 2025

Applications are invited for the following programmes:

| Programme | Last Date |
|---|---|
| B.Tech. (FTM) | 30.06.25 |
| M.Tech. | 20.06.25 |
| MBA / Executive MBA | 20.06.25 |
| PhD (Second Call) | 20.06.25 |
| MBA Open House: Monday,16th June 11 AM onwards | |

For further details, please visit: www.niftem.ac.in

Registrar


## संपतिया उइके ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




**मंडला ।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध जल से सुरक्षा अभियान प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ मंडला जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर नागरिकों को शुद्धजल से सुरक्षा अभियान का संदेश देगा। प्रचार रथ को इस दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह और डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ ने भी हरी झंडी दिखवाया।

## आदिवासी विकास परिषद कार्यालय में मनाया गया बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि



**मंडला।** मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के जिला सचिव भगत सिंह धुर्वे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बतलाया कि 09 जून को मध्यप्रदेश आदिवासी परिषद मंडला कार्यालय के प्रांगण में धरती आवा भगवान बिरसा मुण्डा जी का पुण्यतिथि मनाया गया। इस अवसर पर परिषद के जिला अध्यक्ष चैनसिंह वरकडे की गरिमामयी उपस्थिति पर पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित की गई। सर्व प्रथम अध्यक्ष चैन सिंह वरकडे के द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा जी के चित्र पर दीप प्रज्जवल कर माल्यार्पण किया गया एवं बिरसा मुंडा जी के कार्यों संघर्षों पर उद्बोधन दिया। इस पुण्यतिथि में परिषद के पदाधिकारी गण तथा सदस्य गण भी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों में सर्व अधिकारी कर्मचारी प्रभाग के अध्यक्ष गजराज सिंह मरावी, युवा प्रभाग के अध्यक्ष कमलेश तिलगाम, जिला उपाध्यक्ष मंगलसिह मर्सकोले, महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष सोमवती धुर्वे, छात्र प्रभाग जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मर्रापा, सदस्य रामसिंह परस्ते,सदस्य कोमल सिंह मार्को , सदस्य सोनलाल मार्को,सदस्य बैजन्ती मरावी,सदस्य एल.आर.वरकड़े,सदस्य आशीष मार्को,सदस्य कालूराम रौतिया,मजदूर प्रभाग जिला अध्यक्ष रूपासिंह कोर्चे,सदस्य देवेन्द्र कुड़ापे,सदस्य रितेश सिंह धुर्वे सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति का समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजु ब्यौहार, सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, कार्यपालन यंत्री आरईएस श्री दीपक आर्मो, परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री प्रदीप कुमार शुक्ला सहित समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, उपयंत्री, सहायक लेखाधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत राज्य स्तर से समस्त जिलों की समीक्षा खेत तालाब, निर्माण कार्य, पुराने प्रगतिरत कार्यो की पूर्णता, कूप रिचार्ज, अमृत सरोवर निर्माण पर लक्ष्य निर्धारित कर पूर्णताः के आधार पर की जा रही है। जिले को किसानों के खेत में 2171 खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध जिले में 2321 कार्यों की स्वीकृति जारी कर 2200 कार्य निर्माण प्रारंभ किया गया है।

# प्रदर्शन के दौरान ब्राह्मण समाज को दी गई गालियां

**जागरण, छतरपुर ।** मंगलवार को ब्राह्मण समाज सभा नौगांव द्वारा जिला मुख्यालय पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा गया। ब्राह्मण समाज का आरोप है कि सोमवार को प्रजापति समाज द्वारा नौगांव में हत्या के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान संपूर्ण ब्राह्मण समाज को अश्लील गालियां दी गई हैं। इसके साथ ही समाज ने एक अन्य ज्ञापन भी दिया, जिसमें बिलहरी गोलीकांड में दो निर्दोष को लोगों को साजिशन फंसाने का आरोप है। ब्राह्मण समाज ने उक्त दोनों बिंदुओं की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में राशन दुकान पर हुए विवाद के दौरान प्रवीण पटैरिया द्वारा गोली चलाई गई थी, जिससे पंकज प्रजापति की मौत हो गई थी। इसी मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को प्रजापति समाज के लोग नौगांव के तहसील चौराहा पर प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन के बीच एक व्यक्ति ने समस्त ब्राह्मण समाज को गालियां दीं, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं और इसी को लेकर ब्राह्मण समाज में नाराजगी है। वहीं दूसरे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि उक्त घटना में आरोपी बनाए गए नवीन पटैरिया और रामसेवक अरजरिया का विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें राजनैतिक द्वेषभावना के चलते प्रकरण में आरोपी बनाया गया है। समाज ने मांग की है कि समाज को गालियां देने वाले उचित कार्रवाई हो और प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर, आरोपी बनाए गए निर्दोष लोगों को न्याय दिया जाए। इस मौके पर भाजपा नेता सूरजदेव मिश्रा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवनीन्द्र पटैरिया सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## शराब के नशे में धुत्त आरक्षक ने मचाया उत्पात

**छतरपुर ।** कोतवाली थाना के एक आरक्षक द्वारा शराब के नशे में धुत्त होकर एक गरीब व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। दरअसल सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें कोतवाली थाना में पदस्थ आरक्षक अरूणेन्द्र प्रताप सिंह शराब के नशे में धुत्त होकर शहर के महोबा रोड स्थित चर्च के समीप बीच सड़क पर गाली-गलौज करते नजर आ रहे हैं। वहीं मौजूद एक रिक्शा चालक ने आरोप लगाया कि आरक्षक द्वारा उसके साथ मारपीट की गई और एक पत्थर उसके ऊपर पटका गया जिससे उसे चोट आई है।

## जनसुनवाई में पहुंचे 106 आवेदक कलेक्टर ने दिए निराकरण के निर्देश




**मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में संपन्न हुई जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका समुचित निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में 106 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए एवं आवेदन की प्रकृति के अनुसार समय सीमा निर्धारित की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में खाद्यान्न पर्ची, आवास योजना, अतिक्रमण, भुगतान, सीसी रोड, भूमि विवाद आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदनों का निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।


IDBI BANK

आई.डी.बी.आई. बैंक लिमिटेड
अंचल कार्यालय : प्रथम तल, सेन्टर प्वाइंट, कमर्शियल काम्पलेक्स
टी.टी. नगर, न्यू मार्केट, भोपाल-462003
फोन : 0755-4848320 E-mail:deepak.bundel@idbi.co.in

**सरफेसी अधिनियम के तहत मोचन/विक्रय सूचना- अचल सुरक्षित संपतियों के लिए**

प्रति,
1. श्री श्रीमन नारायण अग्रवाल (ऋणी एवं बंधककर्ता)
2. श्रीमती बबिता अग्रवाल पत्नि श्री श्रीमन नारायण अग्रवाल (सहऋणी)
ऋणी(यो)/सहऋणी(यो) एवं बंधककर्ता(ओ) का पता:-
मकान नं. 128, वार्ड नं. 7, मेन रोड, राधिका कालोनी, खजुराहो, छतरपुर, (म.प्र.) - 471606

**विषय: वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (अधिनियम) की धारा 13(8) के अंतर्गत नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (नियम) के नियम 8(6) के साथ पठित।**

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (आईडीबीआई बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी आपको निम्नानुसार नोटिस देते हैं; आईडीबीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा नियम 3 के साथ पठित 13(2) के तहत दिनांक 16.12.2023 को आप **(1) श्री श्रीमन नारायण अग्रवाल (ऋणी और बंधककर्ता), (2) श्रीमती बबिता अग्रवाल (सहऋणी )** को डिमांड नोटिस जारी किया तथा इसके माध्यम से नोटिस में उल्लिखित राशि **रु. 4,57,10,279.50/- (रुपये चार करोड़ सत्तावन लाख दस हजार दो सौ उन्यासी एवं पैसा पचास मात्र)** ऋणों के संबंध में दिनांक **10.01.2024** तक बकाया राशि के लिए, साथ में दिनांक **10.01.2024** से प्रभावी ब्याज सहित उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान करें। चूंकि आप **(1) श्री श्रीमन नारायण अग्रवाल (ऋणी और बंधककर्ता), (2) श्रीमती बबिता अग्रवाल (सहऋणी )** उपरोक्त राशि चुकाने में विफल रहे हैं, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 8(1) के साथ मिलकर **31.01.2025** को सनावद, **खजुराहो, छतरपुर (म.प्र.)** में स्थित आपकी अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों का **भौतिक कब्जा** ले लिया है, अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों का विस्तृत विवरण अनुलग्नक-। में दिया गया है। अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नियम 8 के उप-नियम (1), (2) और (2-ए) के अनुपालन में कब्जा नोटिस जारी किया है।

आपकी अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों का कब्जा लेने के बाद, अधोहस्ताक्षरकर्ता उन्हें बेचने का प्रस्ताव रखते हैं। तदनुसार, नियम 8(6) के साथ धारा 13(8) के तहत आपको नोटिस दिया जाता है कि अनुलग्नक में अधिक विस्तृत रूप से उल्लिखित अचल सुरक्षित परिसंपत्ति को इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों के बाद नियम 8(5) में उल्लिखित निम्नलिखित तरीकों में से किसी एक को अपनाकर बेचा जाएगा, अर्थातः
(ए) सुरक्षित परिसंपत्तियों में काम करने वाले या ऐसी परिसंपत्तियों को खरीदने में अन्यथा रुचि रखने वाले पक्षों से कोटेशन प्राप्त करके; या
(बी) जनता से निविदाएं आमंत्रित करके; या
(सी) ई-नीलामी मोड के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी आयोजित करके; या
(डी) निजी संधि द्वारा।

इस संबंध में, आप 10.01.2024 तक **रु. 4,57,10,279.50/- (रुपये चार करोड़ सत्तावन लाख दस हजार दो सौ उन्यासी एवं पैसा पचास मात्र)** के संपूर्ण बकाया का भुगतान अनुबंध दरों पर अतिरिक्त ब्याज और लागतों के साथ कर सकते हैं और ऊपर निर्दिष्ट 30 दिनों के भीतर संबंधित अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ा सकते हैं/ उनका कब्जा वापस ले सकते हैं। यदि आप/ऋणी इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों के भीतर ऊपर बताए गए बकाया का भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो नीचे हस्ताक्षरकर्ता आईडीबीआई बैंक के सर्वोत्तम हित में आवश्यक किसी भी उपरोक्त तरीके को अपनाकर उक्त अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए आगे बढ़ने के लिए स्वतंत्र होंगे।
कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस आपको धारा 13(8) के साथ नियम 8(6) के अनुसार जारी किया गया है, तथा अधिनियम या नियम या किसी अन्य लागू कानून के तहत आईडीबीआई बैंक को उपलब्ध अधिकारों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालता है।

**अनुलग्नक-। (अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण)**

**1 : अचल संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि स्थित क्षेत्रफल-0.183 हेक्टेयर (खसरा नं. 1832/9/1/1/3) ग्राम-खजुराहो, पटवारी हल्का नं. 31, तहसील राजनगर, जिला-छतरपुर (म.प्र.) 471606**
**उस पर मौजूद संरचनाओं की चर्तुसीमाएँ:** उत्तर में- बालेन्द्र सिंह की भूमि, दक्षिण- रोड, पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की भूमि

**दिनांक : 11.06.2025**
**स्थान : खजुराहो, छतरपुर (म.प्र.)**

कृते/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# जाति जनगणना : पिछली गलतियों से बचना होगा

जाति जनगणना की तारीखों का ऐलान कर सरकार ने यह संदेह दूर कर दिया कि वह इस मुद्दे को लटकाए रखना चाहती है। तय शेड्यूल के अनुसार, 1 मार्च 2027 की आधी रात को जनगणना खत्म होगी। अब अगला सवाल है कि इसके आंकड़े कितनी जल्दी सार्वजनिक होते हैं। वजह यह है कि लोकसभा परिसीमन और महिला आरक्षण का मामला भी इसी से जुड़ा हुआ है। सरकार ने 2011 की सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना में भी जाति के आंकड़े जुटाने की कोशिश की थी, लेकिन तब उसमें इतनी विसंगतियां पाई गईं कि रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं, पिछले डेढ़ दशक में सामाजिक और राजनीतिक रूप से जातिगत जनगणना का दबाव बढ़ा है। हाल में बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों ने इस दिशा में अपनी तरफ से कोशिश भी की, जो विवादों में घिर गई। केंद्र सरकार को इस तरह के विवादों और पिछली गलतियों से बचना होगा। आजाद भारत में जातियों पर राजनीति हुई, लेकिन उनका हिसाब नहीं रखा गया। ऐसे में यह जातिगत जनगणना पूरे परिदृश्य को बदल कर रख देगी। इसका पहला असर होगा लोकसभा सीटों की संख्या पर, जिस पर कोई फैसला 5 दशकों से टलता आ रहा है। देश की बढ़ती आबादी को अब संसद में अपने ज्यादा प्रतिनिधि चाहिए, लेकिन उत्तर और दक्षिण के बीच जनसंख्या का अंतर बड़ी रुकावट है। दक्षिण के राज्यों ने अपनी आबादी पर उत्तर की तुलना में नियंत्रण किया हुआ है। उन्हें डर है कि परिसीमन से उनके यहां सीटें कम हो सकती हैं। 1976 में इंदिरा गांधी और 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारों ने परिसीमन कराया था, लेकिन सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई। इंदिरा सरकार ने 25 साल के लिए सीटें बढ़ाने पर रोक लगा दी थी। वाजपेयी सरकार ने भी इसे बरकरार रखा। 2026 में यह मियाद खत्म हो रही है यानी अब जो जनगणना होने जा रही है, उसी के आधार पर सरकार को परिसीमन से जुड़ा अहम फैसला लेना होगा।

> **जाति जनगणना की तारीखों के ऐलान से आरक्षण और परिसीमन पर असर होगा। सरकार ने संदेह दूर कर दिया है कि वह इस मुद्दे को लटकाए रखना चाहती है। लोकसभा सीटों की संख्या पर भी फैसला होगा। नए आंकड़ों के आधार पर आरक्षण में बदलाव की मांग उठेगी।**

जाति जनगणना के साथ जुड़ा एक और अहम सवाल आरक्षण का है। नए आंकड़ों के आधार पर आरक्षण में बदलाव की मांग उठेगी, लेकिन किसी भी तरह के बदलाव के रास्ते में जटिल राजनीतिक और कानूनी पेचीदगियां हैं। इन्हें सुलझाए बिना सरकार के लिए आगे बढ़ना मुश्किल होगा। जाति जनगणना से नए भारत के सामाजिक-आर्थिक समीकरणों को समझने में मदद मिलेगी, साथ में कुछ चुनौतियां भी होंगी। जनगणना के आंकड़े 2029 के पहले जारी हो पाते हैं या नहीं, यह सवाल अपनी जगह है, लेकिन इतना तय है कि इसका असर अगले लोकसभा चुनाव पर जरूर पड़ेगा।

# बिटकॉइन माइन करने की जिम्मेदारी कैसे उठाएगा पाक

अंतर्राष्ट्रीय

**पुष्परंजन**

एक बिटकॉइन को माइन करने के लिए कितनी बिजली की ज़रूरत होगी? औसतन, 1 बीटीसी को माइन करने में लगभग 6,400,000 किलोवाट-घंटे बिजली की खपत होती है। यह बिजली की खपत दूसरी, तीसरी, चौथी बिटकॉइन माइनिंग में बढ़ती चली जाती है। गुजिश्ता साल पाकिस्तान 6,247 मेगावाट बिजली की कमी का सामना कर रहा था। देश भर में बिजली की मांग बढ़कर 26,500 मेगावाट हो गई थी, जबकि उत्पादन क्षमता 20,253 मेगावाट है। अब सौर ऊर्जा उत्पादन कर इसका उपाय ढूंढ़ा जा रहा है। भारत द्वारा पानी पर पाबन्दी लगाने की घोषणा से पाकिस्तान, ऊर्जा के मामले में कोढ़ में खाज की हालत से गुजरने लगा है। ऐसे में उसने बिटकॉइन को माइन करने की जो नई जिम्मेदारी ली है, उससे पूरी दुनिया हैरान है। पाकिस्तान बिटकॉइन के वास्ते बिजली लाएगा कहां से? यह सबसे बड़ा सवाल है।

पाकिस्तान ने एक राष्ट्रीय क्रिप्टो रिजर्व स्थापित करने की योजना का अनावरण किया है, जिससे यह देश राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में डिजिटल मुद्राओं को अपनाने वाला पहला देश बन गया है। पाकिस्तान ने चीनी मूल के कनाडाई बिजनेसमैन छांगफेंग चाओ जो, 'बिनेंस' कंपनी के संस्थापक और उसके पूर्व सीईओ को पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल (पीसीसी) का रणनीतिक सलाहकार नियुक्त किया है। छांगफेंग चाओ जिन्हें आमतौर पर 'सीजेड' के शॉर्ट नेम से जाना जाता है, ने अमेरिका में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद, नवंबर 2023 में सीईओ के पद से इस्तीफा दे दिया था। अप्रैल, 2024 में उन्हें चार महीने जेल की सजा सुनाई गई। वो जेल गए, और उसी साल सितंबर तक उन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली। अब इस ब्लैक लिस्टेड, आपराधिक छवि वाले शख्स की देखरेख में ट्रंप की बिटकॉइन कंपनी ने पाकिस्तान से समझौता किया है, तो समझिये कि कितना बड़ा खेल इस इलाके में होने जा रहा है।



> **भारत द्वारा पानी पर पाबन्दी लगाने की घोषणा से पाकिस्तान, ऊर्जा के मामले में कोढ़ में खाज की हालत से गुजरने लगा है। ऐसे में उसने बिटकॉइन को माइन करने की जो नई जिम्मेदारी ली है, उससे पूरी दुनिया हैरान है। पाकिस्तान बिटकॉइन के वास्ते बिजली लाएगा कहां से? यह सबसे बड़ा सवाल है।**

खबर यह भी आई कि ब्रिटिश-पाकिस्तानी उद्यमी और टेक्नोक्रेट बिलाल बिन साकिब के नेतृत्व में पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल (पीसीसी) विदेशी बिटकॉइन माइनर्स और एआई डेटा भंडारण केंद्र निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 2,000 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली संयंत्र क्षमता की पेशकश करेगी। ट्रम्प की मोनोपली वाली बिटकॉइन मुद्रा कंपनी 'वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल इंक' (डब्ल्यूएलएफआई) ने 26 अप्रैल को पीसीसी के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान में अपने ब्रांड का बिटकॉइन लॉन्च करना है।

साकिब, जिन्हें पिछले महीने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया था, ने 29 मई को बिटकॉइन सम्मेलन में इस पहल की घोषणा की, जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प के पुत्र एरिक ट्रम्प और 'डब्ल्यूएलएफआई' के सीईओ ज़ाचरी विटकॉफ, अमेरिकी राष्ट्रपति के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ के बेटे शामिल हुए। अपने भाषण में, साकिब ने कहा कि पाकिस्तान ने एक राष्ट्रीय बिटकॉइन वॉलेट स्थापित किया है, यह बिक्री या सट्टेबाजी के लिए नहीं, बल्कि एक संप्रभु रिजर्व के रूप में दीर्घकालिक भरोसा पैदा करेगा।'

पाकिस्तान के वित्तमंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा कि सरकार 'भविष्य के लिए तैयार वित्तीय बुनियादी ढांचा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो वित्तीय स्थिरता और नियामक अनुपालन बनाए रखते हुए नवाचार का समर्थन करता है।'

वित्तीय विश्लेषक 'फिनटेक' के विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा शुरू किए गए रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व मॉडल को इतनी जल्दी अपनाने वाले पाकिस्तान को सफल होने के वास्ते कई चुनौतियों को पार करना होगा। इनमें प्रतिस्पर्धी कीमतों की पेशकश से लेकर, प्रमुख ऋ णदाता 'आईएमएफ' की आपत्तियों को दूर करना शामिल है। लेकिन जब ट्रम्प हैं, तो इस बाधादौड़ को पाकिस्तान पार कर ही लेगा। मार्क्वेट यूनिवर्सिटी में वित्त के एसोसिएट प्रोफेसर डेविड क्राउज़, जिन्होंने हाल ही में 'डब्ल्यूएलएफ' का एक अध्ययन प्रकाशित किया है, ने कहा, 'क्रिप्टो माइनिंग के लिए पावर ग्रिड का दबाव झेलना आसान नहीं है। क्रिप्टोकरेंसी बाजार की अस्थिरता भी एक हाई रिस्क को आमंत्रित करती है। अगर बिटकॉइन के मूल्य में गिरावट आती है या खनन अस्थिर साबित होता है, तो यह रणनीतिक भंडार, भरभरा कर गिर जायेगा।'

लेकिन, 'बिटकॉइन एसोसिएशन पाकिस्तान' के पार्टनर, लुकमान खान अधिक आशावादी दिखने लगे। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद दो हजार मेगावाट अप्रयुक्त बिजली को रिडाइरेक्ट करके लगभग एक अरब डॉलर वार्षिक राजस्व अर्जित कर सकता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो यह क्षति के नाम पर चोरी का माल है। अब, जब बिटकॉइन वाले खनन करेंगे, यही बिजली रेवेन्यू देने लगेगी।' लुकमान खान ने कहा कि इस समय 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के 10,000 बिटकॉइन जमा करके, पाकिस्तान 'भविष्य के मुद्रा झटकों के खिलाफ अपनी बैलेंस शीट को स्थिर कर सकता है, यह ठीक वैसे ही है, जैसे सोने के भंडार। एक दशक में क्रिप्टो अर्थव्यवस्था पाकिस्तान के लगभग 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर के छोटे सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ावा दे सकती है।'

बहरहाल, बिटकॉइन खनन के लिए पाकिस्तान का वर्तमान बिजली उत्पादन शुल्क 7 अमेरिकी सेंट प्रति किलोवाट घंटा है, जो टेक्सास जैसे प्रमुख खनन स्थलों के 1 से 3 अमेरिकी सेंट प्रति किलोवाट घंटा से कहीं अधिक है। कराची स्थित वित्तीय सेवा फर्म केट्रेड के अध्यक्ष अली फरीद ख्वाजा ने कहा कि पाकिस्तान सरकार को एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल अपनाना पड़ सकता है, जिसमें वह क्रिप्टोकरेंसी खनन ऑपरेटरों के साथ उपक्रमों की पूंजीगत व्यय लागत साझा करेगी।

लेकिन, उससे भी गंभीर सवाल यह है कि बिटकॉइन की आड़ में आतंकवाद का बड़ा खेल पाकिस्तान न करे, इसे ट्रंप प्रशासन कैसे सुनिश्चित कर पायेगा? उदाहरण के लिए, 2019 में, हमास ने एक क्रिप्टोकरेंसी के जरिये डोनेशन अभियान चलाया, एक साल में जबरदस्त रूप से हमास के फंड का इजाफा हुआ। 2020 में अमेरिका ने हमास की सशस्त्र शाखा, इज़ अल दीन अल क़स्साम ब्रिगेड से जुड़ी कई वेबसाइटों और 150 क्रिप्टोकरेंसी खातों को जब्त कर लिया। 2023 में अमेरिकी प्रवर्तन कार्रवाइयों से पता चला कि क़स्साम ब्रिगेड ने 2019 की शुरुआत से ही क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन की सुविधा के लिए क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज 'बिनेंस' का इस्तेमाल किया। यह वही 'बिनेंस' है, जिसके सीईओ छांगफेंग चाओ जेल गए थे।

वर्ष 2021 में, अमेरिकी क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज प्लेटफ़ॉर्म 'कॉइनबेस' ने हमास को क्रिप्टोकरेंसी फंड रेजिंग में शामिल कई आतंकवादी समूहों में से एक के रूप में पहचाना। अप्रैल, 2023 में क़स्साम ब्रिगेड ने घोषणा की, कि वह बिटकॉइन के जरिये दान स्वीकार करना बंद कर देगा। हमास को डर था कि उसके दानदाताओं को निशाना बनाया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिप्टो करेंसी के जरिये टेरर फंडिंग को वैध रूप देगा, यह सबसे बड़ी चुनौती के रूप में दुनिया के सामने आने वाली है। यह कहावत चिरस्थायी है, 'पाकिस्तान अल्लाह, आर्मी और अमेरिका के भरोसे चल रहा है!'

# युद्ध के बदलते तरीकों के बीच संयुक्त कमान जरूरी

सामारिक नीति

**संजय बनर्जी**

हाल ही में केंद्र सरकार ने संयुक्त थिएटर कमान की स्थापना के लिए नियमों को औपचारिक रूप से अधिसूचित किया है, जो देश के सशस्त्र बलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बीते कुछ वर्षों से सशस्त्र बलों में संयुक्त कमान को लेकर अटकलें, चर्चाएं/बहसें हो रही हैं। पर जब पहली बार सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) के पद पर जनरल बिपिन रावत की नियुक्ति हुई, तब जाकर तीनों सेनाओं की कमान सार्वजनिक तौर पर चर्चा में आयी। पर सच तो यह है कि सशस्त्र बल और रक्षा मंत्रालय काफी समय से संयुक्त कमान को लेकर विचार-विमर्श कर रहे थे, जिसमें सेना के तीनों अंगो- थल सेना, नौसेना और वायु सेना शामिल थे। दरअसल, युद्ध के बदलते क्षेत्रों और नयी युद्ध रणनीतियों के विकास को देखते हुए इसकी आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही थी। यह सर्वविदित तथ्य है कि सशस्त्र बलों की विभिन्न शाखाएं कभी भी अलग-अलग काम नहीं करती हैं। पहले भी संघर्ष के दौरान हवाई सहायता के लिए थल सेना (आर्मी) को हमेशा वायु सेना द्वारा समर्थन दिया जाता रहा है। सेना के अंगों में जरूरी सहयोग और तालमेल बना रहे, इसके लिए उन्हें संयुक्त प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। इसी कारण 1965, 1971 के युद्धों और 1999 के संघर्ष के समय हमने जीत हासिल की। हालांकि सैन्य कार्रवाई के दौरान बलों की कमान थल सेना के पास थी क्योंकि वे संघर्ष अनिवार्य रूप से जमीनी थे, जहां दुश्मन को या तो बेदखल किया जाना था और भूमि को पुनः प्राप्त करना था या उसे अपने कब्जे में लेना था।



> **भारत-पाकिस्तान के बीच हुए हालिया संघर्ष ने संयुक्त कमान की आवश्यकता को पूरी तरह से पुष्ट किया है। पाकिस्तान के अंदर स्थित आतंकवादी मुख्यालयों और प्रशिक्षण शिविरों पर भारतीय वायु सेना और भारतीय थल सेना (आर्मी) ने मिसाइल का इस्तेमाल कर सटीक निशाना साधा था।**

पर 1971 के संघर्ष की कमान पूरी तरह से भारतीय नौसेना के हाथों में थी, जहां वायु सेना आवश्यकता के अनुसार सहायता करती थी। हालांकि संघर्ष की शुरुआत में हमारी वायु सेना ने भी दुश्मन वायु सेना के खिलाफ अपनी स्वतंत्र भूमिका निभायी थी, ताकि हवाई मार्ग के जरिये प्रभुत्व हासिल किया जा सके। मिसाइलों (सभी रेंज की), ड्रोन, मानव रहित हवाई वाहन, नयी पीढ़ी के विमान और उच्च स्तर के इलेक्ट्रॉनिक और काउंटर इलेक्ट्रॉनिक उपायों को शामिल करने के साथ ही आधुनिक युद्ध के तरीके पूरी तरह से बदल गये हैं। इस लिहाज से देखें, तो भूमि, जल और वायु के जरिये लड़े जाने वाले युद्ध के तरीकों के बीच की विभाजक रेखाएं धुंधली पड़ गयी हैं। अब तीनों सेनाओं को अपनी क्षमताओं के साथ तालमेल बिठाना पड़ता है और दुश्मन से एकजुट एवं एकीकृत बल के रूप में लड़ना पड़ता है। यही वह कारण है, जिसने संयुक्त त्रि-सेवा कमान की आवश्यकता उत्पन्न की है, जिसका नेतृत्व, युद्ध क्षेत्र किस तरीके का है, इसके आधार पर तीनों सेनाओं के अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। हालांकि रेगिस्तानी, अर्ध-रेगिस्तानी और पहाड़ी क्षेत्र अभी भी अनिवार्य रूप से थल सेना और वायु सेना के प्रभुत्व में रहेंगे, जबकि नौसैनिक लड़ाइयां नौसेना और वायु सेना के प्रभुत्व में लड़ी जायेंगी, जिसमें समुद्र तट पर उतरने या द्वीपों और तटों की रक्षा के मामले में थल सेना की भागीदारी होगी। संयुक्त कमान होने का एक प्रमुख कारण आधुनिक मिसाइलों, ड्रोन, एयरक्राफ्ट और इलेक्ट्रॉनिक उपायों की आश्चर्यजनक रूप से प्रभावशाली पहुंच है। युद्ध के नये वाहन सभी संभावित भौगोलिक सीमाओं का अतिक्रमण करने में सक्षम होने के साथ ही एक साथ प्रभाव डाल सकते हैं। इस तरह ये युद्ध के परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं। अच्छी तरह से संगठित संयुक्त कमान रणनीतिक सोच, सहयोग और प्रशिक्षण के साथ प्रभावी ढंग से बचाव या आक्रामक कार्रवाई कर सकती है। हालांकि संयुक्त कमान को बेहतर बनाने के लिए कहना जितना आसान है, उसे जमीन पर उतारना उतना सरल नहीं है। सबसे पहले, सशस्त्र बलों को अपने कामकाज के पुराने तरीकों को छोड़ना होगा और अपनी अंतर-सेवा प्रतिद्वंद्विता और आधिपत्य को छोड़ना होगा, यदि कोई है तो. एकमात्र त्रि-सेवा संस्थान जहां तीनों सेवाओं के अधिकारी युद्ध कला और रणनीतिक मामलों में एक साथ प्रशिक्षण लेते हैं, वे हैं रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज। ऐसे में तीनों सेवाओं के रैंक और फाइल के लिए सामूहिक प्रशिक्षण को पुनर्गठित करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से अत्याधुनिक कनिष्ठ नेतृत्व स्तर पर और निचले रैंक के लिए, जो युद्ध के मैदान में शारीरिक रूप से अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। भारत-पाकिस्तान के बीच हुए हालिया संघर्ष ने संयुक्त कमान की आवश्यकता को पूरी तरह से पुष्ट किया है। पाकिस्तान के अंदर स्थित आतंकवादी मुख्यालयों और प्रशिक्षण शिविरों पर भारतीय वायु सेना और भारतीय थल सेना (आर्मी) ने मिसाइल का इस्तेमाल कर सटीक निशाना साधा था। जब पाकिस्तान ने ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों से जवाबी कार्रवाई की, तब भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना की वायु रक्षा प्रणालियों ने ही ढाल का काम किया था। जब भारत के जवाब देने का समय आया, तब भारतीय वायु सेना और थल सेना द्वारा दागी गयी मिसाइलों ने सफलतापूर्वक पाकिस्तानी वायु सेना के ठिकानों को निशाना बनाया। नतीजा, पाकिस्तान को युद्ध विराम के लिए मजबूर होना पड़ा।

**( लेखक रिटायर्ड कर्नल हैं।)**

प्रसंगवश

# मोदी-3.0,पहला वर्ष उपलब्धियों और घरेलू चुनौतियों का मिश्रण

**अनूप सक्सेना**

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अपने तीसरे कार्यकाल का एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर चुकी है। बीते एक साल में सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर अपनी पुरानी गति को बनाए रखने का अथक प्रयास किया है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बावजूद, एक स्थिर विकास दर बनाए रखी है। 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और घरेलू क्षमताओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जिससे रोजगार सृजन को भी बल मिला है। बुनियादी ढांचे के विकास पर निरंतर ध्यान दिया गया है, जिसमें आधुनिक सड़कों, रेलवे नेटवर्क और हवाई अड्डों का विस्तार शामिल है, जो देश की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है।

सामाजिक क्षेत्र में, सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया है। गरीब परिवारों को मुफ्त राशन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच (आयुष्मान भारत के माध्यम से) और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने वाली योजनाएं अपने लाभार्थियों तक कुशलतापूर्वक पहुंच रही हैं। शिक्षा और कौशल विकास पर जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को बदलते वैश्विक परिदृश्य में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सशक्त बनाया जा सके।

इस कार्यकाल की एक उल्लेखनीय उपलब्धि, जैसा कि हाल ही में सामने आया, 'ऑपरेशन सिंदूर' का सफल निष्पादन भी रहा है। यह आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो-टॉलरेंस नीति का एक मुखर प्रदर्शन था। पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के जवाब में, इस समन्वित सैन्य कार्रवाई ने न केवल हमलावरों और उनके आकाओं को माकूल जवाब दिया, बल्कि पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकवादी ढांचों को भी निशाना बनाया। इस ऑपरेशन ने भारत की सैन्य क्षमताओं, खुफिया जानकारी और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया, जिससे देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। 'ऑपरेशन सिंदूर'ने यह भी संदेश दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तकजाने को तैयार है।

अंतर्राष्ट्रीय मोर्चे पर भारत ने अपनी कूटनीतिक पहुंच को और मजबूत किया है। विभिन्न वैश्विक मंचों पर भारत की

> **मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष उपलब्धियों और चुनौतियों का एक मिश्रण रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सुरक्षा संबंधी सफलताओं ने देश और दुनिया को एक मजबूत संदेश दिया है, जबकि आर्थिक और सामाजिक मोर्चे पर प्रगति जारी है। आगामी वर्षों में, सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती महंगाई, बेरोजगारी और कृषि संकट जैसी आंतरिक समस्याओं का समाधान करते हुए विकास की गति को बनाए रखना होगा।**


आवाज अधिक प्रभावशाली हुई है, और इसने क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर अपनी स्वतंत्र स्थिति बनाए रखी है। जी-20 की सफल अध्यक्षता के बाद, भारत ने विश्व स्तर पर अपनी भूमिका को और बढ़ाया है, जिससे बहुपक्षवाद और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा मिला है।

हालांकि, इस एक साल में सरकार को चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा है। महंगाई अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, जिससे आम नागरिक के बजट पर दबाव पड़ रहा है। आवश्यक वस्तुओं और ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करना सरकार के लिए एक कठिन कार्य रहा है। बेरोजगारी, विशेषकर युवाओं के बीच, एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनी हुई है, और रोजगार सृजन की गति को और तेज करने की आवश्यकता है।

कृषि क्षेत्र की समस्याएं, जैसे कि किसानों के लिए पर्याप्त मूल्य और ऋण तक पहुंच, अभी भी समाधान की प्रतीक्षा में हैं।

दरअसल,मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष उपलब्धियों और चुनौतियों का एक मिश्रण रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सुरक्षा संबंधी सफलताओं ने देश और दुनिया को एक मजबूत संदेश दिया है, जबकि आर्थिक और सामाजिक मोर्चे पर प्रगति जारी है। आगामी वर्षों में, सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती महंगाई, बेरोजगारी और कृषि संकट जैसी आंतरिक समस्याओं का समाधान करते हुए विकास की गति को बनाए रखना होगा। यह वर्ष एक संकेत है कि सरकार अपनी प्राथमिकताओं को लेकर स्पष्ट है, लेकिन उसे जनता की अपेक्षाओं और जमीनी हकीकत के बीच संतुलन बनाए रखना होगा ताकि एक समावेशी और समृद्ध भारत का निर्माण सुनिश्चित हो सके।

## ॥गीता॥



**श्लोक : मातेव रक्षति पितेव हिते नियुंक्ते कान्तेव चापि रमयत्यपनीय खेदम्।**
**लक्ष्मीं तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिम् किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या॥**

**भावार्थ** : विद्या माता की तरह रक्षण करती है, पिता की तरह हित करती है, पत्नी की तरह थकान दूर करके मन को रीझाती है, शोभा प्राप्त कराती है, और चारों दिशाओं में कीर्ति फैलाती है। सचमुच, कल्पवृक्ष की तरह यह विद्या क्या क्या सिद्ध नहीं करती

जीवन दर्शन

# दुनिया को दूसरों के नज़रिए से देखें

दूसरों के साथ तनावपूर्ण संबंधों का एक और मुख्य कारण हमारी पूरी न होने वाली अपेक्षाएं होती हैं, जो हमें दुःखी करती हैं। वह ऐसा व्यवहार क्यों नहीं करता? वह ऐसा क्यों नहीं सोचती? अपेक्षाओं का अंतिम परिणाम हमेशा असंतोष होता है। इसलिए कहा जाता है- अपेक्षाएं हमारी पूर्वधारणाएं होती हैं। हमारी अपेक्षाएं अक्सर यही होती हैं कि दूसरे हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप व्यवहार करें। आइये एक परिदृश्य की कल्पना करते है। बॉस अपने कर्मचारी से उम्मीद करता है कि वह अपनी निष्ठा और समर्पण दिखाने के लिए रात के 8 बजे तक ऑफिस में रहेगा। इसके विपरीत, नवविवाहिता पत्नी उम्मीद करती है कि उसका पति (जो बॉस के लिए काम करता है) शाम 6 बजे तक घर आ जाएगा ताकि वे एक साथ अच्छा समय बिता सकें। अब, यदि आदमी एक अपेक्षा को पूरा करता है, तो दूसरा निराश होगा। निराशाएं स्वाभाविक हैं। और यही संबंधों को बाधित करता है। हम चाहते हैं कि दूसरों का व्यवहार हमारे पसंद अनुसार हो, और जब ऐसा नहीं होता, तो हम उत्तेजित हो जाते हैं। शांति पाने के लिए पूरी दुनिया को बदलने का प्रयास करने के बजाय, यदि हम अपनी अपेक्षाओं को छोड़ दें, तो हमें स्वतः शांति प्राप्त हो जाएगी। याद रखें कि कोई भी सभी की अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता। रिश्ते अनुबंध नहीं होते - देना और लेना कभी बराबर नहीं हो सकता। खुश रहने के लिए, जितना आप लेते हैं उससे ज़्यादा देने की कोशिश करें और जितना प्यार पाते हैं उससे ज़्यादा प्यार दूसरों को दें। इसके अलावा, यह भी याद रखें की दूसरों के पास अपनी समस्याएं, चिंताएं और व्यग्रताएँ होती हैं। यदि वे हमारी अपेक्षाओं को पूरा नहीं करते हैं, तो उन्हें संदेह का लाभ क्यों न दें? जब हम दूसरों के लिए इन उच्च मानकों को छोड़ना सीखते हैं और खुद के लिए उन्हें बनाए रखते हैं, तो हम सौहार्द और सामंजस्य को बढ़ावा दे सकते हैं। हालांकि, ब्रह्माण्ड का ऐसा कोई नियम नहीं है कि हमारी सभी इच्छाओं को पूरा किया जाए। इसलिए, अधिकार की भावना से घिरे रहना निराशा की ओर ले जाता है। ऐसा होना चाहिए - जब हम ऐसी विचारधारा का उपयोग करके खुद की आलोचना करते हैं, तो हमें अपराध बोध और दुःख महसूस होता है; जब हम इसे दूसरों के लिए उपयोग करते हैं, तो हमें गुस्सा आता है; और जब हम इसे दुनिया के लिए लागू करते हैं, तो हमें हताशा महसूस होती है। यहां मुद्दा यह है कि दुनिया को दूसरों के नज़रिए से देखने की कोशिश करें। ज़्यादातर समय, लोग जानबूझकर हमारे लिए कठोर शब्द या कार्य नहीं करते हैं। वे वास्तव में अपनी समस्याओं से निपट रहे होते हैं। इसलिए, जब आप चीजों को गलत होते हुए देखते हैं, तो इसे आसानी से स्वीकार करें। दुनिया के प्रति अधिक क्षमाशील बनें और चीजों और लोगों को वैसे ही स्वीकार करना सीखें जैसे वे हैं। यह स्वीकारोक्ति राहत और शांति की गहरी भावना ला सकती है, यह जानते हुए कि आप अवास्तविक अपेक्षाओं के बोझ से दबे नहीं हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पहला अनुपूरक बजट जुलाई में संभावित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट जुलाई में विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान पेश कर सकती है। इसकी वित्त विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी विभागों से 13 जून तक जानकारी मांगी है। मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र जुलाई माह में आहूत किया जा सकता है। अब तक इसकी अधिकृत घोषणा नहीं हो सकी है, लेकिन वित्त विभाग ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के पहले अनुपूरक बजट को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। वित्त विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को पत्र लिखा है जिसमें विभागों के प्रस्ताव 13 जून तक मांगे गए हैं। पत्र में कहा गया है कि विभाग प्रस्तावों में फिजूलखर्ची और अधिकारियों के लिए वाहन खरीदने जैसे प्रस्ताव नहीं दें। अलबत्ता जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रस्ताव भेजे जाए। इसके लिए अनुपूरक बजट में अतिरिक्त बजट की व्यवस्था की जाएगी।

### बेटियां किसी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं: जायसवाल

**विसं, भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि बेटियां अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और वे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। जायसवाल सोमवार को सेवा भारती माधव मंडल, भोपाल द्वारा बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर समान अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए काम किया जा रहा है। बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि सेवा भारती द्वारा 13 वर्ष से 18 वर्ष की बालिकाओं को जूडो, मार्शल आर्ट एवं कराटे का प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सेवा भारती का यह प्रयास बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### यादव लघु वनोपज संघ के जिला प्रतिनिधि मनोनीत

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच राज्य लघु वनोपज संघ कर्मचारी समिति की बैठक सोमवार को प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राजू सिंह, राजेंद्र यादव, रामचरण अहिरवार, घनश्याम कटारे, संतोष तिवारी, दशरथ परमार, राजेश, ओम प्रकाश मिश्रा, मानसिंह टेकाम, बहादुर साहू, कुशल पटेल, मनीराम राय, देवेंद्र नागर, कंचन भिलाला और दिलीप नाथानी उपस्थित थे। मप्र कर्मचारी मंच की प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि बैठक में प्रस्ताव पारित करके लघु वनोपज संघ के वाहन चालक राजेंद्र यादव को कर्मचारी मंच लघु वनोपज संघ का जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। वाहन चालक दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करने की मांग को लेकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक लघु वनोपज संघ को ज्ञापन का निर्णय लिया गया।

### तहसीलदार 3 हजार और आरआई 4 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पन्ना जिले के रैपुरा में पदस्थ तहसीलदार चंद्रमणि सोनी को लोकायुक्त पुलिस की सागर यूनिट ने 3 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सागर जोन के लोकायुक्त एसपी योगेश्वर शर्मा के अनुसार, दमोह जिले की पटेरा तहसील के कुम्हारी गांव निवासी कल्याण सिंह की पत्नी द्रोपदी बाई की रैपुरा तहसील के पिपरिया कलां गांव में पैतृक जमीन पर उनके रिश्तेदारों ने कब्जा कर रखा है। इसे मुक्त कराने के लिए द्रोपदी बाई ने दिसंबर माह में तहसीलदार कोर्ट में परिवाद पेश किया था।

# आजादी के बाद देश में पहली बार बनेंगे कंजरों के जाति प्रमाण पत्र

### भोपाल जिले के तरावली, सोनकच्छ, करालिया और देगपुर में कंजर बस्तियां, यहीं लगाए जाएंगे शिविर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** लगभग 5 सदियों से समाज की मुख्य धारा से कटे रहे और लूट पाट कर जीवन यापन करने वाले कंजर समुदाय के लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। आजादी के बाद प्रदेश में यह पहली बार होगा कि कंजर समुदाय की जाति निश्चित की जाएगी और उन्हें जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिए जाएंगे। कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह की पहल पर एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा इस काम में जुट गए हैं और उन्होंने अमले से कंजर बस्तियों का डेटा उपलब्ध कराने को कहा है। इसके अलावा एसडीएम शर्मा एक स्वयं सेवी संस्था से प्राप्त दस्तावेजों का भी अध्ययन कर रहे हैं। इन दस्तावेजों के अध्ययन के बाद ही यह निर्णय लिया जाएगा कि कंजर समुदाय को अनुसूचित जाति में रखा जाए या अनुसूचित जनजाति में। दैनिक जागरण से बातचीत में स्वयं सेवी संस्था से जुड़ीं शिवानी ने बताया कि वे लंबे समय से कंजर समुदाय को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयास कर रही हैं। उन्हें अपने काम में सफलता भी मिल रही है, लेकिन दस्तावेज न होने के कारण कंजर समुदाय के बच्चों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रही है, जिसके चलते उन्हें रोजगार का कोई साधन नहीं मिल पाता और वे समाज की मुख्य धारा में नहीं जुड़ पाते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में समुदाय के कुछ बच्चे अजीज प्रेमजी यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत हैं।



#### 5 सदियों से समाज से दूर हैं कंजर

आजादी के पूर्व तक कंजर समुदाय कश्मीर, पाकिस्तान और सिंधु घाटी के किनारे बसते थे। बाद में यह भारत के अन्य भागों में बस गए। यह घुमक्कड़ होते हैं। 1871 में ब्रिटिश शासन के दौरान इन्हें आपराधिक जनजाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया, इस कारण इस समुदाय के लोग समाज की मुख्यधारा से कट गए और इन्हें भेदभाव व कलंक की स्थिति का सामना करना पड़ा। आज भी समाज में इन्हें इसी कलंक का सामना करना पड़ता है, जिस कारण समाज के लोग लूटपाट जैसी घटनाओं का अंजाम देते हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल, देवास और शाजापुर सहित कुछ अन्य स्थानों पर कंजर समुदाय के डेरे हैं। यदि भोपाल में समुदाय के जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज बनते हैं, तो यह समुदाय के लिए बड़े बदलाव की विशेष पहल होगी।

#### उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे समुदाय के बच्चे

सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचीं शिवानी ने जिला पंचातय सीईओ इला तिवारी और एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा को बताया कि आजादी के पूर्व कंजर समुदाय को आपराधिक जनजाति के रूप में चिन्हित किया गया था, लेकिन 1950 के बाद कंजरों पर से आपराधिक जनजाति का लेबल हटा दिया गया। लेकिन 75 साल बीतने के बाद भी कंजरों की जाति नहीं बन सकी है, जिसके चलते इनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। वहीं एसडीएम आशुतोष शर्मा ने कहा कि कंजर समुदाय घुमक्कड़ होता है। इस कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बने हैं, लेकिन यदि समुदाय स्वयं समाज की मुख्य धारा से जुड़ना चाहता है, तो वे इस काम को जरूर करेंगे। हालांकि इसके पूर्व वे अपने स्तर पर अध्ययन करेंगे और जिला प्रशासन के अमले से सर्वे कराकर इस काम को आगे बढ़ाएंगे।

> बैरसिया तहसील की कई ग्राम पंचायतों में कंजर बस्तियां हैं। वहां के लोग घुमक्कड़ होते हैं। इसलिए उनके दस्तावेज नहीं बन पाते हैं। यदि वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ना चाहते हैं, तो यह बदलाव के संकेत हैं। मैं भी इस काम में शत प्रतिशत सहयोग करूंगा।
>
> ■ **आशुतोष शर्मा**, एसडीएम बैरसिया

# उच्च शिक्षा विभाग में तबादले, बदले गए सहायक प्राध्यपक और ग्रंथपाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने सोमवार को थोकबंद तबादलों की सूची जारी कर दी। जिसमें सहायक प्राध्यापक और ग्रंथपाल बदले गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सहायक प्राध्यापक पथरिया से रायेसन, पुष्पा पठौते खरगोन से इंदौर, आशुतोष कुमार सोनी को जबलपुर से कटनी, वीरेन्द्र सिंह धाकड़ श्योपुर से ग्वालियर, नीतू वर्मा राजगढ़ से भोपाल, मीरा यादव नर्मदापुरम से उज्जैन,भारतीय गोस्वामी भोपाल से इंदौर, सरिता गंगवाल मैहर से इंदौर, रीति वाल भोर मंदसौर से इंदौर, राजेश कुमार खटीक विदिशा से सागर, साधना सचदेवा उज्जैन से इंदौर, पुष्पेन्द्र सिंह मैहर से सतना, सखाराम बघेल धार से इंदौर,गंगा राम मौरे बड़वानी से इंदौर, अंजली नामदेव टीकमगढ़ से शाजापुर, अरुणा नापित मंदसौर से उज्जैन, पूनम अहिरवार सिवनी से भोपाल, मधुवाला राठौर छिंदवाड़ा से उज्जैन, मीतू मोतयानी बड़वानी से सेंधवा, आरती कामेडिटया बड़वानी से इंदौर, जगदीश कन्नौजे डिण्डौरी से इंदौर, गणेश राठौर रतलाम से उज्जैन, रुमाल सिंह पटेल नर्मदापुरम से हरदा,साधना सिंह दमोह से नरसिंहपुर,सुधीर सावासिया शाजापुर से शुजालपुर,प्रवीण प्रजापति सिहोर से नसरुल्लागंज, धर्मेन्द्र सिंह फिरोजिया नीमच से रतलाम,अनीता शर्मा राऊ इंदौर से नंदानगर इंदौर, सुप्रिया दीक्षिक निवाड़ी से ग्वालियर,साक्षी कामान्या राजगढ़ से भोपाल,तरुणा नाथ सागर से जबलपुर सुनील साहू अशोक नगर से सागर,जुही वर्मा रतलाम से इंदौर,पूजा सांखला राजगढ़ से शाजापुर,पल्लवी जाटव बालाघाट से रीवा,आरती नागर सुसनेर आगर मालवा से नलखोड़ा आगर मालवा,ललिता सिंह सिंगरौली से सतना, प्रकाश सोलंकी खरगोन से इंदौर,हितेश कुमार वाणी उज्जैन से इंदौर, डॉ. हरिओम पंवार आगर मालवा से उज्जैन,वीरेन्द्र कुमार सोनी मुरैना से आगर मालवा, श्याम कापड़े छतरपुर से देवास, नीलू यादव रायसेन से भोपाल,इंदू गुप्ता राजगढ़ से ग्वालियर,दीवान सिंह बारिया बैतूल से धार, मनीष परमार घटिया से उज्जैन, सकरी चौहान श्योपुर से धार, ब्रम्हदीप अलूने विदिशा से भिण्ड, राकेश पंवार आगर मालवा से उज्जैन,रीना परमार शाजापुर से भोपाल, रजनीश कुमार कुशवाहा कटनी से जबलपुर,गब्बर सिंह पंवार रतलाम से खरगोन, सुनीता सोलंकी सीहोर से भोपाल,भूरे सिंह सोलंकी बैतूल से धार, आनंद कुमार बालाघाट से मैहर, कंचन सिंह नागल अशोकनगर से ग्वालियर संजय खेड़े देवास से उज्जैन, सविता बघेल बैतूल से उज्जैन, ममता पाण्डेय शहडोल से सतना,रीमा शर्मा सागर से भोपाल,ममता धाकड़े हरदा से शिवपुरी स्थानांतरित किए गए हैं। कौशल किशोर कुशवाहा बैतूल से ग्वालियर, गिरीश राय मैहर से रीवा,प्रियंका दलवानी नीमच से इंदौर,सुनीता नापित टीकमगढ़ से छतरपुर, दिनेश कुमार दहारे शाजापुर से भोपाल,ऋचा कुमारी नरसिंहपुर से जबलपुर,नयनतारा दमोह से सागर ,विनिशा मालवीय सीहोर से भोपाल,सुरेश डोडवे दमोह से खरगोन, शिवानी श्रवण विदिशा से सीहोर,सपना कासलीवाल धार से इंदौर, कपिला वाफना झाबुआ से पेटलावाद झाबुआ,अनिल मावी अशोकनगर से इंदौर, जीपी रैकवार नर्मदापुरम से जबलपुर ,अमित कुमार पांचाल बड़वानी से इंदौर, मीनाक्षी मण्लोई खण्डवा से खरगोन के अलावा कुछ और सहायक प्राध्यापकों के स्थानांतरण किए गए है।

#### 44 ग्रंथपाल भी हुए स्थानांतरित

उच्च शिक्षा विभाग ने 44 ग्रंथपालों के भी तबादले किए हैं। इनमें नेहा दुबे राहतगढ़ से सागर,सपना नेमा दमोह से जबलपुर ,डॉ.ममता मलिक बड़नगर से उज्जैन, शिम्पी मौर्या सीहोर से गढ़ाकोटा सागर सहित ग्रंथपाल स्थानांतरित किए गए हैं।

# सरकार सूर्य मित्र योजना का लाभ देगी छोटे निवेशकों को

**विसं, भोपाल।** सरकार सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के तहत छोटे निवेशकों को लाभ देगी। इसके लिए सरकार द्वारा योजना बनाई गई है। इसके लिए मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में सूर्य मित्र कृषि फीडर समिट का आयोजन किया गया है। समिट का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। जिसमें अलग-अलग सत्रों में इसमें विभिन्न सत्र आयोजित किये जायेंगे। सत्रों में विषय-विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी जायेगी। समिट में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला भी उपस्थित रहेंगे। एमडी ऊर्जा विकास निगम अमनबीर सिंह बैंस प्रातः 11 बजे प्रोजेक्ट और निविदा की विशेषताओं पर प्रकाश डालेंगे। दोपहर में निविदा प्रक्रिया का प्रेजेंटेशन होगा। रिसोर्स मॉनीटरिंग सिस्टम पर विचार-विमर्श होगा। इसके अतिरिक्त मेनिट की डॉ. प्रियंका पालीवाल 'रियेक्टिव पॉवर-ग्रिड स्टेबिलाइजेशन एण्ड इम्पेक्ट ऑन फीडर' पर व्याख्यान देंगी। समिट में फीडर सोलराइजेशन में वित्तीय सहायता के लिये बैंकर्स का सेशन भी आयोजित किया गया है। समिट में प्रोसेस फ्लो और डिमांस्ट्रेशन पर भी प्रेजेंटेशन होंगे। समिट में इनवर्टर मैन्युफेक्चरर्स का सेशन भी होगा। समिट का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे सहभागियों के रजिस्ट्रेशन से होगा। बताया गया है कि इस योजना के अंतर्गत विद्युत् सबस्टेशंस की 100 प्रतिशत क्षमता तक की सौर परियोजनाओं की स्थापना की जा सकेगी। वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय उद्यमियों के लिए निवेश एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। शासन के साथ 25 वर्षों तक विद्युत क्रय अनुबंध किया जाएगा। इसी तरह प्रदेश में 1900 से अधिक सब स्टेशंस पर 14500 मेगावाट क्षमता परियोजनाओं के चयन के लिए उपलब्ध हैं। परियोजनाओं को एग्रीकल्चर इंफ्रा फंड से 7 वर्षों तक 3 प्रतिशत ब्याज में छूट का प्रावधान है।

**भाजपा का 14 से 16 जून तक चिंतन शिविर**

# पचमढ़ी में चार केंद्रीय मंत्री और आरएसएस के पदाधिकारी सिखाएंगे अनुशासन का पाठ

### प्रदेश सरकार के मंत्रियों, विधायक, सांसद व अन्य पदाधिकारियों को किया जाएगा प्रशिक्षित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में 14 जून से तीन दिन तक सरकार के मंत्रियों से लेकर पदाधिकारियों तक को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सहित 4 केन्द्रीय मंत्री अनुशासन का पाठ पढ़ाएंगे। इनके अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े वरिष्ठ नेताओं द्वारा भी अपनी पाठशाला लगाई जाएगी। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने 14 से 16 जून तक पचमढ़ी में चिंतन शिविर का आयोजन किया है, जिसे भाजपा प्रशिक्षण शिविर का नाम दे रही है। इस दौरान सरकार के मंत्रियों, विधायकों, सांसद के अलावा प्रदेश संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को अलग-अलग विषयों को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

#### ये केन्द्रीय मंत्री देंगे प्रशिक्षण

इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया जाएगा। इसी दिन तीसरे सत्र में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का उद्बोधन होगा। दूसरे दिन केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक का संबोधन होगा। उनके अलावा केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके भी निर्धारित



विषय पर अपनी बात रखेंगे। शिविर के अंतिम दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पचमढ़ी पहुंचेंगे और शिविर में अपना संबोधन देंगे।

#### संघ के पदाधिकारी भी रहेंगे मौजूद

जानकारों की मानें तो संघ के मध्य क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी सहित दूसरे बड़े पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण शिविर के दौरान अलग-अलग विषयों पर अपने विचार रखेंगे। उनके अलावा संघ से जुड़े दूसरे नेताओं द्वारा भी मंत्रियों,विधायकों और सांसदों के साथ अलग से बैठक की जा सकती है।

#### इन विषयों पर विशेष फोकस

पहले दिन हमारा विचार और पंच निष्ठा विषय एवं इसी दिन तीसरे सत्र में विकसित भारत और मध्यप्रदेश के संदर्भ पर तथा अंतिम सत्र में शताब्दी वर्ष की योजना और पंच परिवर्तन पर विशेषज्ञों द्वारा वक्तव्य दिए जाएंगे। दूसरे दिन विधायक-सांसदों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों में किस तरह से इनोवेशन करने चाहिए और उन्हें आनी वाली चुनौतियों से कैसे निपटना है,इसका पाठ पढ़ाया जाएगा। साथ ही उन्हें सदन में उनकी भूमिका के बारे में भी बताया जाएगा।

#### शाह मंत्रियों की ले सकते हैं क्लास

सूत्रों की माने तो केन्द्रीय मंत्री अमित शाह अपने प्रवास के दौरान सरकार के मंत्रियों के साथ अलग से बैठक कर सकते है। उनकी पार्टी के विधायकों और सांसदों के साथ भी अलग से बैठक लेने की खबर है। इसी तरह अंतिम दिन भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा भी अलग से बैठक ले सकते है।

#### विजय शाह भी रहेंगे मौजूद

इस चिंतिन शिविर में अपने विवादित बयानों से मुसीबत में आए जनजाति कल्याण मंत्री विजय शाह भी मौजूद रहेंगे। सूत्रों की माने तो पार्टी द्वारा शाह को चिंतिन शिविर में मौजूद रहने को कहा गया है। बताया जा रहा है कि शाह से पार्टी के दोनों वरिष्ठ नेता अलग से चर्चा कर सकते है।

# बीयू से रजिस्ट्रार मंसूरी को भेजा हिंदी विवि

### उच्च शिक्षा विभाग ने प्रतिनियुक्तियों पर जमे प्रोफेसरों को विश्वविद्यालयों से हटाया

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के पांच विवि के कुलसचिव के साथ एक दर्जन विवि सेवा अधिकारियों के स्थानांतरण किए हैं। इसमें सबसे पहले भोपाल के बरकतउल्ला विवि के प्रभारी कुलसचिव आईके मंसूरी को अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि भेज दिया है। उनके स्थान पर शासन ने कोई कुलसचिव नियुक्त नहीं किया है। शासन उनके स्थान की पूर्ति करने के लिये कोई योग्य उम्मीदवार की तलाश कर रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय से प्रभारी कुलसचिव शैलेंद्र जैन को राजाशंकर शाह विवि छिंदवाड़ा भेजा गया है।

छिंदवाडा विवि में प्रतिनियुक्ति पर जमे प्रोफेसर युवराज पाटिल को कार्यमुक्त कर दिया गया है। देवी अहिल्या विवि इंदौर के प्रभारी कुलसचिव अजय वर्मा को बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान महाविद्यालय महू में प्रभारी कुलसचिव बनाया गया है। जबकि डीएविवि



के उप कुलसचिव प्रज्वल खरे को प्रभारी कुलसचिव नियुक्त किया गया है। भोपाल के अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में प्रतिनिधि पर बने हुए डिप्टी रजिस्ट्रार अजीत श्रीवास्तव को बीयू भेज दिया है। बीयू में काफी विवादों में रहने वाली उप कुलसचिव श्रीमती सरिता चौहान को पंडित शंभूनाथ शुक्ल विवि शहडोल में प्रभारी कुलसचिव नियुक्त किया गया है। शहडोल विवि में प्रो आशीष तिवारी प्रतिनियुक्ति पर बने हुए थे। उन्हें कुलसचिव से कार्यमुक्त कर दिया गया है। अब वे उक्त विवि में प्रोफेसर के तौर पर अपनी सेवाएं देंगे। इसके अलावा एआर राकेश कुमार चढार को छतरपुर विवि से रानी अवंतीबाई लोधी विवि सागर, एआर पिंकी मनकानी अवधेश प्रताप सिंह विवि रीवा से बीयू, एआर श्रीमती संध्या मालवीय डॉ बीआर अंबेडकर विवि महू से डीएविवि इंदौर, एआर पुष्पांजलि अजनारे डीएविवि इंदौर से बीआर अंबेडकर विवि महू, एआर अमन अग्रवाल पं. शंभूनाथ शुक्ल विवि शहडोल से महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विवि छतरपुर, एआर दुर्गेश कुमार पेंद्रो महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि चित्रकूट से पं. शंभूनाथ विवि शहडोल, पंचम लाल सनोदिया आरडीविवि जबलपुर से रानी अवंती बाई लोधी विवि सागर, एआर सुनीता देवड़ी आरडीविवि जबलपुर से पं. शंभूनाथ शुक्ल विवि शहडोल और एआर पवन साहू पं. शंभू शुक्ल विवि शहडोल से आरडीविवि जबलपुर में पदस्थ किया गया है।

### दो पुलिस अफसर जबलपुर डीआईजी ऑफिस अटैच, कार्रवाई की भी तैयारी

**भोपाल।** कटनी में पिछले सप्ताह सीएसपी ख्याति मिश्रा के सरकारी बंगले में तहसीलदार और सीएसपी के परिजनों से मारपीट के मामले में एसपी अभिजीत रंजन के तबादले के बाद अब दो अन्य अफसरों पर भी कार्रवाई की तैयारी है। सोमवार को डीजीपी कैलाश मकवाना ने कटनी में पदस्थ डीएसपी (एजेके) प्रभात कुमार शुक्ला और महिला थाने की इंचार्ज मंजू शर्मा को उनके वर्तमान पदों से हटाकर तत्काल प्रभाव से डीआईजी जबलपुर के ऑफिस में अटैच कर दिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि इन दोनों पुलिस अफसरों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

#### आदिवासियों के घरों ...

चिन्हित कराएं। विजयवर्गीय ने बताया कि इस योजना का 80 प्रतिशत लाभ आदिवासियों को मिलेगा। जहां जरूरी होगी वहां पर सीमेंट सड़कों का निर्माण कराया जाएगा, तो डामर की भी सड़कें बनाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने यह प्रस्ताव रखा था, जिसे मंजूरी दी गई है। विजयवर्गीय ने बताया कि सर्वे के अनुसार 20600 बसाहटें ऐसी हैं, जो 600 वर्गमीटर क्षेत्र में बसी हुई हैं। अगर बसाहट से 50 मीटर दूरी पर सड़क नहीं होगी और वहां पर कम से कम 20 मकान होंगे, तो वहां इस योजना के तहत सड़क बनाई जाएगी। इसके लिए एक सलाहकार और परामर्शदात्री समिति बनाई जाएगी, जिसमें कलेक्टर, सांसद और दूसरे जनप्रतिनिधि शामिल किए जाएंगे।

#### जांच की स्टेटस रिपोर्ट...

जाने के बाद जवाब दाखिल किया जाएगा। हालांकि बेंच ने जानना चाहा कि सरकार द्वारा रिपोर्ट दाखिल करने में क्या कठिनाई है। महाधिवक्ता ने जवाब दिया कि वह इसे (रिपोर्ट) खुली अदालत में पेश नहीं करना चाहते, क्योंकि सरकार के पूर्वाग्रह से ग्रसित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यहां जो कुछ भी कहा जा रहा है, उसका इस्तेमाल वहां के आरोपीगण (जमानत मांगने के लिए अपने बचाव में) कर रहे हैं। जिस पर बेंच ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि वह 12 जून को अगली सुनवाई से पहले सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट दाखिल करें।

#### नहीं रही 'मदर ऑफ पन्ना...

संजय टाइगर रिजर्व, रानीपुर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, चित्रकूट के जंगल, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, सतना फॉरेस्ट डिवीजन, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, संजय टाइगर रिजर्व, माधव नेशनल पार्क में विचरण कर रहे हैं।

#### लोस के डिप्टी स्पीकर ..

पद विपक्ष को दिया जाता है, जिससे संसद में संतुलन और निष्पक्षता बनी रहती है। हालांकि यह कोई संवैधानिक बाध्यता नहीं है लेकिन नैतिक और लोकतांत्रिक बाध्यता है। बता दें 16वीं लोकसभा (2014) में एनडीए में शामिल रहे अन्नाद्रमुक के थंबीदुरई को यह पद दिया गया था। जबकि 17वीं लोकसभा (2019) में किसी को भी डिप्टी स्पीकर नहीं बनाया गया था। 18वीं लोकसभा (2024) में भी किसी को डिप्टी स्पीकर नहीं बनाया गया है।

#### केंद्र द्वारा राज्यों को देय...

के कारण केंद्र 2021 से धनराशि जारी नहीं कर रहा है। योजना के अनुसार, केंद्र द्वारा निधियों का बंटवारा किया जाता है और 60 प्रतिशत हिस्सा देने के लिए केंद्र बाध्य है तथा शेष 40 प्रतिशत का भुगतान करने के लिए राज्य बाध्य है। जब खंडपीठ द्वारा यह प्रश्न उठाया गया कि केंद्र ने निधियों को क्यों रोक रखा है तो एएसजी एआरएल सुंदरेशन ने अदालत को बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत तमिलनाडु राज्य के लिए निधियां जारी नहीं की गईं, क्योंकि राज्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। याचिकाओं का निपटारा करते हुए खंडपीठ ने अब केंद्र से समग्र शिक्षा योजना से आरटीई को अलग करने और राज्य सरकार को देय निधियों को जारी करने का आग्रह किया। खंडपीठ ने कहा कि आरटीई के प्रावधानों के अनुसार, केंद्र और राज्य सरकारों की निधियां प्रदान करने की समवर्ती जिम्मेदारी है। केंद्र अपनी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकता।

### प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ कर्मचारियों को मिलेगा महंगाई भत्ता

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार अपने ऐसे कर्मचारियों को भी मंहगाई भत्ते का लाभ देगी,जो निगम,मंडल सावर्जनिक उपक्रमों या अनुदान प्राप्त संस्थाओं में अपनी सेवाएं दे रहे है। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए गए है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे कर्मचारियों को 1 जनवरी 2024 से 8 प्रतिशत और 1 जनवरी 2025 से 5 प्रतिशत बढ़ा हुआ मंहगाई भत्ता दिया जाएगा। बताया गया है कि यह मंहगाई भत्ता उन अधिकारी और कर्मचारियों को मिलेगा,ोज मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम1989 में चौथा या मप्र वेतन पुनरीक्षण नियम 1998 में पांचवा वेतनमान पा रहे है। विभाग ने कर्मचारी अधिकारियों को वर्ष 2024 से 1385 प्रतिशत और 302 प्रतिशत मंहगाई भत्ता मंजूर किया है।

**आयोजन** | प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर डॉ.यादव ने कहा-वर्तमान का दौर भारत का स्वर्णिम काल

# 2029 में भी देश को मिलेगा मोदी का नेतृत्व: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2029 में एक बार फिर से देश को प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि अभी जैसा दौर देश में है, वैसा भूतो न भविष्यति। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर डॉ.यादव ने मीडिया को दिए संदेश में कहा कि वर्तमान का दौर भारत का स्वर्णिम काल है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के मानस को साथ जोड़ते हुए वैश्विक पटल पर भारत की विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से पीएम को बधाई देते हुए कहा कि वैश्विक शक्तियों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने रूस से सस्ता पेट्रोल लेने के साथ ही इजराइल और अमेरिका से सुरक्षा के लिए उन्नत तकनीक से देश को लैस किया। यह उन्हीं के साहस और सामर्थ्य से संभव हुआ। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से चमत्कार कर दिखाया। सीएम ने कहा कि मोदी के 11 वर्षों का सेवाकाल विकसित भारत के संकल्प-सिद्धि की मजबूत आधारशिला है। इन वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा सहित हर वंचित वर्ग के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव को हम सभी महसूस कर रहे हैं। नया भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। राष्ट्रीय एकात्मता के लिए अनुच्छेद 370 की समाप्ति, सीएए लागू करना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, तीन तलाक के कलंक से मुक्ति दिलाना, श्री राम मंदिर का निर्माण तथा जी 20 की अध्यक्षता प्रत्येक निर्णय में राष्ट्र प्रथम की भावना ने देशवासियों को गौरवान्वित किया है।

### सनातन संस्कृति की पहचान बन रहा भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को अपने निवास से कैंची धाम वाले नीब करोली महाराज के रतनपुर भोपाल में बन रहे हनुमत धाम के भूमि पूजन कार्यक्रम को वचुर्अली संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि भोपाल, सनातन संस्कृति के केंद्र के रूप में पहचान बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा है। कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज के हनुमत धाम के निर्माण से भोपाल की आभा और कीर्ति बढ़ेगी। सीएम ने कहा कि भोपाल में राजा भोज के नाम से भोज द्वार बनाने का संकल्प लिया था, हनुमत धाम निर्माण भी इसी दिशा में एक कदम है। उन्होंने प्रकाशित स्मारिका कैंची धाम वाले नीब करोली महाराज-बाबा का हनुमत धाम का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि भोपाल में बाबा का धाम बनाने का राम राज बाबा नीब करौरी चैरिटेबल ट्रस्ट का संकल्प स्वागत योग्य है। धाम निर्माण का संकल्प एक अध्यात्मिक युग के सूत्रपात जैसा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कैंची धाम की महिमा देश-विदेश में अनुभव की जा रही है। डॉ. यादव ने धाम के लिए डॉ. बृजेश श्रीवास्तव द्वारा भूमि समर्पित करने के लिए उनकी सराहना करते हुए भूमि दान को अनुकरणीय पहल बताया। इस मौकेपर खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग तथा सांसद वी.डी. शर्मा ने भी अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में बाबा नीम करौरी की पौत्र-वधु श्रीमती शैलजा शर्मा उपस्थित थीं।

### जनजातीय समाज का इतिहास गौरवशाली

मुख्यमंत्री यादव ने ब्यौहारी में कोल जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय समाज का समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास रहा है, समाज ने देश की स्वतंत्रता एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जनजातीय कोल समाज प्राचीन काल से ही अपनी वीरता एवं गंभीरता के लिए जाना जाता है। प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में जहां कोल जनजाति के लोग निवासरत हैं और जिनके पट्टे नहीं बने हैं, जांच कराकर पट्टा देने का कार्य किया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समाज के बेटा, बेटियों की शिक्षा तथा कोचिंग का खर्च सरकार उठाएगी। प्रदेश के सभी संभागों में 24-24 करोड़ के लागत वाले 100-100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास एवं परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएंगे। सीएम ने कहा कि रक्षाबंधन में प्रदेश की लाडली बहनों को उपहार स्वरूप 250 रूपए सप्रेम दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातियों के विरुद्ध होने वाले झूठे प्रकरणों की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। सीएम ने भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी स्कूली पाठ्क्रम में शामिल करने तथा 13 जिलों में कन्या शिक्षा परिसरों का नाम माता शबरी के नाम पर रखने की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### राणा को राहत, परिजन से कर सकेगा बात

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वर हुसैन राणा को परिवार के सदस्यों से फोन पर बात करने की इजाजत दी है। स्पेशल जज जस्टिस चंदरजीत सिंह ने आतंकी राणा को एक बार के लिए फोन कॉल की छूट दी है। वह महज एक बार ही अपने परिवार से बात कर पाएगा। जज ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुसार होगी और तिहाड़ जेल प्रशासन की निगरानी में की जाएगी। अदालत ने तहव्वुर राणा की सेहत की एक नई रिपोर्ट भी मांगी है, जो सोमवार से दस दिनों के भीतर अदालत में जमा करनी होगी। इसके साथ ही जेल प्रशासन को यह भी स्पष्ट करना होगा कि क्या राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए।

### फ्रांस में संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन शुरू

**नीस।** तीसरा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन सोमवार को शुरू हुआ, क्योंकि देशों पर दशकों के वादों को समुद्र के वास्तविक संरक्षण में बदलने का दबाव बढ़ रहा है। गैर-लाभकारी समुद्री संरक्षण संस्थान के अनुसार, शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब महासागर का केवल 2.7 प्रतिशत हिस्सा ही विनाशकारी निष्कर्षण गतिविधियों से प्रभावी रूप से संरक्षित है। यह 2030 तक 30 प्रतिशत भूमि और समुद्र के संरक्षण के लिए '30×30' प्रतिज्ञा के तहत सहमत लक्ष्य से बहुत कम है। इस वर्ष के एजेंडे में सबसे ऊपर उच्च समुद्र संधि का अनुसमर्थन है। 2023 में अपनाई गई संधि पहली बार देशों को अंतरराष्ट्रीय जल में समुद्री संरक्षित क्षेत्र स्थापित करने की अनुमति देगी।

### सिंगापुर के जहाज में धमाका, 4 लापता

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में सोमवार को सिंगापुर के कंटेनर शिप में आग लग गई और समंदर में दूर-दूर तक धुएं का गुबार देखा गया। इंडियन कोस्ट गार्ड के मुताबिक कंटेनर शिप एमवी वान हाई 503 से इमरजेंसी अलर्ट मिला था और बेपोर से करीब 88 समुद्री मील दूर जहाज में रखे एक कंटेनर में विस्फोट के बाद आग लगी थी। यह जहाज 7 जून 25 को 22 क्रू मेंबर्स के साथ श्रीलंका के कोलंबो पोर्ट से मुंबई रवाना हुआ था, जिसे 10 जून को पहुंचना था। कोर्ट गार्ड ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन आग शिप पर रखे बाकी कंटेनर्स में भी फैल गई, इसके बाद 18 क्रू मेंबर जहाज से बाहर निकले। हालांकि, हादसे के बाद से चालक दल के चार सदस्य लापता बताए जा रहे हैं।




## केरल के बंदरगाह पर पहुंचा दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज 'इरिना'

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना सोमवार को विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर पहुंचा। दक्षिण एशियाई बंदरगाह की पहली यात्रा पर आया जहाज सुबह पहुंचा। अधिकारियों के अनुसार, टीईयू (बीस फीट समतुल्य इकाई) क्षमता के हिसाब से दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज के रूप में पेश एमएससी इरिना को मंगलवार तक बंदरगाह पर रखा जाएगा। जहाज का यह यादगार सफर बंदरगाह के लिए भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसे 2 मई को पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया था। इरिना की क्षमता 24,346 टीईयू की है, जो इसे वैश्विक शिपिंग में मजबूत बनाती है। 399.9 मीटर की लंबाई और 61.3 मीटर की चौड़ाई के साथ यह जहाज फीफा द्वारा नामित एक मानक फुटबॉल मैदान से चार गुना लंबा है। एमएससी इरिना को मार्च 2023 में लॉन्च किया गया था और उसी वर्ष अप्रैल में पहली यात्रा पर निकला था। लाइबेरियाई झंडे के नीचे चलने वाला यह जहाज 26 स्तरों तक ऊंचे कंटेनरों को एकत्र करने के लिए डिजाइन किया गया है।

समकालीन पर्यावरण मानकों के अनुरूप यह पोत ऊर्जा-बचत सुविधाओं से सुसज्जित है, जो कार्बन उत्सर्जन में 4 फीसदी तक की कमी लाने में योगदान देता है, जिससे परिचालन दक्षता को बनाए रखते हुए इसके कार्बन पदचिह्न में उल्लेखनीय कमी आती है। विझिंजम बंदरगाह ने अब तक 7.33 लाख कंटेनरों को संभालने वाले 349 जहाजों को खड़ा करने की सुविधा प्रदान की है। बंदरगाह ने जुलाई, 2024 में परीक्षण के आधार पर परिचालन शुरू किया था और उसके बाद दिसंबर में वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया था।

### मोदी सरकार के 11 साल पर भाजपा ने गिनाई उपलब्धियां, कांग्रेस ने बताया सिर्फ प्रचार

# 11 साल में साहसिक फैसले: नड्डा राहुल बोले-न जवाबदेही न बदलाव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए इसे एक परिवर्तनकारी अवधि बताया, जिसे 'स्वर्ण अक्षरों' में लिखा जाएगा। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री ने 2014 के बाद देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है और विकास की राजनीति के एक नए युग की शुरुआत की है, जबकि पिछली कांग्रेस सरकार 'भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टिकरण' की राजनीति से भरी हुई थी। सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए मोदी सरकार के तरीकों पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा, 'जब उरी हमला हुआ था, तो प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमारे सैनिकों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा



और उसके तुरंत बाद आतंकियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की गई'। उन्होंने कहा, पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ भी ऐसा दृष्टिकोण अपनाया गया था। उन्होंने कहा, मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और घोषणा की है कि आतंकवाद के किसी भी कृत्य को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा।

#### केंद्र ने राज्यों के साथ भेदभाव नहीं किया

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र ने कभी भी राजनीतिक मतभेदों के आधार पर फंड नहीं रोका। मोदी सरकार ने सहकारी संघवाद की भावना से काम किया है। नड्डा ने कहा, सरकार ने विमुद्रीकरण की घोषणा की, तो कुछ दलों ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए जनता को भड़काया, लेकिन आम आदमी घंटों कतारों में खड़ा रहा और इस कदम का समर्थन किया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में भारत में अत्यधिक गरीबी 80 फीसदी कम हुई है और सरकार ने एससी, एसटी और ओबीसी सहित समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है। नड्डा ने सरकार के साहसिक निर्णयों में 370 को हटाना, तीन तलाक को खत्म करना, वक्फ संशोधन, नोटबंदी, महिला कोटा विधेयक का हवाला दिया।

### राहुल गांधी का केंद्र सरकार पर वार



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल में न जवाबदेही, न बदलाव, सिर्फ अपना प्रचार किया है। सरकार 2025 पर बात करना छोड़कर, अब 2047 के सपने को बेच रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 11 साल होने पर राहुल ने एक्स पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, जब मोदी सरकार 11 साल की 'सेवा' का जश्न मना रही है, तब देश की हकीकत मुंबई से आ रही दर्दनाक खबर में दिखती है। ट्रेन से गिरकर कई लोगों की मौत। भारतीय रेल करोड़ों की जिंदगी की रीढ़ है, लेकिन आज असुरक्षा, भीड़ और अव्यवस्था की प्रतीक बन चुकी है। राहुल ने लिखा, सरकार 2025 पर बात करना छोड़, अब 2047 के सपने बेच रही है। देश आज क्या झेल रहा है, ये कौन देखेगा? मैं मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल को लेकर हमला बोला।

#### पारदर्शिता एहसान नहीं, संवैधानिक दायित्व

निर्वाचन आयोग पर एक और हमला करते हुए कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि आयोग की विश्वसनीयता दांव पर है और उसे विपक्षी पार्टी द्वारा उठाए गए सभी सवालों का जवाब देना चाहिए, क्योंकि पारदर्शिता कोई एहसान नहीं बल्कि संवैधानिक दायित्व है। कांग्रेस ने मांग की कि आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा की वोटरलिस्ट सार्वजनिक करे, ताकि चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता बहाल हो सके। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनावों में धांधली का आरोप लगाया है, जिसे आयोग ने सिरे से खारिज कर दिया है। सोमवार को महाराष्ट्र के सीईओ ने कहा कि 2024 में मसौदा और अंतिम चरण में कांग्रेस व अन्य दलों को वार्षिक संशोधित वोटरलिस्ट मुहैया की गई थी। इसी तरह की कवायद 2009, 2014, 2019 और 2024 में की गई थी।

## सऊदी में भारत सहित 14 देशों के वर्क वीजा पर अस्थायी रोक

### हज में भीड़ प्रबंधन, वीजा दुरुपयोग को बताया वजह

**रियाद, जेएनएन।** सऊदी अरब ने भारत सहित 14 देशों के नागरिकों के लिए वर्क वीजा पर अस्थायी रोक लगा दी है। यह निर्णय 30 जून तक लागू रहेगा। इसकी वजह हज सीजन में भीड़ प्रबंधन और वीजा दुरुपयोग को रोकना बताया गया है। सऊदी अरब ने यह रोक भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नाइजीरिया, मिस्र, अल्जीरिया, सूडान, इथियोपिया, ट्यूनीशिया, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, यमन और मोरक्को जैसे देशों पर लगाई है। ई-वीजा, फैमिली विजिट वीजा और टूरिस्ट वीजा जैसे अन्य अल्पकालिक वीजा भी प्रभावित हुए हैं। हालांकि, राजनयिक, निवास और हज-वीआईपी वीजा इस रोक से मुक्त हैं।

सऊदी अरब ने यह निर्णय हज 2025 के दौरान सुरक्षा और प्रशासनिक चिंताओं को ध्यान में रखते हुए लिया था। हालांकि, हज खत्म हो चुका है, लेकिन लाखों लोग अभी भी मक्का-मदीना, आसपास अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा पर जा रहे हैं। हज, जो इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक



है, हर साल लाखों तीर्थयात्रियों को मक्का की ओर आकर्षित करता है। इस दौरान अनधिकृत प्रवेश और वीजा दुरुपयोग को रोकने के लिए सऊदी प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। इसके तहत ड्रोन का उपयोग कर निगरानी, भीड़ प्रबंधन और अग्निशमन जैसे कार्यों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस निलंबन से उन हजारों श्रमिकों पर असर पड़ने की संभावना है, जो सऊदी अरब में वर्क वीजा के तहत काम करने की योजना बना रहे थे। खास तौर पर मौसमी और अर्ध-कुशल श्रम पर निर्भर उद्योगों को अपनी रणनीतियों में बदलाव करना पड़ सकता है।

### अनुराग ने उड़ाया मजाक, एकता बोलीं-मूर्ख

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप अक्सर बेबाक अंदाज के कारण सुर्खियों में रहते हैं। पिछले कुछ समय में वो कई बार कॉन्ट्रोवर्सी में फंस चुके हैं। हाल ही में नेटफ्लिक्स सीईओ टेड सरांडोस ने अनुराग की वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' पर कमेंट किया था, जिसके बाद फिल्ममेकर भी उन्हें जवाब देने से पीछे नहीं हट पाए। उन्होंने एक ऐसा कमेंट कर डाला जिसे देख अब प्रोड्यूसर एकता कपूर नाराज हो गई हैं। एकता कपूर ने अनुराग को कहा,



मूर्ख। अनुराग ने पिछले दिनों नेटफ्लिक्स सीईओ की बातों पर कहा था कि उन्हें इंडिया में 'सेक्रेड गेम्स' से नहीं, 'सास बहू सीरियल्स' से नेटफ्लिक्स को शुरुआत करनी चाहिए थी, उनके इस कमेंट को 'सास बहू सीरियल्स' पर एक जोक की तरह देखा गया, जिस पर अब एकता ने भी रिएक्ट किया है। उन्होंने फिल्ममेकर की बातों पर बिना नाम लिए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'तुम कितने मूर्ख हो...। ऐसा कहने से तुम्हें फायदा होगा कि मैं ज्यादा होशियार हूं, लेकिन नहीं।

## पंजाबी यूट्यूबर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा

**पहलगाम हमले पर टिप्पणी का मामला**

**चंड़ीगढ़, जेएनएन।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के मामले में पकड़े गए पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को मोहाली की अदालत ने सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जसबीर सिंह उर्फ जान महल (41), रूपनगर जिले के महलां गांव का रहने वाला है और 'जानमहल वीडियो' नाम से यूट्यूब चैनल चलाता है। उसके चैनल पर 11 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। जसबीर सिंह को 4 जून को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन दिन पुलिस रिमांड पर भेजा गया था। रिमांड अवधि समाप्त होने पर इसे दो दिन और बढ़ाया गया। सोमवार को रिमांड खत्म होने पर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अब उसे 23 जून को दोबारा अदालत में पेश किया जाएगा।

**ज्योति को भी 23 तक न्यायिक हिरासत:** पाकिस्तान में जासूसी के मामले में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत को फिर 23 जून तक बढ़ा दिया गया है। इससे पहले इस मामले में पाकिस्तान के रिटायर्ड पुलिस सब-इंस्पेक्टर नासिर ढिल्लो से उनके कथित संबंधों ने जांच को और पेचीदा कर दिया है।

## हाईकोर्ट पहुंची आरसीबी की गुहार, गलत फंसाया गया

**बेंगलुरु, जेएनएन।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में पुलिस ने आरसीबी के मालिक रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स लि. के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसके खिलाफ आरसीबी ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। आईपीएल में आरसीबी को जीत के बाद 4 जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 75 लोग घायल हो गए। इसके बाद आरसीबी टीम समेत 4 पार्टियों/संगठनों पर एफआईआर दर्ज करवाई गई। मामले में पुलिस ने आरसीबी के मालिक रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स लिमिटेड के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था, जिसके खिलाफ आरसीबी ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। आरसीबी का तर्क है कि उसे इस मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है।

#### किसे ठहराया जिम्मेदार?

आरसीबी की याचिका में कहा गया कि कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने टीम के सम्मान समारोह में लोगों को आमंत्रित किया था। आरसीबी टीम ने सीएम के ट्वीट को सबूत के तौर पर पेश किया है। आरसीएसएल को मैदान के बाहर लोगों की मौत की खबर तब मिली जब स्टेडियम में समारोह शुरू हो चुका था।

**पुलिस का तर्क:** मुकदमा दर्ज होने के बाद इस मामले को सीआईडी को भेज दिया गया है, जो इस मामले की जांच कर रही है। इसके अलावा आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसले को न्यायिक हिरासत में रखा गया है, जबकि हाईकोर्ट ने पुलिस को फिलहाल केएससीए अधिकारियों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से रोक दिया है।

## कर्नल सौफिया पर बयान के बाद एकांत वास से बाहर आए मंत्री शाह

**जागरण, शहडोल।** ऑपरेशन सिंदूर को लीड कर रहीं कर्नल सौफिया पर दिए बयान से छाए विवादों के साये से प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह अब बाहर निकलने लगे हैं। सरकार की कैबिनेट, विभागीय समीक्षा, पार्टी की बैठकों और सार्वजनिक कार्यक्रमों से भी मंत्री शाह ने दूरी बना ली थी। करीब एक माह के एकांत वास के बाद वे सोमवार को जनजातीय कोल महाकुंभ में शहडोल पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ शाह मंच पर भी नजर आए। इस दौरान शाह कर्नल सौफिया से जुड़े विवादित बयान पर कुछ भी बोलने से बचते रहे। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहाकि इस मामले में उन्हें एसआईटी की ओर से कोई नोटिस नहीं मिला है। शहडोल के ब्योहारी में आयोजित इस जनजातीय कोल महाकुंभ के पहले सर्किट हाउस में मंत्री शाह ने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत की। उन्होंने कर्नल सौफिया पर उनके विवादित बयान से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब देने से मना कर दिया। किसी भी तरह की टिप्पणी से इंकार करते हुए उन्होंने कहाकि एसआईटी को वे जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। अभी कोई नोटिस एसआईटी ने नहीं दिया है। बुलाया जाएगा तो एसआईटी के सामने भी जाऊंगा। इस महाकुंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 80 करोड़ रुपए की लागत के 55 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

### बिड़ला संग्रहालय में अभिलेखागार दिवस पर ऐतिहासिक दस्तावेजों की प्रदर्शनी



**जागरण,भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय अभिलेखागार दिवस के उपलक्ष्य में 9 जून को जी. पी. बिड़ला संग्रहालय में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश कुमार गुप्ता ने उच्चतम न्यायालय की दीवार पर बने प्राचीन भित्ति चित्र की प्रति उपलब्ध कराई है, जिसमें एक ओर महात्मा गाँधी दो चरखे के साथ हैं, मध्य में धर्म चक्र है, दूसरी ओर न्याय की देवी है जिसके दाहिने हाथ में धर्मशास्त्र प्रदर्शित है। पुराविद् नारायण व्यास ने ऐतिहासिक पत्रों, रिपोर्टों, नोट्स और चित्रों के माध्यम से शासकों व संस्थाओं की उपलब्धियाँ प्रदर्शित कीं। शशिकांत लिमये ने 250 वर्ष पुराने मराठा युग के दस्तावेजों का प्रदर्शन किया। इसके अलावा अन्य निजी संग्रहों से प्राप्त दुर्लभ अभिलेखों को भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए शाम 5:30 बजे तक देखी जा सकती है।

### डाटा अपडेशन में देरी हुई तो कार्रवाई: देवड़ा

**विसं भोपाल।** वित्त विभाग संभाल रहे उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर यदि डाटा अपडेशन में देरी होती है,तो संबंधित विभाग के डीडीओ जिम्मेदार होंगे। देवड़ा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी कर्मचारियों के डाटा को समय पर अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि डाटा क्लीनिंग एक्सरसाइज एक सतत् प्रक्रिया है, जिससे सेवानिवृत्त होने वाले, प्रतिनियुक्ति पर रहने वाले कर्मचारियों, मृत कर्मचारियों एवं अन्य विभिन्न स्थितियों में अन्य स्थानों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का डाटा अपडेट किया जाता है। प्रदेश के कर्मचारियों का डाटा सत्यापन किया गया है और अभी तक कोई भी कर्मचारी संदिग्ध नहीं पाया गया है देवड़ा ने कहा कि प्रदेश में आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा गठित स्टेट फाइनेंशियल इंटेलिजेंस सेल द्वारा विभिन्न डाटा सेट्स का परीक्षण तथा विश्लेषण निरंतर हो रहा है। प्रदेश में 36 हजार 26 नियमित, 8 हजार 784 गैर नियमित कुल मिलाकर 44 हजार 810 कर्मचारियों का वेतन आहरित नहीं किया गया है।

### बहराइच में चार मजारों पर चला बुलडोजर

**बहराइच, जेएनएन।** उप्र के बहराइच जनपद स्थित कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मूर्तिहा रेंज में वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है। देर रात प्रशासन की टीम ने जंगल के भीतर बनी चार मजारों को अवैध अतिक्रमण बताकर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई में लक्कड़ शाह, चमन शाह, भंवर शाह और शहंशाह नामक मजारों को हटाया गया। लक्कड़ शाह की मजार, जिसे 'बड़ी दरगाह' के रूप में जाना जाता था, मूर्तिहा रेंज के घूमना जंगल क्षेत्र में थी। वन विभाग ने इस अभियान को गोपनीय ढंग से अंजाम दिया। देर रात आधा दर्जन से अधिक बुलडोजरों की मदद से मजारों को गिराया गया।

### गुजरात हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, सुनवाई स्थगित

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट को सोमवार को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें कहा गया था कि हाईकोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसके बाद पुलिस, प्रशासनिक तुरंत हरकत में आ गया। ईमेल मिलते ही डीसीपी सफीन हसन, कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे और हाईकोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उच्च स्तरीय बैठक भी की गई, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तत्काल निर्णय लिए गए। हाईकोर्ट के सभी गेट बंद कर दिए गए, विशेष रूप से गेट नंबर 5 जो कि कर्मचारियों का प्रमुख प्रवेश द्वार है। साथ ही बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड को बुलाकर पूरे कोर्ट परिसर की गहन तलाशी ली गई। दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं। कोर्ट परिसर के अंदर आने-जाने वाले सभी वाहनों की जांच की गई।

**ताकत।** 14,000 फीट की ऊंचाई पर एआई आधारित नेगेव एलएमजी का सफल परीक्षण

## एआई बेस्ड एलएमजी से टारगेट भेदना आसान

**देहरादून, जेएनएन।** भारत ने एक और बड़ा कदम उठाया है। देहरादून की बीएसएस मटेरियल कंपनी ने अपनी नई एआई आधारित ऑटोनॉमस लीथल वेपन सिस्टम, नेगेव एलएमजी का 14000 फीट की ऊंचाई पर कठिन सीमाई इलाकों में सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण भारतीय सेना के साथ मिलकर किया गया। इसका उद्देश्य हथियार की कार्यक्षमता और सटीकता का आकलन करना था। इस हथियार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लगा है, जो दुश्मनों को पहचान सकता है। खुद से फायर कर सकता है। भारतीय सेना और देहरादून की बीएसएस मटेरियल कंपनी ने मिलकर यह परीक्षण किया है। यह तकनीक भविष्य के युद्धों में खासकर सीमा क्षेत्रों में बहुत महत्वपूर्ण हो सकती है, जहां मानव सैनिकों को तैनात करना जोखिम भरा होता है, वहां यह हथियार काम आ सकता है। इस तरह के परीक्षण 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल को मजबूत करने के लिए किए जा रहे हैं। यह परीक्षण भारत की रक्षा प्रौद्योगिकी में एक नया अध्याय जोड़ता है। एआई इनेबल्ड हथियारों से हमारी सेना को ज्यादा मजबूती मिलेगी।



#### नेगेव एनजी 5 की खासियतें

दुनिया की खतरनाक मशीन गन में से एक है, जिसका वजन 7.65 किलोग्राम है, इसमें 5.56×45 एमएम नाटो मैगजीन लगती है। यह गैस ऑपरेटेड रोटेटिंग बोल्ट तकनीक पर काम करती है। यह एक बार में 850 से 1050 राउंड प्रति मिनट की दर से फायर करती है। गोलियां 915 मीटर प्रति सेकंड की गति से दुश्मन की धज्जियां उड़ा सकती है, इस मशीन गन की फायरिंग रेंज 300 से 1000 मीटर होती है। अधिकतम 1200 मीटर तक फायर कर सकती है, इसमें 150 से 200 राउंड की बेल्ट या 35 राउंड की मैगजीन लगाई जा सकती है।

## सैटेलाइट सर्वे, डिजिटल सीमांकन से क्रेशर संचालकों को परेशानी, बंद किया काम

### प्रदेशभर के क्रेशर संचालकों ने कहा- बन रहे अवैध उत्खनन के प्रकरण

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** खदानों के आवंटन से पूर्व, चेन से सर्वे किया जाता था, लेकिन अब सैटेलाइट सर्वे किया जा रहा है। जिससे खदानों की स्थिति में बदलाव हो रहा है। नतीजतन खनिज विभाग अवैध उत्खनन के प्रकरण बना रहा है। इसके साथ ही क्रेशर संचालकों पर जुर्माना भी किया जा रहा है। क्रेशर संचालकों के अनुसार सैटेलाइट सर्वे और डिजिटल सीमांकन से उन्हें समस्याएं हो रही है, जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। सोमवार को यह बात आईएसबीटी स्थित एक होटल में द स्टोन क्रशर ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्रपाल सिंह चावला ने कही। चावला ने बताया कि क्रेशर संचालक नए नियम का पुरजोर विरोध करते हैं। नए नियमों के कारण मध्य प्रदेश के दो हजार स्टोन-क्रेशर संचालकों को परेशानी हो रही है, जिसके चलते क्रेशर संचालक हड़ताल पर जा रहे हैं।

#### एक हजार करोड़ का कारोबार

प्रदेश में सालाना गिट्टी-मुरम का एक हजार करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होता है। प्रदेश में करीब 2 हजार क्रेशर है। सरकार को रोज 2 से 3 करोड़ रुपए की राजस्व हानि हो रही है। हड़ताल से कारोबार से जुड़े 1 लाख से अधिक लोगों पर असर पड़ेगा। वहीं निर्माण कार्यों में अवरोध उत्पन्न होगा, जिससे प्रदेश प्रगति का पहिया थमेगा। गौरतलब है कि इंदौर, भोपाल, धार, देवास, झाबुआ, अलीराजपुर, खंडवा, बुरहानपुर, आगर-मालवा, शाजापुर समेत कई जिलों में एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन के लिए उत्पादन और विक्रय बंद कर दिया है।



# 15 जून को आशुतोष अपर्णा कुण्डेश्वर ट्रस्ट का चुनाव, 25 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

## मृत बताकर सूची से हटाए कुछ मतदाता जिंदा होने की दे रहे गवाही, हुई शिकायत जिंदा व्यक्तियों को मृत दर्शाना कही साजिश तो नही : सत्तार खान



**टीकमगढ।** श्री श्री 108 आशुतोष अपर्णा धर्मसेतु लोक न्यास कुण्डेश्वर का वर्ष 2025 की नामांकन प्रक्रिया जारी है। जिसमें 15 जून को मतदान प्रक्रिया होगी। जिसमें 25 व्यक्तियों ने दावेदारी की है। इसमें कुल 1711 सदस्य मतदान कर दावेदारों का चयन करेंगे। लेकिन इस सदस्य एवं मतदाता सूची से कुछ जीवित लोगों को मृत बताकर नाम हटाऐ गए है। जिसकी समिति के पास शिकायत पहुंच गई है। जिससे सदस्यों ने मतदान प्रक्रिया में हेरफेर करने की शंका जताई है। क्योंकि सूत्रों ने बताया कि ऐसे कई नाम है, जिन्हें मतदाता सूची से मृत बताकर हटा दिया गया है। जिससे चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सकता है। प्राप्त जानकारी अनुसार बताया गया कि ट्रस्ट की मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए किसी भी प्रकार से सर्वे नही किया गया है। उसमें केवल ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारी बैठकर ही डिसाईड करते है कि कौन व्यक्ति मृत है और कौन व्यक्ति जिंदा। अब ऐसे में इन पदाधिकारियों द्वारा जिंदा व्यक्तियों को किए गए मृत में क्या माना जाऐ कि यह लोग अपने विरोधियों को चुनाव में शिकस्त देने के लिए उन्हें मृत तक दर्शा रहे है। क्योंकि मृत किए गए व्यक्तियों में वह लोग शामिल है , जो न तो किसी राजनैतिक व्यक्तियों से जुडे है। वह तो पूर्व से कुण्डेश्वर ट्रस्ट से जुडे हुए है। क्योंकि अगर किसी राजनैतिक व्यक्ति के मतदाता या सदस्य को मृत किया गया होता तो कब का शहर के गलियारों में इस मामले को लेकर तहलका मच गया होता और प्रशासन इस मामले में तत्काल एक्शन लेकर कार्रवाई करता। क्योंकि कम मतदाताओं बाले चुनाव में 15-20 लोग ही निर्णायक भूमिका में होते है। ऐसे में इन जिंदा व्यक्तियों के नाम मृत बताकर हटाना कहीं न कही चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करना दर्शाता है। जिस पर प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेकर मामले में कार्रवाई करना चाहिऐं।

गौरतलब है कि श्री श्री 108 आशुतोष अपर्णा धर्मसेतु लोक न्यास कुण्डेश्वर की चुनावी प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के लिए अभिषेक पस्तोर, वृजकिशोर पटैरिया, गोपाल भागवानी, मनोज कुमार चौबे, नेपाल सिंह यादव (राजू), सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, बरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए हर्ष दीक्षित, रामनारायण नायक (रम्मू), रामपाल वर्मा, उपाध्यक्ष के लिए अरूण कुमार दीक्षित, मनोज कुमार व्यास, पुरूषोत्तम सोनी (एमडी), सचिव पद के लिए गौरव उपाध्याय, नरेश तिवारी, राजेन्द्र कुमार मिश्रा (रज्जन), शैलेष द्विवेदी (हल्के), कोषाध्यक्ष के लिए हर्षवर्धन पाठक, मुकेश व्यास, संतोष कुमार तिवारी (एडवोकेट), सहसचिव के लिए ज्ञान सिंह यादव, रमेश सोनी, रविन्द्र राय (लल्लू), संजय दीक्षित और आंतरिक अंकेक्षक के लिए जमना यादव और पुष्पेन्द्र तिवारी ने दावेदारी पेश की है। जिसमें 15 जून को मतदान की तारीख तय की गई है। जिसके बाद 16 जून को रिजल्ट घोषित किए जाऐंगे। लेकिन ऐसे में 155 लोगों के नाम मृत सूची में दिखाकर मतदाता सूची से काट दिए गऐ है, जिसमें से कई व्यक्ति शहर में जिंदा है और उन्होंने ट्रस्ट के पास लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है। ऐसे में बगैर सर्वे के लोगों को मृत दर्शा कर यह नाम द्वेषवश हटाऐ गए है या फिर जानबूझकर ऐसा किसी विरोधी के द्वारा किया गया है। जिसकी प्रशासन को जांच करनी चाहिऐ। क्योंकि 155 लोगों की मृत सूची में शहर के कई ऐसे लोग शामिल है जो आज अपने जिंदा होने का सबूत दे रहे है। और मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए ट्रस्ट केपास पत्राचार भी कर चुके है।

### इनका कहना है

19 मई 2025 को एसडीएम ने 1709 नामों की सूची जारी की थी, उसके बाद सूची का प्रकाशन किया गया था। तब किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नही कराई गई थी। जिसमें ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा करीब 155 मृत व्यक्तियों के नामों की सूची सौंपी गई है। जिसमें कुछ लोगों की जानकारी आई है कि वह जिंदा है, जिसमें से कुछ लोगों ने शिकायत भी की है। वही एक नाम सूर्यप्रकाश पस्तोर का है जिनकी सदस्यता एसडीएम कार्यालय के आदेश पर सदस्यता समाप्त की गई है। वही उन्होंने बताया कि मृत लोगों की सूची बनाने के लिए किसी भी प्रकार का सर्वे नही किया गया है। केवल ट्रस्ट के कुछ सदस्य आपस में बैठकर चर्चाकर जानकारी करते है और मृत लोगों की सूची बनाते है। इसी के आधार पर यह मृत व्यक्तियों की सूची तैयार की गई थी। जिसमें कुछ व्यक्ति शहर में जिंदा घूम रहे है। जिसमें अब अपने अधिकार क्षेत्र का मामला नही है। प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिऐ थी।

**यज्ञदीप रावत, निर्वाचन अधिकारी, श्री श्री 108 आशुतोष अपर्णा धर्मसेतु लोक न्यास कुण्डेश्वर**

# नगर पालिका परिषद् पन्ना अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण पर नोटिस जारी

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा नगर पालिका परिषद पन्ना क्षेत्र अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण पर तीन व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी 10 जुलाई को पेशी तिथि पर दोपहर 2 बजे पक्ष समर्थन के लिए उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सुरेश कुमार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना के प्रतिवेदन पर ग्राम पन्ना के सर्वे नंबर 403/1/1 रकवा 0.018 हे., सर्वे नंबर 403/2/1 रकवा 0.124 हे., सर्वे नंबर 405/1 रकवा 0.035 हे., सर्वे नंबर 405/2 रकवा 0.175 हे. कुल किता 4 कुल रकवा 0.3520 हे. भूमि पर संयुक्त रूप से निर्धारित प्रावधानों का उल्लघंन कर छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अवैध कॉलोनी के निर्माण पर नोटिस जारी किया है। उक्त कार्रवाई म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-क, 339-ख एवं 339-ग तथा म.प्र. नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों के विपरीत कॉलोनी निर्माण करने पर की गई है।



इस संबंध में जारी नोटिस के माध्यम से कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने, उपरोक्त भूमि तथा संबंधितजन के स्वामित्व की किसी अन्य भूमि को प्रश्नाधीन कॉलोनी में नागरिक अधोसंरचना के विकास कार्य पूर्ण करने के लिए अटैच करने तथा अनधिकृत कॉलोनी निर्माण का अपराध कारित करने पर कारावास व जुर्माना के लिए सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने सहित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने बावत् बिन्दुवार प्रत्युत्तर पेशी तिथि पर स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से अनिवार्य रूप से चाहा गया है। निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई कर प्रकरण में प्रस्ताव अनुसार आगामी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### इन्हें मिला नोटिस

जिला कलेक्टर द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण पर मीना पाण्डेय पत्नी अरविन्द कुमार पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय निवासी रानीगंज मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना, पूनम यादव पत्नी महेन्द्र प्रताप सिंह यादव निवासी वार्ड नं. 14 बेनीसागर मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना तथा सुमन गुप्ता पत्नी मनोज कुमार गुप्ता निवासी वार्ड नं. 11 बेनीसागर मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से ले आउट स्वीकृति व अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं रेरा में पंजीयन कराए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास किए बगैर अवैध कॉलोनी निर्माण करने पर जारी नोटिस के माध्यम से अन्य व्यक्तियों को भी अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में अपनी आपत्ति निर्धारित तिथि के पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत करने के संबंध में सूचित किया गया है। इसके अलावा तहसीलदार पन्ना, सीएमओ एवं उप पंजीयक पन्ना को भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# जिपं सीईओ ने समग्र ई-केवायसी सत्पायन कार्य में लापरवाही पर पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों के विरुद्ध की कार्रवाई

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में हितग्राहियों को आगामी दिवसों में पारदर्शी तरीके से शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए समग्र ई-केवायसी सत्यापन का कार्य संचालित है। इसकी शासन स्तर से निरंतर समीक्षा भी की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा इस संबंध में समस्त ग्राम पंचायतों को शत् प्रतिशत ई-केवायसी सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद कई ग्राम पंचायतों द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। जिले की सबसे कम प्रगति की ग्राम पंचायत सुंगरहा, जनपद पंचायत गुनौर की सचिव सुमन अहिरवार एवं ग्राम पंचायत सिंघौरा जनपद पंचायत गुनौर के सचिव काशी प्रसाद यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इस क्रम में जिले की न्यून प्रगति वाली ग्राम पंचायतों में जनपद पंचायत गुनौर की 15 ग्राम पंचायत विक्रमपुर, सिरी, सिठौली, जसवंतपुरा, पुरैना, द्वारी, बलगहा, बरशोभा, गंज, गौरा, बमुरहा, झरकुआ, बंधौरा, बिलघाड़ी, धरवारा, जनपद पंचायत पन्ना की 12 ग्राम पंचायत गजना, उमरी, धरमपुर, रमखिरिया, झरकुआ, सिरस्वाहा, सकरिया, लुहरहाई, जनवार, बड़ौर, बड़गड़ीखुर्द, मकरी कुठार तथा जनपद पंचायत अजयगढ़ की एक ग्राम पंचायत राजापुर के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को अनुशासनात्मक कार्यवाही संबंधी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाकर स्पष्टीकरण सहित जिला पंचायत में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# खाद्यान्न हितग्राहियों को मिलेगी तीन माह की एकमुश्त राशन सामग्री

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार आगामी मानसून सीजन में संभावित बाढ़ के कारण राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण और वितरण में आने वालीपरिवहन, भंडारण और वितरण में आने वाली समस्याओं के निराकरण तथा पात्र परिवारों को समय सीमा में राशन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी पात्र परिवारों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त की एकमुश्त राशन सामग्री प्रदान की जाएगी। इसके लिए सामग्री के आवंटन, उठाव व वितरण संबंधी निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया द्वारा समस्त एसडीएम से पात्र परिवारों को खाद्यान्न सामग्री वितरण के लिए उचित मूल्य दुकानवार नोडल अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर वितरण सुनिश्चित कराने तथा इसके व्यापक प्रचार प्रसार का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत मासिक आधार पर पात्रता श्रेणी एएवाय एवं पीएचएच को गेहूं एवं चावल की पात्रता 35 किलोग्राम प्रति परिवार एवं 5 किलोग्राम प्रति सदस्य निर्धारित है। इसी तरह एएवाय श्रेणी के पात्र परिवारों को एक किलोग्राम प्रति परिवार शक्कर और एएवाय एवं पीएचएच श्रेणी के पात्र परिवारों को एक किलोग्राम प्रति परिवार नमक का वितरण किया जाता है। अब पीओएस मशीन में तीन माह की राशन सामग्री के माहवार वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पात्र हितग्राही उचित मूल्य दुकान पहुंचकर अपना राशन प्राप्त कर सकेंगे। प्रदाय केन्द्रों पर आवंटन अनुसार खाद्यान्न, शक्कर व नमक की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्ताओं के माध्यम से अतिरिक्त वाहनों से भी दुकानों पर राशन सामग्री का प्रदाय समय सीमा में कराने के निर्देश दिए गए हैं। दुकानों पर राशन सामग्री प्रदाय व वितरण की नियमित मॉनीटरिंग व किसी भी अनियमितता पर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई और तीन माह के एकमुश्त राशन सामग्री वितरण की जानकारी से सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराने के लिए कहा गया है।

# बीएलओ ऑफलाइन मोड में भी ऐप पर कर सकेंगे कार्य

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में वर्तमान में समस्त बीएलओ द्वारा बीएलओ एप के जरिए कार्य संपादित किया जा रहा है। इस एप में बीएलओ से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध हैं। बीएलओ एप दो प्रकार के वर्जन क्रमशः इंटरनेट की परिधि में होने पर तथा इंटरनेट की परिधि से बाहर होने पर कार्य करता है। इस संबंध में अवगत कराया गया है कि एप पर सभी बीएलओ उक्त दोनों परिस्थितियों में कार्य संपादित कर सकते हैं। इंटरनेट न होने पर भी बीएलओ एप कार्य करता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस बावत समस्त बीएलओ से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# पन्ना पुलिस ने अजयगढ़ थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

## अपहृता के परिजनो द्वारा बालिका के सकुशल घर वापस लौटने पर पुलिस टीम को दिया धन्यवाद

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों को अपहृत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। जिस हेतु थाना/ चौकी स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना अजयगढ के अप.क्र. 178/24 धारा 363 ताहि में अपहृत नाबालिक बालिका को अजयगढ पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब किया गया है।

मामले में फरियादी द्वारा थाना अजयगढ में रिपोर्ट की गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति फरियादी की लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अजयगढ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपहरण का अपराध क्रमांक 178/24 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया था।

मामले में थाना प्रभारी निरी. बखत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालिका की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप दिनांक 08.06.25 को मुखबिर सूचना के आधार पर मामले की अपहृता को अजयगढ से दस्तयाब किया गया है ।




उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अजयगढ निरी. बखत सिंह ठाकुर, सउनि जौहर सिंह ,एचसी राठौर , प्र.आर शंकर प्रताप सिंह, आर. भूरी सिंह, महिला आर. प्रतिमा एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

# डाइट में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत हुआ जिला स्तरीय प्रशिक्षण



**पन्ना।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण गत दिवस डाइट में आयोजित किया गया। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी रमाकांत खरे द्वारा साक्षरता कार्यक्रम संचालन के उद्देश्य, लक्ष्य एवं अब तक प्राप्त हुई उपलब्धि के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। प्रशिक्षक शरद श्रीवास्तव एवं जिला सह समन्वयक द्वारा 2011 की जनगणना अनुसार असाक्षरों की लक्ष्य संख्या का शत प्रतिशत चिन्हांकन एवं पंजीयन, सामाजिक चेतना केंद्रों का निर्धारण एवं संचालन, असाक्षरों के लिए अध्ययन केंद्रों का संचालन, अक्षर साथी तैयार करना, आगामी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा अगस्त 2025 की तैयारी के बारे में विस्तृत प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण में विद्यासागर कुररिया शाहनगर द्वारा आईपीसीएल पद्धति अनुसार अध्ययन केंद्रों का संचालन एवं असाक्षरों के सीखने के लिए तैयार की गई अक्षर पोथी पुस्तिका का उपयोग कैसे करें के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। विजय मिश्रा विकासखंड सह समन्वयक पन्ना द्वारा वातावरण निर्माण पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। शिवकुमार पांडे गुनौर द्वारा असाक्षरों को तैयार कर उन्हें मोटिवेट करने की पूरी प्रक्रिया बताई गई। रमेश प्रजापति पवई एवं रामस्वरूप पाल अजयगढ़ द्वारा भी विकासखंड, जन शिक्षा केंद्र एवं शाला स्तर पर प्रशिक्षण प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र तिवारी द्वारा प्रशिक्षण की समस्त व्यवस्थाएं संचालित की गईं। साथ ही निर्धारित तिथियों में प्रशिक्षण संपादित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य रविप्रकाश खरे एवं डीपीसी अजय गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में आए 14 आवेदन



**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 14 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। विभागीय अधिकारियों द्वारा जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## भूतपूर्व सैनिकों के लिए अमानगंज में आउटरीच प्रोग्राम 12 जून को

**पन्ना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कार्यालय छतरपुर द्वारा पन्ना जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों को आगामी 12 जून को सुबह 10:30 बजे से सांई मंडपम अमानगंज में जम्मू कश्मीर राइफल रिकार्ड द्वारा आउटरीच प्रोग्राम आयोजन के बारे में सूचित किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर रामविशाल यादव ने इस अवसर पर सभी भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं, वीर नारियों एवं आश्रितजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# देवसर अस्पताल में आशा को वेतन तीन माह से नही मिला

**जागरण देवसर।** देवसर अस्पताल में आशा की बेतन तीन माह से नही मिला है सुत्रो के अनुसार मिली जॉनकारी देवसर अस्पताल में जबसे राजेश शाह पदस्थ हुये है तब से आशाओ के साथ अभद्र व्यवहार दिखातें है एवं माह मार्च से आज तक बेतन नही दिया गया आशा वेचारी अपने-अपने गॉव में सर्वे करती नजर आ रही है एवं डिलेबरी लेकर अस्पताल पहुचती है लेकिन उसपर भी उनको बेतन नही मिल रहा है। जन चर्चा है कि जबसे राजेश शाह पदस्थ्य हुये है कई आशाओ को बेतन 22-23 में 24000 हजार रुपये कटौती कर लिये गया है एसे ही 23-24 में 18000 अठारह हजार रुपये कटौती किया गया और धमकी देते है कि आशा की नौकरी छोड दो एक तरफराज्य सरकार केन्द्र सरकार महिलाओ के लिए नोकरी एवं महिला शक्ति योजना के तहत प्रेत्साहित करती है दूसरी तरफ ऐसे कर्मचारी आशा को प्रताडित करते है जिला अस्पताल के सीएमओ एवं जिला कलेक्टर से मॉग है कि ऐसे कर्मचारी के उपर जॉच कर कार्यवाही की जॉय ।




# दक्षिण पन्ना वन विभाग की पवई टीम ने अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही

**पन्ना ।** वन परिक्षेत्र पवई में अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए बीट पडरहा में किए गए अतिक्रमण को विफल किया गया। यहां पर अतिक्रमित लगभग 2 हेक्टेयर की वन भूमि से अतिक्रमण विफल कराया गया और फिर से अतिक्रमण ना हो इसके लिए बीज रोपण किया गया। कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक भारती कुमार, वन रक्षक सचेंद्र मोहन और अन्य वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत, समर्पण, और एकाग्रता आवश्यक

# बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 की बालिकाओं के साथ संवाद में बोले मीडिया प्रतिनिधि






**जागरण, विन्ध्यनगर**

लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत एकाग्रता और लगन के साथ समर्पण आवश्यक है तभी किसी निश्चित लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है गुरुजनों एवं माता.पिता द्वारा दिखाए गए पद चिह पर चलते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने से ही व्यक्ति सफलता हासिल कर सकता है देश में कई महिलाएं अपने लक्ष्य का निर्धारण कर आज उस मुकाम को हासिल कर चुकी हैं यह नसीहत आज क्षेत्रीय ज्ञानाअर्जन संस्थान में आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 की बालिकाओं को मीडिया प्रतिनिधियों ने दी । एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 की बच्चियों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें अलग.अलग मीडिया से संबंधित प्रतिनिधियों ने बालिकाओं के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए आगे बढ़ाने में प्रोत्साहित किया इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने बालिकाओं को कई ज्ञानवर्धक बातें बताई जो उनके जीवन को आगे बढ़ाने में सहायक होगी इस अवसर पर विंध्याचल परियोजना के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में जेम की शुरुआत को विन्ध्याचल की गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि यह कार्यक्रम एनटीपीसी के हर परियोजना के लिए एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा एनटीपीसी की असली ब्रांड एम्बेसडर ये बेटियां हैं। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बालिका सशक्तिकरण अभियान ग्रामीण बालिकाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें एक मंच प्रदान करने का बेहतरीन प्रयास है। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि इस वर्ष विंध्याचल परियोजना में 120 बच्चियों को इस कार्यक्रम के तहत एक माह का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बालिकाओं को अलग.अलग विधाओं की जानकारी देते हुए उन्हें उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान किया जा रहा है इससे पूर्व विंध्याचल परियोजना के उप महाप्रबंधक सीएसआर महताब आलम ने बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बतायां कि इस अभियान में इस वर्ष 120 बालिकाओं का चयन कर उन्हें इस अभियान में शामिल किया गया है उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 700 से अधिक बच्चियों को जागरूक कर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा किया जा चुका है कार्यक्रम में विंध्याचल परियोजना के मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा ने आए हुए मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित कार्यकारी निदेशक तथा महाप्रबंधक गणों का स्वागत करते हुए अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि बालिका सशक्तिकरण अभियान विंध्याचल का पायलट प्रोजेक्ट है जो वर्ष 2018 में एनटीपीसी विंध्याचल से प्रारंभ किया गया था और यह प्रोग्राम अब फ्लैगशिप प्रोगाम होते हुए एनटीपीसी के 40 से अधिक परियोजनाओं में संचालित है उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त कर उनकी तीन पीढियां का विकास करना है कार्यक्रम पर संचालन विंध्याचल परियोजना की उप महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती कामना शर्मा ने किया इस अवसर पर संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण डी.के. अग्रवाल महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री अतिन कुंडू महाप्रबंधक परियोजना राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन ए.जे.राजकुमार महाप्रबंधक मेंटीनेंस एवं एडीएम उपस्थित रहे।

## बल सदस्यों के भोजन में श्री अन्न की खपत 30 प्रतिशत से हुई अधिक

### सीआईएसएफके श्री अन्न अभियान की सफलता

**जागरण, सिंगरौली।** सीआईएसएफ में बल सदस्यों के स्वस्थ जीवनशैली के लिए गृह मंत्रालय के श्री अन्न मिशन की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ ने देश भर में तैनात केऔसुब इकाई एनसीएल सिंगरौली सहित सभी 434 इकाइयों और फॉर्मेशन्स में श्री अन्न के उपयोग के लक्ष्यों को पूरा कर लिया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि इन पारंपरिक पौष्टिक अनाजों को न केवल अपने कर्मियों और उनके परिवारों के बीच बल्कि व्यापक नागरिकों के बीच भी बढ़ावा देने की गृह मंत्रालय की पहल के प्रति सीआईएसएफ की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि की यात्रा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2023 को श्अंतरराष्ट्रीय श्री अन्न वष घोषित करने के साथ शुरू हुई जो भारत के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। इसके बाद गृह मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 23.–24 के लिए सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के दैनिक आहार में श्री अन्न को शामिल करने का आदेश 04/05/2023 को दिया जिसमें 24.–25 के लिए जवानों के दैनिक आहार में 30 प्रतिशत श्री अन्न का विशिष्ट लक्ष्य रखा गया। सीआईएसएफकी सफलता का श्रेय सभी इकाइयों के द्वारा किए गए बहुआयामी दृष्टिकोण को जाता है। दैनिक रोल कॉल ब्रीफिंग सैनिक सम्मेलन और अन्य बैठकों के माध्यम सेए जवानों को श्री अन्न के लाभों के बारे में लगातार शिक्षित किया गया। कल्याणकारी गतिविधियों में परिवार के सदस्यों को सक्रिय रूप से शामिल किया जाता है जिससे उन्हें अपने घर के आहार में श्री अन्न को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अब सरकारी आयोजनों में भी श्री अन्न आधारित व्यंजन स्वीकृत व लोकप्रिय हो चुके हैं।

**श्री अन्न सारथी स्वाद और संस्कृति का संगम :** सीआईएसएफद्वारा लॉन्च की गई यह विशेष पुस्तिका श्री अन्न सारथी् व्यंजनों का संग्रह है। इस पुस्तिका में समूचे भारत के विभिन्न श्री अन्न व्यंजनों की जानकारी दी गई है बलों के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया है रसोइयों से फीडबैक शामिल किया गया है और यहाँ तक कि श्री अन्न अपनाने वाले बल के सदस्यों के बीच स्वास्थ्य सुधार की प्रेरक कहानियाँ भी साझा की गई हैं। सीआईएसएफ वेबसाइट पर एक डिजिटल संस्करण आसानी से उपलब्ध है जो व्यापक पहुँच सुनिश्चित करता है। सीआईएसएफके 100 प्रतिशत रसोइयों को स्वादिष्ट श्री अन्न व्यंजन तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया है। बल ने ज्ञान प्रदान करने और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए आहार विशेषज्ञों और डॉक्टरों द्वारा 662 व्याख्यानों के साथ.साथ 1,110 सेमिनार वेबिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया है। सीआईएसएफ इकाइयों ने 335 से अधिक सफल प्रदर्शनियों श्री अन्न मेला् का आयोजन किया है जो जनता और सीआईएसएफ परिवारों को यह व्यावहारिक प्रदर्शन प्रदान करते हैं कि श्री अन्न को अपने आहार में शामिल करना कितना आसान है। इन मेलों ने लोगों को श्री अन्न आधारित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया जिससे किसी भी संदेह को प्रभावी ढंग से दूर किया जा सका और व्यापक रूप से अपनाने को प्रोत्साहित किया जा सका।

## आंगन बाड़ी केंद्र लालमाटी का भवन हुआ जर्जर, हो सकती है अप्रिय घटना

**जागरण, चितरंगी।** महिला बाल विकास परियोजना चितरंगी अंतर्गत आंगन बाड़ी केंद्र लालमाटी का भवन की छत पूरी तरह से जर्जर हो गई है। कब गिर पड़े कोई कहना अतिसंयोक्ति होगा। लालमाटी केंद्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र हैं। इसमे सभी आदिवासियों के बच्चे गभर्वती धात्री किसोरी बालिकाएं हितग्राही के रूप में है। आजआदिवासी ग्रामीण भाइयो ने आंगन बाड़ी केंद्र लालमाटी भवन का मुद्दा उठाया कि हम लोगो के नवनिहाल बच्चे केंद्र में आते है। और केंद्र का भवन की छत जर्जर हो गई है। किसी दिन छत गिर जाय। और बच्चों को चोट आदि लगने से कौन जिम्मेदार होगा। इसलिए महिला बाल विकास अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से मांग हैं कि आंगन बाड़ी भवन नवीन स्वकृत कर निर्माण किया जाय। तब तो आंगन बाड़ी केंद्र में बच्चों को भेजा जाएगा




अन्यथा आंगन बाड़ी केंद्र में हम लोगो के बच्चे नही आएंगे। आंगन बाड़ी केंद्र में बच्चों को टी एच आर के अलावा कुछ नहीं मिलता । गंगा स्व सहायता समूह द्वारा साझा चूल्हा का संचालन किया जाता है। लेकिन कभी भी बच्चों को भोजन नहीं दिया जाता। ग्रीष्मकालीन अवकाश महिला बाल विकास विभाग द्वारा 1 से 15 जून तक घोषित किया गया हैं। जिसकी व्यवस्था प्रशासन द्वारा ईट टू रेडी के तहत समूह द्वारा बच्चों को घर घर भोजन देने का प्रावधान हैं। कभी भी नही दिया गया। महिला बाल विकास के अधिकारियों से मांग है कि जो समूह नवनिहाल बच्चो का हक छीन कर खा रहा है। उसके ऊपर कार्यवाही नही कर रहे हो। सवालिया निशान खड़े करता है।

## प्रतियोगी कार्यक्रमों के विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

### विश्व पर्यावरण सप्ताह समारोह 25 का समापन

**जागरण, बैढ़न।** सासन पावर लिमिटेड मुहेर एण्ड मुहेर अमलोरी कोल माइन्स द्वारा विश्व पर्यावरण सप्ताह समारोह को धूम–धाम तथा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके अन्तर्गत 31 मई से 7 जून तक पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम जैसे प्रभात रैली, स्वच्छता अभियान, वृहद वृक्षा रोपण, जन जागरूकता यात्रा, पम्पप्लेट वितरण, पौधा वितरण, पोस्टर कम्पटिशन, निबंध लेखन आदि आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी विभिन्न कार्यक्रमों में सह संयोजक के रूप में उत्कृष्ट योगदान किया है। पर्यावरण सप्ताह समारोह 25 का समापन समारोह रिलायन्स सासन कोल माइन्स के प्रशासनिक परिसर में मनाया गया। रिलायन्स सासन पावर कोल माइन्स के पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सौरभ अग्निहोत्री, द्वारा विश्व पर्यावरण सप्ताह समारोह में मनाये गये विभिन्न




कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। सचिन मोहापात्रा सीईओ सासन पावर लिमिटेड ने मुख्य अतिथि के रूम में अपना अमूल्य समय देकर, कार्यक्रम को और अधिक ऊर्जावान बना दिया। कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि तथा वरिष्ठ अधिकारीगण विजय कुमार माइन्स मैनेजर, अनुराग भटनागर, हेड इलेक्ट्रिकल, अलोक चतुर्वेदी, प्रमुख मानव संसाधन विभाग आदि के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में कर्मचारियों के बालक–बालिकाओं द्वारा बनाये गये पोस्टर तथा पर्यावरण प्रदूषण की निगरानी में उपयोग किये जाने वाले उपकरणों का अवलोकन किया। वरिष्ठ अधिकारीगणों ने पर्यावरण संरक्षण के लिये कोल माइन्स में किये गये उपाय तथा भविष्य में दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं से निपटने के लिये अपने–अपने सुझावों को प्रस्तुत किया। पर्यावरण सप्ताह समारोह के प्रतियोगी कार्यक्रमों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन विजय कुमार, माइन्स मैनेजर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारी गण का अभार प्रकट कर किया गया।

## सीधी सिंगरौली के सांसद द्वारा फैलाया गया झूठा अफवाह, सार्वजनिक रूप से मांगे माफी : राजेश सोनी



**जागरण, बैढ़न।** सीधी सिंगरौली के सांसद द्वारा फैलाया गया झूठा अफ वाह, सार्वजनिक रूप से माफी मांगे आम आदमी पार्टी सिंगरौली के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनी ने जारी बयान में कहा की सीधी सिंगरौली क्षेत्र के सांसद राजेश मिश्रा एवं मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के द्वारा कर्नाटक रेलवे इंजन ट्रायल को जिस तरह से अपने ट्वीटर हैंडल से वीडियो जारी करते हुए बताया कि ललितपुर सिंगरौली का रेलवे ट्रायल पूरा हुआ जबकि दो दिन बाद ही रेलवे ने बयान जारी करते हुए बताया कि ये ट्रायल कर्नाटक में हुआ था इससे यह साबित होता है कि सीधी सिंगरौली के सांसद कही न कही अन्य राज्यों का काम भी अपने लोकसभा क्षेत्र का बताना चाहते हैं या तो सांसद को लोकसभा क्षेत्र की जमीनी हकीकत मालूम नही है सांसद को इस तरह से जनता को गुमराह करना एवं जनता को गलत अफ्वाह की जानकारी देना लोकसभा क्षेत्र की जनता के भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास है क्षेत्र की जनता को सांसद और डिप्टी सीएम से ऐसी उम्मीद नही थी और जनता को लगा कि लोकसभा क्षेत्र में एक बड़े काम की सफलता मिल चुकी और बाद में पता चलता है कि वीडियो ही अफ्वाह है सीधी सिंगरौली क्षेत्र के सांसद को क्षेत्र की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए और जनता उनको जिन कामों के लिए वोट दे कर विजयी घोषित की है उन कामों पर ध्यान देना चाहिए एवं क्षेत्र की जमीनी हकीकत जो है वही बताना चाहिए ताकि जनता का भरोसा सांसद जैसे पद पर बनी रहे।

## अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में सिंगरौली की बेटी खुशबू ने जीता देश के लिए दो कांस्य पदक

### आगमन पर सिंगरौली रेलवे स्टेशन में हुआ स्वागत

**जागरण, सिंगरौली।** भारतीय टीम के साथ जैसे ही वुशु खिलाड़ी खुशबू साकेत मास्को से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची। दिल्ली एयरपोर्ट में वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ सुहेल अहमद एवं ऑफिशियल टीम ने भव्य रूप से भारतीय खिलाड़ियों का स्वागत किया एवं ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। रशिया के मास्को में आयोजित मास्को स्टार इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप में सिंगरौली की बेटी खुशबू साकेत ने अलग.अलग इवेंट में 2 कांस्य पदक पर कब्जा जमा कर ऐतिहासिक सफलता अर्जित करते हुए अपने देश के नाम दो पदक कर इतिहास रच दिया है। यह गौरव मध्य प्रदेश का ही नहीं पूरे देश का है। विगत दिनों देहरादून में ट्रायल में हिस्सा लेने के बाद उनका चयन रशिया मास्को के लिए हुआ। 31 मई को दिल्ली से रशिया मास्को के लिए उड़ान भरी जहां 1 जून से 7 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए देश के नाम दो कांस्य पदक किया। विदित हो कि खुशबू साकेत ने 2014 से वुशु सीखना प्रारंभ किया था। जिसमें 5 राष्ट्रीय प्रतियोगिता 1 फेडरेशन कप ब्रांच मेडल 3 खेलो इंडिया गेम्स खेल चुकी है। वर्तमान में खुशबू साकेत भारतीय वुशु दल की प्रशिक्षक एवं विश्वामित्र अवार्डी सारिका गुप्ता की विशेष तकनीकी देखरेख में गणेश सिंह विशाल के सानिध्य में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। उपरोक्त



ऐतिहासिक उपलब्धि पर विश्वामित्र अवार्डी सारिका गुप्ता अनामी शरण कुशवाहा समाजसेवी अमित राज शक्ति मौर्य खेल एवं युवा कल्याण विभाग के धीरज डोंगरे राकेश मिश्रा एनसीएल स्पोर्ट्स सेल की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईंदूबाला रमाशंकर प्रसाद गोपालजी श्रीवास्तव भाजपा महिला मोर्चा मंडल सिंगरौली अध्यक्ष नम्रता सिंह एनटीपीसी वीवा क्लब के महासचिव सौरव कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।







**JYOTSANA PUBLIC HR. SEC. SCHOOL**

**NEAR SBI MAIN BRANCH , SIDHI**

**VACANCY IN BULK**

Jyotsana Jan Kalyan Swasthya Samiti Invites application for teachers in leading schools **JYOTSANA PUBLIC SEC. SCHOOL, HADBADO, SIDHI (Affiliated to CBSE New Delhi, Affiliation No. 1030915), JYOTSANA HR. SEC. SCHOOL HADBADO (Affiliated to M.P. board), JYOTSANA PUBLIC HR. SEC. SCHOOL, SIDHI**



| S. N. | Post | No. of Vacancy | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1 | P.G.T. | Physics- 1<br>Chemistry- 1<br>Biology- 1<br>Geography- 1<br>English- 1 | P.G.+ B.Ed. |
| 2 | P.R.T. | 1 | U.G. + D.Ed./B.Ed. |
| 3 | P.T.I. | 1 | B.P.Ed. |
| 4 | Computer | 1 | B.C.A./B.Sc. IT/M.C.A. |
| 5 | Music | 1 | |

**Walk in Interview – 14/06/2025, Time 11 am to 1 pm**

**Address-** Jyotsana Public Higher Secondary School, Near SBI Main Branch Sidhi

**E-mail-** sweta08.singh@gmail.com & jphs.sidhi06@gmail.com

**Contact no. -** 8085587364, 9131944802, 9425352446, 9425823136

# ऑस्ट्रेलिया दूसरी बार डब्ल्यूटीसी चैंपियन बनने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर

**वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल आज से लॉर्ड्स में, मैच दोपहर 3:30 बजे से, प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर**

**जेएनएन, लंदन**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 की खिताबी भिड़ंत का आगाज बुधवार को लॉर्ड्स के मैदान पर हो जाएगा। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया लगातार अपना दूसरा डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगी, जबकि दक्षिण अफ्रीका का यह पहला डब्ल्यूटीसी फाइनल होगा। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार भारत को हराकर यह खिताब अपने नाम किया था। पिछले दो साल में बेहतरीन प्रदर्शन करके डब्ल्यूटीसी फाइनल तक पहुंची दक्षिण अफ्रीका के सामने 'चोकर्स' (दबाव के आगे घुटने टेकने वाले) का ठप्पा हटाने का सुनहरा मौका होगा, लेकिन इसके लिए उसे आईसीसी टूर्नामेंटों की दिग्गज ऑस्ट्रेलिया के किले में सेंध लगानी होगी। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है, जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी-20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था।

## दक्षिण अफ्रीकी टीम में अनुभवी व युवा खिलाड़ियों का मिश्रण

दक्षिण अफ्रीकी टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच के जरिये पिछली विफलताओं को भुलाना चाहेगी। टीम ने डब्ल्यूटीसी के 2023-25 चक्र में सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया। इसमें से ज्यादातर खिलाड़ी सही समय पर रन बनाने वाले या विकेट लेने वाले निकले। टीम लगातार सात टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए तैयार है। उसने पिछले साल दिसंबर में ही इसका टिकट पक्का कर लिया था। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजों के लिए भी रबाडा मुश्किलें खड़ा करेंगे। उन्होंने 10 टेस्ट मैचों में ख्वाजा को पांच बार चलता किया है। रबाडा के नाम 327 टेस्ट विकेट है। उन्हें मार्को यानसेन से बेहतर मदद की उम्मीद होगी। वामहस्त तेज गेंदबाज यानसेन ने डब्ल्यूटीसी चक्र में छह मैचों में 29 विकेट चटकाए हैं। टीम में लुंगी एनगिडी और डेन पैटरसन तेज गेंदबाजी के तीसरे विकल्प होंगे। एनगिडी आईपीएल खेल कर वहां पहुंच है, तो वही पेटरसन ने हाल में काउंटी क्रिकेट खेला है। एडेम मारक्रम और रयान रिकेल्टन दक्षिण अफ्रीका के लिए पारी का आगाज करेंगे, जबकि कप्तान बावुमा चौथे स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे।




## ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे लाबुशेन

फाइनल में उस्मान ख्वाजा के साथ मार्नस लाबुशेन पारी का आगाज करेंगे। डब्ल्यूटीसी चक्र 2023-25 में 28.33 के औसत से रन बनाने के बाद टीम में लाबुशेन की जगह खतरे में थी, लेकिन आस्ट्रेलिया ने जनवरी 2024 में सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के संन्यास के बाद उनका स्थाई विकल्प खोजने में नाकाम रहने के बाद मलाबुशेन को एक और मौका देने का फैसला किया। 19 साल के सैम कोन्सटास को एकादश में शामिल नहीं किया गया है, जबकि फरवरी में श्रीलंका में पारी का आगाज करने वाले ट्रेविस हेड एक बार फिर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। फिटनेस हासिल कर चुके तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को स्कॉट बोलैंड पर तरजीह दी गई है। बोलैंड ने 2023 फाइनल में चोटिल हेजलवुड की जगह ली थी और द ओवल में भारत पर ऑस्ट्रेलिया की 209 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। टीम के 11 में से नौ सदस्य लगातार दूसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलते नजर आएंगे। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी में अनुभव की कोई कमी नहीं है। टीम में ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक शीर्ष 10 विकेट लेने वालों में से चार गेंदबाज शामिल है। इसमें नाथन लियोन (553, तीसरे), मिचेल स्टार्क (382, चौथे), कप्तान पैट कमिंस (294, आठवें) और हेजलवुड (279, 10वें) का नाम हैं। स्मिथ 36 साल के हो गए हैं और उन्होंने मार्च के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। स्मिथ ने हालांकि पिछले पांच टेस्ट मैचों में चार शतक जड़े है और उन्होंने 10,000 रनों का आंकड़ा भी पार कर लिया है। लॉर्ड्स उनका औसत 58 के आसपास का है। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती कैगिसो रबाडा से निपटने की होगी।

### तटस्थ स्थल पर फाइनल

2021 में साउथैंप्टन और 2023 में द ओवल के बाद इस बार फाइनल 11 जून से लॉर्ड्स के एतिहासिक मैदान पर खेला जा रहा है। यह तीसरी बार है जब फाइनल मैच तटस्थ स्थान पर खेला जा रहा है। मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स और जियोस्टार पर होगा।

### पिच और परिस्थितियां

पिछले हफ्ते तक इंग्लैंड में गर्मी की शुरुआत काफी सूखी रही थी। ना तो ऑस्ट्रेलिया और ना ही दक्षिण अफ्रीका को जून की शुरुआत में लॉर्ड्स में खेलने का ज्यादा अनुभव है, और उनके पास परिस्थितियों को लेकर बस अंदाजा लगाने का विकल्प है। फिलहाल पिच काफी सूखी हुई दिख रही है, जिसका मतलब स्पिनरों को मदद मिल सकती है। मौसम का पूर्वानुमान अच्छा लग रहा है।

### फाइनल में गेंद

पिछले दो फाइनल की तरह इस बार भी ड्यूक्स गेंद का ही इस्तेमाल होगा, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से इंग्लैंड, आयरलैंड और वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट के लिए किया जाता है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही देश अपने घरेलू मैदानों में कूकाबुरा गेंद से खेलने के आदी हैं।

### लॉर्ड्स पर रिकॉर्ड

लॉर्ड्स के मैदान पर दोनों टीमों का रिकॉर्ड शानदार रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने सात मैचों में सिर्फ एक हार का सामना किया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया इस मैदान पर पिछले 10 साल में एक भी मैच नहीं गंवाया है।

**दक्षिण अफ्रीका** : टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन, मार्को यान्सन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी।

**ऑस्ट्रेलिया** : उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

## खेल एक नजर

### आईएसएसएफ विश्व कप में इलावेनिल को कांस्य पदक

**म्यूनिख, जेएनएन।** भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 25 साल की भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इलावेनिल ने फाइनल में 10.7 अंक के साथ शुरुआत की और फिर अपने अगले प्रयास में 10.8 अंक जुटाए। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल शुरुआती पांच शॉट के बाद कोरिया की ओलंपिक चैंपियन युनजी से 0.3 अंक पीछे थी। वह 10.8 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंची। इलावेनिल 12 शॉट के बाद 127.2 अंक के साथ शीर्ष पर थीं। इस समय वैंग दूसरे स्थान पर थी। यहां 2018 में हुए विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं इलावेनिल ने 10.7 अंक के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी।



### भारतीय रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में आस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की दस किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दस किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकंड का है, जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने सोशल मीडिया हैंडिल्स पर लिखा, एक मिनट के दंड के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और दंड के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी।



## महज 29 साल की उम्र में निकोलस पूरन ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास




**जेएनएन, पोर्ट आफ स्पेन**

वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने महज 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया। पूरन ने कहा कि उन्होंने काफी सोच विचारकर यह फैसला लिया है। इस पूर्व कप्तान को अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज की रणनीति का अभिन्न अंग माना जा रहा था, लेकिन उन्होंने यूं अचानक संन्यास का ऐलान कर दिया। पूरन ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए आईपीएल का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालिफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।

> काफी सोच समझकर मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने का फैसला किया है। इस खेल ने खुशी, मकसद, न भूलने वाली यादें और वेस्टइंडीज के लोगों की नुमाइंदगी का मौका दिया है। मरून जर्सी पहनकर स्टेडियम में राष्ट्रगीत के लिए खड़े होना और अपना सब कुछ मैदान पर दे देना.. इसके क्या मायने हैं वह शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। टीम की कप्तानी करना मेरा सौभाग्य रहा और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। प्रशंसकों को अपार प्रेम के लिए धन्यवाद। कठिन पलों में आपने मेरा मनोबल बढाया और अच्छे पलों में जश्न में मेरे साथ रहे। अपने परिवार, दोस्तों और साथी खिलाड़ियों को भी धन्यवाद दूंगा जो इस सफर में मेरे साथ रहे। आपके विश्वास और सहयोग ने मेरा सफर आसान किया।
>
> **- निकोलस पूरन**

### निकोलस पूरन क्रिकेट करियर

| फॉर्मेट | मैच | रन | सर्वश्रेष्ठ | 100 | 50 |
|---|---|---|---|---|---|
| वनडे | 61 | 1983 | 118 | 2 | 11 |
| टी-20 | 106 | 2275 | 98 | 0 | 13 |
| आईपीएल | 90 | 2293 | 87 | 0 | 14 |

■ पूरन ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक टी-20 खेलने और इस प्रारुप में वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में संन्यास लिया है। पूरन ने 26.14 की औसत और 136.39 के स्ट्राइक रेट से टी-20 में कुल 2275 रन बनाए, जबकि वनडे में पूरन ने 36.39 की औसत और 99.15 के स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए।

## केंट पहुंचे अर्शदीप, शुरू की प्रैक्टिस

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करेंगे

**जेएनएन, लंदन**




भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट लौटकर खुश हैं, जहां उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेली है और इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले वह पारंपरिक प्रारूप में लय हासिल करने की कोशिश में होंगे। 26 साल के अर्शदीप को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत-ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा कि आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे, तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि आगे हम और बेहतर होते जाएंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने कहा कि गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे, लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फॉर्म में भी है। हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं, तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता।

## नागल 233वें स्थान पर, बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एटीपी सर्किट पर पिछले कुछ अर्से से खराब प्रदर्शन के कारण भारत के सुमित नागल एकल रैंकिंग में 63 पायदान गिरकर 233वें स्थान पर खिसक गए, जो पिछले दो साल में उनकी सबसे खराब रैंकिंग है, जबकि 45 वर्ष के रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर हो गए। पिछली बार 27 वर्ष के नागल जुलाई 2023 में शीर्ष 200 से बाहर हुए थे जब वह 231वीं पायदान पर थे। उसके बाद से वह जुलाई 2024 में करियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग तक पहुंचे। इस सत्र की शुरुआत से वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। वह इस साल जनवरी में रैंकिंग में शीर्ष 100 में थे, लेकिन पिछले पांच महीने में 142 स्थान नीचे आ गए। भारत के ससिकुमार मुकुंद 430वें, करण सिंह 445वें, आर्यन शाह 483वें और देव जाविया 621वें स्थान पर हैं। युगल में युकी भांबरी छह पायदान चढकर 35वें स्थान पर हैं, जबकि बोपन्ना 20 पायदान खिसककर 53वें स्थान पर आ गए हैं।



**एटीपी रैंकिंग**

## भारत 2027 एशियाई कप क्वालिफायर के अहम मैच में हांगकांग से 0-1 से हारा

**कोवलून (हांगकांग), जेएनएन।** भारतीय फुटबॉल टीम को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालिफायर के अहम मैच में स्टीफन परेरा के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मंगलवार को मेजबान हांगकांग के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब भारत के गोलकीपर विशाल कैथ गोल लाइन से बाहर आए और गेंद को सुरक्षित बाहर करने की कोशिश की, लेकिन माइकल उदेबुलुजोर के खिलाफ फाउल कर बैठे। परेरा (90+4) ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर हांगकांग की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने गेंद को कैथ के दाईं ओर से गोल में पहुंचाया। कैथ को इंजरी टाइम के फाउल के लिए पीला कार्ड भी दिखाया गया। इससे पहले भारत के कोच मनोलो मारक्वेज ने अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को शुरुआती एकादश से बाहर रखा। नवनिर्मित काई टेक स्टेडियम में स्थानीय दर्शक मेजबान टीम के समर्थन में बड़ी संख्या में जुटे थे, लेकिन भारत ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। हांगकांग ने हालांकि गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखा।



## रुतुराज यॉर्कशर के लिए काउंटी चैंपियनशिप, वनडे कप मैच खेलेंगे

**लीड्स, जेएनएन।** भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन के पांच मैचों और वनडे कप के लिए यॉर्कशर टीम से जुड़ेंगे। यॉर्कशर को सर्रे के खिलाफ जुलाई में काउंटी मैच खेलना है। गायकवाड़ सत्र के आखिर तक टीम के साथ रहेंगे। क्लब ने वेबसाइट पर यह जानकारी दी। गायकवाड़ इस समय इंग्लैंड दौरे पर भारत-ए टीम का हिस्सा हैं, जिसने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट खेले। अब भारत-ए टीम 13 से 16 जून तक भारतीय सीनियर टीम के खिलाफ बेकेनहम में चार दिवसीय मैच खेलेगी। यॉर्कशर ने वेबसाइट पर लिखा, आईपीएल की चेन्नई सुपर किंग्स और रणजी ट्रॉफी की महाराष्ट्र टीम के कप्तान पुणे के रहने वाले गायकवाड़ छह वनडे और 23 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। इसमें कहा गया, दाहिने हाथ का यह बल्लेबाज शीर्ष चार में कहीं भी उतर सकता है और भारत के लिए पारी का आगाज भी कर चुका है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### भारतीय अंडर-16 बास्केटबॉल टीम आज होगी मालदीव रवाना

**भोपाल, खेप्र।** शहर के ए सुरेश को भारतीय अंडर-16 बास्केटबॉल टीम को कोच नियुक्त किया गया है। यह टीम फीबा अंडर-16 एशिया कप साबा क्वालिफायर्स-2025 में हिस्सा लेगी। यह प्रतियोगिता 12-16 जून तक मालदीव में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीम इंदौर से मालदीव रवाना होगी। भारत अपना पहला मुकाबला 12 जून को बांग्लादेश के विरुद्ध खेलेगा। भारतीय टीम का कैंप बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स, इंदौर में आयोजित किया गया था। ए सुरेश आयुक्त, कोष एवं लेखा, पर्यावास भवन में कार्यरत हैं। भारतीय बास्केटबॉल महासंघ द्वारा सुरेश को कोच बनाए जाने पर अतुल श्रीवास्तव, कुमेल अब्बास, अवतार सिंह, उदयांश यादव, संजय पाटिल, उज्जवल तिर्की, मुजीब उर रहमान, यशवंत कुशवाहा, विजय शर्मा ने बधाई दी।



### लुकमैन और बॉयज के बीच खिताबी मुकाबला



**भोपाल, खेप्र।** लुकमैन और बॉयज एफसी ने बुधवार को भोपाल समर कैंप फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर-15 में अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों के बीच अब खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। टीटी नगर स्टेडियम में खेली जा रही प्रतियोगिता में पहले सेमीफाइनल में बॉयज एफसी ने फीयरलेस फाल्कन को 4-0 से करारी शिकस्त दी। बॉयज एफसी के आतिफ और दाउद ने दो-दो गोल दागे। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में लुकमैन फुटबॉल क्लब ने राजा भोज क्लब को 3-0 से हराया। लुकमैन के स्टार खिलाड़ी आराध्या ने अपनी हैट्रिक के साथ तीन गोल बनाए।

### क्रिकेट : वीर का पंजा, अर्णव के दोहरा प्रदर्शन से जीती एसजीसीए

**भोपाल, खेप्र।** वीर के पांच विकेट और अर्णव भंडारी (1 विकेट व 88 रन) के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत एसजीसीए ने पहले जीएस पठानिया मेमोरियर अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में उड़ान क्रिकेट अकादमी को दो विकेट से शिकस्त दी। बुधवार को अरेरा क्रिकेट अकादमी और आरसीसी की बीच मुकाबला खेला जाएगा। भेल स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल में उड़ान अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट खोकर 195 रन बनाए। अंश यादव ने 74 रन की अर्धतशकीय पारी खेली, जबकि युग ने 43 और प्रखर ने 39 रन का योगदान दिया। एसजीसीए के वीर ने 32 रन देकर 5 विकेट झटके। अनुग्रह और अर्णव भंडारी को एक-एक सफलता मिली। जवाब में एसजीसीए ने 38.3 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिक कर लिया। अर्णव ने 88 रन बनाए। वेदांत ने 19 और नमन ने 16 रन की पारी खेली। उड़ान के अर्णव, कुलदीप, हर्ष ने 2-2 विकेट लिए।



### हॉकी और जिम्नास्टिक समर कैंप में खिलाड़ियों ने सीखे खेल के गुर



**भोपाल, खेप्र।** शहर के एमवीएम खेल मैदान पर आयोजित हॉकी और जिम्नास्टिक समर कैंप का मंगलवार को समापन हुआ। जिला खेल विभाग द्वारा यह कैंप अयोजित किया गया। कैंप का संचालन एनआईएस हॉकी कोच अंजुम खान ने किया। इस शिविर में लगभग 80 बच्चों भाग लिया और अपने कौशल को निखारा। वहीं जिम्नास्टीक का संचालन जायदा बेगम ने किया। जिम्नास्टिक में 40 बच्चों से प्रशिक्षण प्राप्त किया। कैम्प में प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। टैलेंट सर्च में 13 बच्चे फिटर सेंटर में चयन हुआ।

# चोरी का आरोपी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

## न्यायालय ने भेजा जेल, कोलगवां पुलिस ने की कार्यवाही



जागरण सतना

चोरी के एक आरोपी को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह और सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस ने की है।

### ये है विवरण

रोहित सोनी पिता लाल बहादुर सोनी उम्र 28 साल निवासी ग्राम चोरहटा थाना रामपुर बाघेलान हाल निवास डालीबाबा कालीमंदिर के पास टिकुरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 मई की शाम तकरीबन 4 बजे वह अपनी पत्नी व बच्चो के साथ मकान में तला लगाकर चोरहटा चला गया था 6 मई सुबह 10 बजे पंजाबी मोहल्ला निवासी कैलाश सोनी ने फोन पर बताया कि घर का दरवाजा खुला है और घर के अंदर का ताला टूटा हुआ है और सामान भी बिखरा पडा है मैने घर आकर देखा तो एलईडी टीवी 32 इंच हायर कम्पनी का अज्ञात व्यक्ति में घर में घुसकर चुरा ले गया था शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। मुखबीर के सूचना पर पुलिस ने मनोज गोस्वामी पिता छोटे लाल गोस्वामी उम्र 34 साल निवासी वार्ड नम्बर 22 जोशी मोहल्ला सोहावल से पूछताछ की गई तो उसने घटना कारित करना स्वीकार किया और चोरी का सामान सोहावल स्थित अपने घर में छिपाकर रखना बताया। आरोपी के निशान देही पर सामग्री बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपी ने आदर्श नगर हवाई पट्टी के पीछे खंडहर मे शराब बिक्री के लिए अपने साथियों के साथ छिपारखना बताया पुलिस के आने पर अंधेर का फायदा उठाकर वह भाग निकला जबकि साथियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्यवाही में चांदी बनाने का सामान तकरीबन 60 हजार रूपये कीमत का जप्त किया गया है। आरोपी मनोज गोस्वामी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0

## मध्यप्रदेश पहला राज्य, जहाँ नगरीय निकायों को सिंगल पोर्टल पर लाया गया

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केन्द्रीकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना प्रारंभ की है। यह योजना डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी और त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गयी है। यह योजना ई-गवर्नेंस का अनूठा उदाहरण है। ई-नगरपालिका 1.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहाँ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है।

## राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी आज सतना आयेंगी

**सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 11 जून को प्रातः 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी।

## जनसुनवाई में सुनी गई 155 आवेदकों की समस्यायें

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य तथा एसडीएम एलआर जांगडे ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 155 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

# 53 खम्भों की तार काटी मगर ले जाने में नाकाम

## गाड़ी और कटर छोड़कर भागे आरोपी






**जागरण सतना।** बिजली के 53 खम्भो की तार काटकर ले जाने का प्रयास कर रहे आरोपी अपने मनसूबो पर कामयाब नही हो पाये। आखिरकार उन्हे तार से लदी हुई गाडी और कटर छोडकर भागना पड़ा । यह घटना सभापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हलावन गांव की बताई जा रही है। सूत्र बताते है कि बिजली विभाग के जेई और ग्रामीणो की तत्परता के चलते तार काटने वाले आरोपी अपने मंसूबो पर कामयाब नही हो पाये। बताया जाता है कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। ग्रामीणों और कर्मचारियों की हलचल देखकर बदमाश भाग गए। वे एमपी 17 जी 2127 नंबर का वाहन बिजली तार और कटर मौके पर ही छोड़ गए। वाहन में भारी मात्रा में बिजली के तार और कटर मिला है। मौके से 53 खंभों की तार बरामद हुई है। पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं श्रम् ने बताया कि इस क्षेत्र में तार चोरी की घटनाएं पहले भी हुई हैं। दो दिन पहले अमुआ गांव के पास से भी कटी हुई तार बरामद की गई थी। अभी तक अमुआ बिजली केंद्र क्षेत्र में चोरी की तीन घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें से दो बार तार बरामद कर लिए गए हैं।

# मैहर में पीसीसी सड़क और सामुदायिक पार्क का लोकार्पण



## सांसद ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**सतना।** मैहर जनपद की ग्राम पंचायत अमिलिया कला में पीसीसी सडक़ और ग्राम पंचायत जूरा में सामुदायिक पार्क का लोकार्पण सांसद गणेश सिंह ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्रीकांत ने की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोलए जनपद अध्यक्ष आकांक्षा लोधी, उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी, और जनपद सदस्य दीपक सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सांसद गणेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण के लिए ऐसी योजनाएं लागू की हैंए जिनसे कोई भी गरीब परिवार बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा, पिछले 60 वर्षों तक कांग्रेस की सरकार थीए लेकिन गरीबों के लिए पक्के मकान नहीं बने। 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद 11 वर्षों में 4 करोड़ पक्के मकान बनाए गए और जो छूट गए हैं उन्हें भी पक्के मकान दिए जाएंगे।

# डीएसआर पद्धति से धान की सीधी बोवाई की विधि का किया गया प्रदर्शन

## प्राकृतिक खेती एवं गौ मूत्र से बनी कीटनाशक दवाओं का उपयोग ही समय की आवश्यकता



**जागरण सतना।** विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां एवं जिला प्रशासन के सहयोग से मंगलवार को सोहावल विकासखंड के ग्राम पंचायत माँद के श्याम गौशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राम खेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुस्मिता सिंह, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के कृषि विज्ञान केंद्रों के अटारी निदेशक डॉ. एसआरके सिंह उपस्थति रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता, राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख तथा पंडित दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में डीएसआर पद्धति से धान की सीधी बीजाई की विधि का प्रदर्शन अतिथियों एवं किसानों के सामने किया गया। बताया गया कि सतना जिले मे पानी एवं श्रमिकों की कमी को देखते हुए यह पद्धति बहुत ही लाभकारी सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन मे पूरे देश मे विकसित कृषि संकल्प अभियान चल रहा है। इस कार्यक्रम से किसानों को अच्छा लाभ होगा। कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से हमारे क्षेत्र के किसानों के लिए उपयोगी तकनीकी एवं बीजों की जानकारी दी जा रही है। यह बहुत ही फायदे मंद साबित होगी। प्राकृतिक खेती एवं गौ मूत्र से बनी कीटनाशक दवाओ का उपयोग करें और रासायनिक दवाओ का कम उपयोग करें। सांसद ने कहा कि मोटे आनाजो की खेती को भी बढ़ावा देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बहुत सारी लाभकारीं योजनाए संचालित की जा रही है। आयुक्त रीवा संभाग बीएस जामोद ने वर्षा जल संचयन, जल गंगा संवर्धन अभियान पर बताया कि सतना में पानी की कमी को देखते हुए फसलों का उत्पादन करें। साथ ही समूह बनाकर छोटे-छोटे प्रयोग करें और पानी का संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि कीटनाशक दवा का छिड़काव करने के लिए ड्रोन का उपयोग करें जिससे समय और पैसा दोनों बचेगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि यहां की गौशाला का संचालन स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। यह अच्छी पहल है। इससे गौवंश के अपशिस्ट से गोबर की खाद एवं प्राकृतिक खेती के लिए खाद तैयार की जा सकती है। सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने किसानों को खेती के साथ-साथ प्रकृति से प्राप्त संसाधनों, खेत तालाब योजना एवं पुराने तालाबों के संरक्षण के के लिए बताया। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के कृषि विज्ञान केंद्रों के आटारी निदेशक डॉ. एसआरके सिंह ने बताया कि कृषि हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है। हमारे वैज्ञानिक किसानों के घर-घर जाकर उन्हे उन्नत तकनीकी से अवगत करा रहे है। अभी मौसम बहुत ही बदल रहा है इसलिए मौसम अनुकूल खेती के साथ साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है।

# धनंजय शुक्ला का आईआईटी जोधपुर में हुआ चयन



**अमदरा ।** ग्राम घुनवारा निवासी और माँ दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूलए घुनवारा के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि इस विद्यालय के पूर्व छात्र धनंजय शुक्ला का चयन आई आई टी जोधपुर में मैकेनिकल ब्रांच के जूनियर इंजीनियर पद पर हुआ है। धनंजय शुक्ला राम किंकर शुक्ला के नाती एवं संजय शुक्ला संस्थापक एवं संचालक माँ दुर्गा शिक्षा निकेतन के सुपुत्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की और कठिन परिश्रम लगन व अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। गोविन्द मिश्रा कामता सोनी अजय शुक्ला रामनायण त्रिपाठी रमाकांत दुबे ओमप्रकाश त्रिपाठी दिनेश कुमार सोनी संदीप त्रिपाठी और विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें ढेरों शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना । गौरतलब हो की मां दुर्गा शिक्षा निकेतन स्कूल घुनवारा ने हमेशा बेहतर रिजल्ट दिया जिसका नतीजा कई इस विद्यालय के छात्र का चयन अच्छे जगह हुआ है।

# बोलेरो से 117 लीटर अवैध शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**जागरण सतना।** बुलेरो से शराब की अवैध तस्करी का एक मामला पुलिस ने पकड़ा है। उक्त बुलेरो से 117 लीटर अवैध शराब जप्त कर एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। जबकि एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है यह कार्यवाही कोठी पुलिस द्वारा की गई है। थाना प्रभारी गिरजाशंकर बाजपेयी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने झाली क्षेत्र से आ रही सफेद बोलेरो एमपी 19 सीबी 1035 को रोका। वाहन में खाकी रंग के 13 कार्टून में शराब भरी थी। पुलिस ने कल 10 लाख 87 हजार 800 रुपए का माल जब्त किया है। पुलिस ने वाहन चालक दिलीप सिंह उर्फ दिप्पू 37 को गिरफ्तार किया है। वह लोखरिहाए थाना कोठी का रहने वाला है। उसके साथी अतुल शर्मा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। अतुल रनेही, थाना कोठी का निवासी है। गिरफ्तार आरोपी दिलीप को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस फरार आरोपी अतुल शर्मा की तलाश कर रही है।

# पुलिस चौकी रैगांव का थाना में उन्नयन- 48 गांव शामिल

**जागरण सतना।** म.प्र. शासन गृह विभाग के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक सतना एवं संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी के प्रस्ताव पर विचारोपरांत जिला स्तरीय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार पुलिस चौकी रैगांव को थाने के रूप में उन्नयन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार रैगांव थाना क्षेत्र में विभिन्न थाना के अंतर्गत आने वाले 48 राजस्व ग्रामों को वर्तमान थाना रैगांव में शामिल किया गया है। इसमें तहसील रघुराजनगर के 29, कोठी के 13, मझगवां के 4 तथा नागौद के 2 राजस्व ग्राम शामिल है। रैगांव थाना क्षेत्र में सिंहपुर थाना के 39 ग्राम, मझगवां थाने के 4, कोठी थाने के 3 और नागौद के 2 तथा सिविल लाइन थाना क्षेत्र का 1 ग्राम शामिल किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार तहसील रघुराजनगर अंतर्गत ग्राम शिवपुर, भटिगवां, रैगांव, मुडहा, डिलौरा, डिलौरी, कोरगवां, निपनिया, नरेन्द्रपुर, नारायणपुर, मझियार, कल्हाई, कल्हारी, जिरवार, शहपुरा, धौरहरा, बैलिहा (कछियान), श्रीनगर, गरलगी, इटौरा, ओढकी, कूंची, पडरौत, बांधी, रेहुंटा, मसनहां, गडरा, इटमा तथा राजस्व ग्राम धनखेर को शामिल किया गया है। इसी प्रकार तहसील कोठी अंतर्गत ग्राम करसरा, सेमरिया, बराह, पैकोरा, पैकोरी, खडौरा, खडौरी, नौखड-खुर्द, गरलगा, उजरौंधा, मनिकवार, देवरी तथा घडेरूआ, तहसील मझगवां अंतर्गत ग्राम चकर, पटिहर, अठबरही, म्यान तथा तहसील नागौद अंतर्गत ग्राम रजरवारा एवं बचबई को रैगांव थाना में शामिल किया गया है।

## खेरमाई अखाड़ा में श्रद्धांजलि सभा शाम 5 बजे

**सतना।** खेरमाई अखाड़ा के दो वयोवृद्ध पहलवान मदनलाल जैन व सोहनलाल वंशकार का गत दिनों देहावसान हो गया। देवलोक को गए दोनों पहलवानो की आत्म शांति हेतु श्रधान्जली सभा का आयोजन बुधवार 11जून 2025 को शाम 05 बजे से खेरमाई अखाड़ा परिसर में किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए खेरमाई अखाड़ा के वरिष्ठ पहलवान बलराम सेन द्वारा बताया गया कि इस मौके पर दादा धूनी वाले दरबार भोपाल के साधक संत दादाभाई के आशीर्वचनों का पुण्य लाभ भी हम सभी को प्राप्त होगा।






















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com